राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रोमांचक मुकाबले में भारत की सात विकेट से जीत...

आईटेल मोबाइल इंडिया ने ब्रांड, ग्राहक संपर्क बनाने के लिए ऋतिक रोशन... 10

वर्ष : 13 | अंक : 272 | नई दिल्ली, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023 | पौष शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

जनजातीय समूहों को विकास की सर्वाधिक जरूरत : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

लखनऊ, एजेंसी

जनजाति समूहों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुये राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि समाज के इस वर्ग को विकास की सर्वाधिक आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश प्रवास के दूसरे दिन श्रीमती मुर्मू ने राजभवन के गाँधी सभागर में ह्यबुक्साह्य जनजातीय समूह के प्रतिनिधियों को वनाधिकार पट्टा अभिलेख प्रपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की लगभग 25 करोड़ जनता में जनजातीय समूहों को विकास की सर्वाधिक आवश्यकता है। कोई भी समाज पीछे न रह जाये सभी आगे बढें, कोई भी बच्चा अनपढ़ न रहे। राष्ट्रपति ने प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समूहों के विकास के लिये किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जनजातियों के विकास के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने

समारोह में आये ह्यबुक्साह्य जनजातीय समूह के प्रतिभागियों को विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सबके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें। सभी के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। बेटा हो बेटी-सभी पढे। उन्होंने शिक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए छात्रावासों की उपलब्धता और विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान करने की चर्चा की। राष्ट्रपति ने जनजातीय समूहों को नई तकनीक से जोड़ने, सरकार की आवास योजनाओं के तहत आवास प्रदान करवाने, जनजातीय क्षेत्रों के निकट विद्यालयों को बनवाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जनजातीय समूहों के विकास के लिए प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुये उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने गाँवों को गोद लेने का कार्यक्रम चलाकर इस क्षेत्र में विकास के लिए बड़ा कार्य किया है। उन्होने कहा कि मुसहर जनजाति के लोग जंगलों में रहते हैं। उनकी खुद की जमीन न होने से वे प्रधानमंत्री आवास योजना से नहीं जुड़ पाते। उन्होंने समाज के लोगों को नसीहत दी कि सीखना बहुत जरूरी है। बेटा हो या बेटी, दोनों को पढ़ाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, जिंदगी जीने के लिए घर जरूरी है। आपमें से कोई पंचायत मुखिया बन गया, कोई समिति सदस्य, हर क्षेत्र में बच्चियां बढ़ रही हैं।

मौसम

अधिकतम तापमान 22.0°C

न्यूनतम तापमान 08.0°C

बाजार

सोना	55,00
चांदी	54,300
सेंसेक्स	53,306
निफ्टी	21,503

बेंगलुरु का आसमान नए भारत की सैन्य शक्ति का गवाह : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- हमने अब तक के रिकॉर्ड 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा के एक्सपोर्ट को पार किया
- एयरो इंडिया सिर्फ अब एक शो नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन भी
- पीएम नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 पर स्मारक डाक टिकट जारी किया
- 'इंडिया पवेलियन' रक्षा क्षेत्र में भारत के विकास और स्वदेशी क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के उद्घाटन दिवस पर कहा कि बेंगलुरु का आसमान नए भारत की सैन्य शक्ति का गवाह बन रहा है। बेंगलुरु का आसमान इस बात की गवाही दे रहा है कि नई ऊंचाइयां नए भारत की सच्चाई है। आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उनसे आगे निकल भी रहा है। एक समय था जब इसे सिर्फ एक शो माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'इंडिया पवेलियन' का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग 100 देशों की उपस्थिति दशार्ती है कि दुनिया का भारत पर भरोसा कई गुना बढ़ गया है। इस प्रदर्शनी में भारत और दुनिया के 700 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। एयरो इंडिया एक नए भारत के नए दृष्टिकोण को दशार्ता है। एक समय था जब इसे सिर्फ एक शो माना जाता था। पिछले कुछ वर्षों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ शो नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन भी है। यह भारतीय रक्षा उद्योग के दायरे और हमारे आत्मविश्वास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। हम रिफॉर्म्स के रास्ते पर हर सेक्टर में क्रांति ला रहे हैं। जो देश दशकों से सबसे बड़ा डिफेंस इंपोर्टर था, वो अब दुनिया के 75 देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से देश के रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अपने तकनीकी कौशल का उपयोग करने की भी अपील की। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करें, इसका उपयोग देश के रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने और नए नवाचारों को खोलने के लिए करें। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक रक्षा बाजार के रूप में ही नहीं बल्कि एक संभावित रक्षा भागीदार के रूप में भी देखती है।

एशिया की सबसे बड़ी हथियार प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (सोमवार) बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयरो शो 'एयरो इंडिया' के 14वें संस्करण का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी एयरोस्पेस और रक्षा क्षमताओं में भारत की वृद्धि को प्रदर्शित करके मजबूत और आत्मनिर्भर 'नए भारत' का प्रदर्शन करेगी। 'इंडिया पवेलियन' भविष्य की संभावनाओं सहित रक्षा क्षेत्र में भारत के विकास को प्रदर्शित करेगा। इसमें एमएसएमई और स्टार्ट-अप सहित 809 रक्षा कंपनियां एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में अपना प्रदर्शन करेंगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'एयरो इंडिया' देश की विनिर्माण क्षमता और प्रधानमंत्री की कल्पना के अनुसार 'आत्मनिर्भर भारत' को साकार करने की दिशा में हुई प्रगति को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एयरोस्पेस और विमानन क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि इसमें 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के अनुरूप स्वदेशी उपकरणों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने एवं विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि एयरो इंडिया 2023 देश के समग्र विकास के साथ-साथ रक्षा में 'आत्मनिर्भरता' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक जीवंत और विश्व स्तरीय घरेलू रक्षा उद्योग बनाने के सरकार के प्रयासों को एक नया बल प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस मौके पर विभिन्न देशों के रक्षा मंत्री, रक्षा राज्यमंत्री, रक्षा कर्मचारियों के प्रमुख और रक्षा सचिव के स्तर पर कई द्विपक्षीय बैठकें होंगी। साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नए रास्ते तलाश कर मित्र देशों के साथ रक्षा और एयरोस्पेस संबंधों को मजबूत करने पर फोकस होगा। वायसेना प्रमुख ने गुरुकुल फॉर्मेशन में उड़ान भरीः उद्घाटन से पहले प्रदर्शनी स्थल पर फ्लाईपास्ट हुआ, जिसमें वायुसेना के विमानों ने अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरी। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने फ्लाईपास्ट के दौरान गुरुकुल फॉर्मेशन का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयरो इंडिया 2023 पर स्मारक डाक टिकट जारी किया। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु का आसमान न्यू इंडिया के सामर्थ्य का गवाह बन रहा है।

राहुल गांधी ने वायनाड संसदीय क्षेत्र का दौरा शुरू किया, आदिवासी परिवार से की मुलाकात

वायनाड (केरल), एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं वायनाड से सांसद राहुल गांधी सोमवार को उस आदिवासी व्यक्ति के घर गए जो हाल में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के पास मृत पाया गया था। विश्वनाथन (46) गत 11 फरवरी को कोझिकोड में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास फंदे से लटका मिला था, जहां उसकी पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। गांधी रविवार रात कोझिकोड पहुंचे और आज सुबह पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में विश्वनाथन के घर गए। लोकसभा में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले गांधी ने परिवार के साथ कुछ समय बिताया, उनकी व्यथा और शिकायतें सुनीं तथा उन्हें सांत्वना दी। कोझिकोड मेडिकल कॉलेज पुलिस ने कहा है कि उसने एक मामला पहले ही दर्ज कर लिया था जब रिश्तेदारों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उक्त व्यक्ति अस्पताल से लापता है। हालांकि, बाद में 11 फरवरी को विश्वनाथन फंदे से लटका पाया गया।

जी20 समिट का हुआ शुभारंभ, सीएम योगी बोले- डिजिटल तकनीक आज की सबसे बड़ी जरूरत

लखनऊ, एजेंसी। यूपी की राजधानी लखनऊ में जी-20 समिट का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुछ देर पहले किया। सीएम योगी ने इस बैठक में शामिल जी-20 देशों के प्रतिनिधियों के साथ ही केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव, महेन्द्रनाथ पांडेय का स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल तकनीक आज की सबसे बड़ी जरूरत है और उत्तर प्रदेश में इसका इस्तेमाल कर हमारी सरकार ने कई बड़े अच्छे नतीजों को हासिल किया है। सीएम योगी ने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश में बड़ा वर्क फोर्स है, और सभी को रोजगार देने के लिए सरकार तकनीक का इस्तेमाल कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा दे रही है। सीएम ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा जल संसाधन हो या कृषि उत्पादन क्षेत्र,उत्तर प्रदेश इसमें टॉप पर है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के 80 हजार राशन दुकानों पर डिजिटल तकनीक के जरिये ई-पास मशीन का इस्तेमाल शुरू किया। इसके नतीजे में जिन लोगों को शिकायत थी कि उन्हें राशन नहीं मिलता है वो तो दूर हुई ही, साथ ही 1500 करोड़ लोगों को समुचित राशन वितरण करने में सरकार को 1200 करोड़ रुपये की सालाना बचत भी हुई।

संक्षिप्त खबरें

भरोसे के लिये लोगों को सुनना जरूरी, अधिकारों को बुलडोजर के नीचे कुचलना नहीं : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शांति और विश्वास के लिए आम लोगों की बात सुनना जरूरी है न कि ह्लबुलडोजर के नीचे उनके अधिकारों को कुचलनाह्व। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस अभियान के खिलाफ अपनी चिंता व्यक्त की है और इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की है। राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी के सभी उपायुक्तों को सात जनवरी से जम्मू-कश्मीर में सरकारी जमीन से 100 प्रतिशत अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करने के निर्देश के बाद अब तक जम्मू-कश्मीर में 10 लाख कनाल (एक कनाल = 605 वर्ग गज) से अधिक भूमि को पुनः कब्जे में लिया जा चुका है।

फिजी और ऑस्ट्रेलिया जायेंगे एस जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने फिजी जायेंगे। साथ ही वे ऑस्ट्रलिया का भी दौरा करेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने फिजी जाएंगे। हिन्दी सम्मेलन भारत और फिजी सरकार मिलकर 15-17 फरवरी को नादी, फिजी में आयोजित कर रहे हैं। जयशंकर पहली बार फिजी की यात्रा कर रहे हैं। विदेश मंत्री 18 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के शहर सिडनी जायेंगे। सिडनी में वे ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। फरवरी 2022 के बाद से ऑस्ट्रेलिया की यह उनकी तीसरी यात्रा होगी। विदेश मंत्री पहली बार ऑस्ट्रेलिया में होने वाले रायसीना @ सिडनी सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

राहुल गांधी आरोप सत्यापित करें नहीं तो होगी कार्रवाई : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। लोक सभा सचिवालय द्वारा विशेषाधिकार हनन के मामले में राहुल गांधी को भेजे गए नोटिस पर की जा रही आलोचना पर पलटवार करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि इस बार अनाप-शनाप और बेबुनियाद आरोप लगाने के मामले पर राहुल गांधी पर कार्रवाई जरूर होगी। संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए जोशी ने कहा कि राहुल गांधी अनाप-शनाप और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं और उन आरोपों को सत्यापित (साबित) भी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब देश की जनता के प्रति जवाबदेह हैं। विशेषाधिकार हनन के मामले में काईवाई को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार कार्रवाई होगी।

सीएम चौहान से मे. अरविंद लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने की भेंट

- 150 करोड़ लागत से आधुनिक गारमेंट निर्यात इकाई स्थापित करने संबंधी की चर्चा

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से वस्त्र उद्योग के वैश्विक ब्रांड मेसर्स अरविंद लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुनीतलाल भाई, अध्यक्ष एवं सीईओ आशीष कुमार ने निवास कार्यालय में भेंट की। अरविंद कुमार ने प्रदेश में लगभग 150 करोड़ रुपए के निवेश से आधुनिक गारमेंट निर्यात इकाई स्थापित करने संबंधी चर्चा की। उन्होंने बताया कि परियोजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 2500 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। प्रमुख सचिव औद्यागिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मनीष सिंह,

अरविंद लिमिटेड के हेड कॉर्पोरेट अफेयर्स अंकुर त्रिवेदी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मेसर्स अरविंद लिमिटेड 100 मिलियन मीटर से अधिक डेनिम, 250 मिलियन मीटर से अधिक बुने कपड़ों, विभिन्न वैश्विक कम्पनियों के वर्षवार 74 मिलियन से अधिक वस्त्रों का उत्पादन करते हैं।

न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने ली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय में स्वीकृत कुल 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार को शीर्ष अदालत परिसर में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 10 फरवरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और गुजरात उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को

शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी थी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने उसी दिन दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की थीं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने 31 जनवरी 2023 को न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की भी सिफारिश की थी। शीर्ष अदालत में इससे पहले गत 06 फरवरी को पांच न्यायाधीशों ने शपथ ली थी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति पी. वी. संजय कुमार, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा को न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई थी।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट सदस्यों को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना चाहिए, लेकिन नारेबाजी कर रहे सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ....

विपक्ष के हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही 13 मार्च तक स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्य सभा में कांग्रेस सदस्य रजनी पाटिल के निलंबन और अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर चल रहे विपक्ष के भारी हंगामे के बीच सोमवार को सदन की कार्यवाही 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही राज्य सभा में बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रश्नकाल के शुरू होने के साथ ही सदन के स्थगित करने की घोषणा की। पहले उन्होंने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग की और रजनी पाटिल के निलंबन का मुद्दा उठाया। सभापति ने कहा कि सदन चलाने में विपक्ष सहयोग नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि सदस्यों को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना चाहिए, लेकिन नारेबाजी कर रहे सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की शुरूआत में ही सदन की कार्यवाही 13 मार्च तक स्थगित करने की घोषणा कर दी। इससे पहले भी शून्य काल के दौरान श्रीमती पाटिल का निलंबन रद्द करने और हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अधिकतर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के कारण राज्य सभा की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। पूर्वाह्न सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि आज दो सदस्यों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिया है जिसमें एक नोटिस आम आदमी पार्टी के संजय सिंह का और दूसरा संतोष कुमार पी का है। उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुये कहा कि श्री संजय सिंह सिर्फ तारीख बदलकर एक ही नोटिस को सात बार दे चुके हैं, जो बहुत ही गंभीर है। उन्होंने कहा कि एक ही मुद्दे पर बार-बार नोटिस देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो दो नोटिस मिले हैं वे प्रावधानों के अनुरुप नहीं है और स्वीकार नहीं किये जा रहे हैं।

शून्यकाल शुरू करते हुये उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दलों के कुछ सदस्यों के नाम पुकारे लेकिन हंगामे का हवाला देकर वे नहीं बोले। सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने हालांकि अपने मुद्दे उठाये। इसी दौरान जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुछ बोलना चाहा तो श्री धनखड़ ने कहा कि जिन शब्दों को कार्यवाही से हटाया गया है, उसी का उल्लेख किया जाना उचित नहीं है। कांग्रेस सदस्यों के बार-बार कहने पर सभापति ने श्री खड़गे को अपनी बात रखने के लिए कहा। इस पर श्री खड़गे फिर से उन्हीं शब्दों को लेकर बोलने लगे। उन्होंने श्रीमती पाटिल को निलंबित किये जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार के दबाव में ऐसा किया गया है। इसी बीच सभापति ने उन्हें रोकते हुये कहा कि आप बार-बार सदन में और सदन के बाहर यही कहते हैं। उन्होंने कहा, मैं किसी के दबाव में काम नहीं कर रहा हूं बल्कि मैं नियम के अनुसार और संविधान तथा देशवासियों के हित में काम करता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार के दबाव में शब्द को कार्यवाही से हटाया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने सत्तापक्ष के सदस्य को शून्यकाल पर बोलने के लिए पुकारा तभी कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी करने लगे। सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस पर कहा कि इस तरह का व्यवहार कब तक चलेगा।

सभापति के अपमान के लिए माफी मांगे विपक्ष : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एवं राज्य सभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्षी दलों पर राज्य सभा के सभापति का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की है। संसद के बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन, सोमवार को भी विपक्षी दलों के हंगामे के कारण राज्य सभा की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पाई। सभापति जगदीप धनखड़ लगातार विपक्षी सांसदों को समझाने और सदन की कार्यवाही को चलाने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन हंगामा लगातार जारी रहने पर उन्होंने राज्य सभा की कार्यवाही को 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्य सभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद मीडिया से बात करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। सभापति के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विपक्ष ने आज एक बार फिर राज्य सभा की कार्यवाही चलने नहीं दी।

राज्यसभा में मंत्री की अनुपस्थिति से सभापति धनखड़ नाराज

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही से अनुपस्थित रहे। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। ने कार्यवाही की। पटेल केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री हैं। राज्य सभा बुलेटिन में कहा गया है, प्रहलाद सिंह पटेल एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे। लेकिन जब चेयर द्वारा उनका नाम पुकारा गया, तो वे सदन में नहीं थे। सभापति ने कहा कि कार्यवाही के लिए संबंधित मंत्री को सदन में उपस्थित होना होगा। इससे पहले, सभापति ने आप सांसद संजय सिंह द्वारा पेश किए गए व्यापार नोटिस के निलंबन को खारिज कर दिया। इस पर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी की। विपक्ष के 14 प्रतिनिधियों ने सोमवार को संसद में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में मुलाकात की और इस मुद्दे को उठाने का फैसला किया।

उत्तराखंड युवा एकता मंच ने किया छात्र असहयोग आंदोलन का ऐलान

प्रात : किरण, संवाददाता

हल्द्वानी। उत्तराखंड युवा एकता मंच द्वारा उत्तराखंड में हो रहे भर्ती घोटाले वह देहरादून में हुए लाठीचार्ज वह छात्रों की गिरफ्तारी के साथ-साथ विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के छठे दिन युवाओं ने इस आंदोलन को छात्र असहयोग आंदोलन में बदलने का ऐलान किया साथ ही छात्रों से यह आवाहन किया कि अब वक्त आ चुका है कि अपनी-अपनी लाइब्रेरी छोड़कर सभी लोग बाहर निकले । अपने अपने घरों से बाहर निकले वह इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सभी लोग एक सुर में बुद्ध पार्क पहुंचे जहां अपनी अपनी किताबें साथ लाएं व बुद्ध पार्क में एकत्रित होकर विभिन्न विषयों पर चर्चा करें । इस दौरान युवाओं ने एकत्रित होकर कई क्रांतिकारी गीत गए जैसे लड़ना है भाई यह तो लंबी लड़ाई है। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पंकज कुमार ने विभिन्न विषयों पर गहनता से चर्चा भी शुरू कि वह छात्रों से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बुद्ध पार्क में अपनी-अपनी किताबों के साथ आएं क्योकि प्रतियोगी परीक्षा का एक विभिन्न अंग ग्रुप स्टडी भी है। सभी प्रदेश में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों से आवाहन किया गया कि इस अनोखे वेद विरोध प्रदर्शन के भागी बने व बुद्ध पार्क में संयुक्त रूप में पढ़ाई कर सरकार को अपना विरोध व्यक्त करें।इस दौरान उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक राहुल पंत, गौरव जसवाल बजेला,पीयूष जोशी,बबलू जय,ममता आर्य,भरत नेगी,राकेश पांडेय,जीतू पांडेय,पीयूष जोशी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

अब वक्त आ चुका है कि छात्रों को अपनी लड़ाई के लिए आगे आना पड़ेगा। कल ही नकल विरोधी कानून में पहला मुकदमा दर्ज हुआ मगर दुख का विषय था कि वो मुकदमा छात्र के ऊपर दर्ज हुआ जो अपनी आशंका जता रहा था।

सरकार को यह तय करना होगा कि सरकार नकलचीयो के विरुद्ध है या नकल होने का संदेश व्यक्त करने वाले लोगों के विरुद्ध ।

गौरव जसवाल बजेला, संयोजक, उत्तराखंड युवा एकता मंच

हम आवाहन कर रहे हैं सभी छात्रों का की कल से बुद्ध पार्क आये अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब बुद्ध पार्क में बैठकर शुरू करें ।

लाइब्रेरी के अंदर बैठकर पढ़ाई करने से नौकरी नहीं मिलेगी ।

क्योंकि नौकरी पर कौन बैठेगा यह बात पेपर लीक गैंग पहले ही तय कर दी जाती है ।भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच हो वह भाई बाबी पवार की जल्द रिहाई हो।

- पीयूष जोशी, संयोजक, उत्तराखंड युवा एकता मंच

उत्तराखंड में पेपर लीक गैंग व भ्रष्टाचार के विरुद्ध व निर्णायक लड़ाई साबित होने जा रही है सभी युवाओं से निवेदन कि अधिक से अधिक संख्या में इस निर्णायक आंदोलन के भागी बने । बड़ा दुख का विषय है कि जहां एक ओर गढ़वाल व देहरादून से भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़कों पर हैं वही कुमाऊं का युवा आज भी सोया हुआ है व लाइब्रेरी के अंदर बैठकर यह समझ रहा है कि नौकरी प्राप्त हो जाएगी । भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसने हेतु आज हम सब को एकत्रित होना बहुत आवश्यक है ।

-राहुल पन्त, संयोजक, उत्तराखंड युवा एकता मंच

बीए-बीएससी की एनइपी की पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग को लेकर छात्रों ने दिया धरना

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज में आज सोमवार को छात्र का एक दल बीए-बीएससी की एनइपी की पुस्तकें शीघ्र उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरने पर बैठ गया। छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री हर बार कोरे आश्वासन देकर चले जाते हैं और उनकी घोषणाएं हैं कि कभी पूरी नहीं होतीं। कई बार इस बात को लेकर ज्ञापन दिया जा चुका है, मगर न तो सरकार के कान में जूं रेंगती है और न ही महाविद्यालय प्रशासन ही इस बात का संज्ञान ले रहा है। परिसर धरने पर बैठे छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय के शौचालय बदहाल पड़े हैं पर कोई सुधलेवा नहीं। कॉलेज परिसर में सफाई कर्मचारी नहीं हैं, पार्किंग की व्यवस्था नहीं हैं वहीं कॉलेज के चारों ओर गंदगी पसरी है पर कोई सुधलेवा नहीं...छात्रों ने दो टूक कहा कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं सुनी गईं तो वे अनिश्चित कालीन धरना देने पर बाध्य होंगे।

संक्षिप्त खबरें

श्रमिक की मालगाड़ी से कटकर मौत

बाजपुर ।सुबह एक युवक की रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी से कटकर मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया। ग्राम लखनपुर में ईंट भट्टे पर कार्य करना वाला श्रमिक देव सिंह 40 वर्षीय निवासी शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश का सुबह सोच के लिए गया था मालगाड़ी की चपेट में आने से कट कर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हुई। सूचना मिलने पर श्रमिकों ने उसकी शिनाख्त करते हुए पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया है ।उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है परिजन मौके पर पहुंच गए हैं पोस्टमार्टम के बाद सब को परिजनों के सुपुर्दगी में दिया जाएगा।

नकल विरोधी कानून स्वागत योग्य: भगत

कालाढूंगी। प्रदेश में कठोर नकल विरोधी कानून का स्वागत करते हुए विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस फैसले से सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली परीक्षा में किसी भी तरह गड़बड़ी पर नकेल कस सकेगी। कालाढूंगी में इस कानून के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया गया और मिष्ठान भी वितरण किया गया। इस दौरान विकास भगत ने कालाढूंगी मंडल के विस्तार में सभी पदाधिकारियों को बधाई भी दी। भगत ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी युवाओं के हितेषी मुख्यमंत्री हैं। इस कानून में नकल माफिया पर 10 करोड़ का जुमार्ना, उम्र कैद की कठोर सजा और नकल में लिप्त पाये जाने पर अभ्यार्थी को 10 साल की कठोर सजा और 10 लाख रू जुमार्ने का प्रस्ताव भी है। अब पेपर लीक करना या करवाना एक गैर जमानती अपराध माना जाएगा। अभियुक्ति की संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी। विकास भगत ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति कर युवाओं को गुमराह करने का काम कर रही है। जबकि मुख्यमंत्री धामी ने युवाओं के हित में यह बहुत बड़ा व सराहनीय काम किया है।

राजस्व वसूली के लक्ष्य समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें- जिलाधिकारी

कासगंजः जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि राजस्व वसूली के मासिक एवं क्रमिक लक्ष्य अनिवार्य रूप से समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। स्टाम्प एवं निबंधन शुल्क में राजस्व वसूली कम है, इसे बढ़ाया जाये। समस्त आरसी को अद्यतन कर राजस्व वसूली का लक्ष्य पूर्ण करें। मण्डी परिसर में रिक्त दुकानों के आवंटन की कार्यवाही शीघ्र करें। निर्माण कार्यों से एक प्रतिशत सेस की धनराशि अवश्य जमा कराई जाये। बैठक में बताया गया कि परिवहन विभाग द्वारा 68 प्रतिशत की राजस्व वसूली हो चुकी है। विद्युत विभाग का 225 करोड़ का लक्ष्य है।

वन निगम डीपो के पास बनें स्पीड ब्रेकर, कालाढूंगी में कई जगह होते रहते हैं हादसे

- प्रशासन एवं लोनिवि को खबर नहीं, वन निगम डिपो

प्रात : किरण, संवाददाता

कालाढूंगी। कालाढूंगी में बढ़ते ट्रैफिक के साथ ही सड़क हादसे भी बढ़ते जा रहे हैं, मगर कालाढूंगी नगर क्षेत्र में कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं हैं। यहां कई स्थान ऐसे हैं जहां स्पीड ब्रेकर की सख्त जरूरत है। मुख्य हाइवे पर पुख्ता स्पीड ब्रेकर की समाप्ति के बाद घटनाओं को देखते हुए रेम्बो स्पीड ब्रेकर बनाये जाने की बार बार मांग तो हो रही है मगर लोनोवि सहित प्रशासन भी मुकदर्शक बना हुआ है। लगता है लोनिवि तथा प्रशासन को हादसे देखते रहने की आदत पड़ गई है। इतनी लापरवाही कि कालाढूंगी नगर क्षेत्र में हाइवे पर एक भी स्थान पर स्पीड ब्रेकर न होने से प्रतिदिन छुटपुट हादसे होना आम बात हो गयी है, तो कई लोग हादसों में अपनी जान गवां चुके हैं। जिस कारण लोगों में लोनिवि एवं प्रशासन के प्रति आक्रोश पनप रहा है। इतना ही नहीं तहसील दिवस सहित डीएम दरबार में जनता द्वारा कई बार लोनिवि अधिकारियों से रेम्बो स्पीड ब्रेकर बनवाये जाने की मांग की गयी और यह मांग करते करते वर्षों बीत गए लेकिन कालाढूंगी नगर क्षेत्र में रेम्बो स्पीड ब्रेकर बनवाये जाने के प्रति विभाग लापरवाह बना हुआ है। अब प्रतिदिन ट्रैफिक बढ़ रहा है और स्पीड ब्रेकर की अति आवश्यकता है शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर नही बनवाये गए तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कालाढूंगी, हल्द्वानी मुख्य हाइवे में वन निगम डीपो के पास, नगर में यूनिवर्सल स्कूल पेट्रोल पंप के पास, नैनीताल तिराहे पर, सरस्वती शिशु मंदिर विद्या मंदिर स्कूल के पास, द स्कॉलर एकेडमी स्कूल के पास, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और मंदिर मस्जिद तिराहे पर, बाजार तिराहा सहित मुख्य बस स्टैंड तिराहा, तहसील व थाने के सामने रेम्बो स्पीड ब्रेकर की अति आवश्यकता बनी हुई है। बार बार मांग के बावजूद भी स्पीड ब्रेकर न बनने पर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। राज्य आंदोलनकारी विनय जोशी, विनोद पांडे, व्यापार मंडल अध्यक्ष मयंक मेहरा, वकील अहमद, दीवान सिंह बिष्ट, संजय बुधलाकोटी, सलमान वारसी, विनोद गोयल, ताहिर कादरी, मुराद अंसारी, राजेंद्र सिंह नेगी, गोधन सैनी, सईद अहमद, राजकुमार पांडे, मोहन सिराड़ी, बिशन बगड़वाल आदि ने लोनिवि एवं प्रशासन से शीघ्र ही रेम्बो स्पीड ब्रेकर बनाये जाने की मांग की है।

वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले विधायक ने अधिकारियों किसे पेज दिया निर्देश

हल्द्वानी। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने अपने आवास पर अधिकारियों के साथ अपने क्षेत्र की योजनाओं पर समीक्षा बैठक की, जहां सड़क, बिजली, पानी तथा अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें कालाढूंगी क्षेत्र में सड़कें, विद्युत पोल और पानी की लाइनों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत ने बताया कि उनके क्षेत्र में योजनाओं की क्या स्थिति है, कौन-कौन सी योजनाएं धरातल पर उतर चुकी है और कौन-कौन सी योजनाएं अभी अधूरी है, इसकी समीक्षा ली गई है। साथ ही बजट की समस्या को लेकर भी अधिकारियों ने उनको अवगत कराया जहां कहा गया कि जल्द बजट प्राप्त हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया, कि इस वित्तीय वर्ष में उनके क्षेत्र में जो भी बजट आवंटित हुए हैं, उसको शत प्रतिशत खर्च किया जाए, जिससे कि स्थानीय लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कालाढूंगी क्षेत्र, हल्द्वानी क्षेत्र की सबसे बड़ी विधानसभा क्षेत्र है, लगातार नई कालोनियां बन रही हैं, जिसमें पहाड़ या दूरस्थ क्षेत्र के लोग आकर बस रहे हैं, लिहाजा उन कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं का विकास करना बेहद जरूरी है, इसी वजह से अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया गया है, कि जहां सड़कें नहीं बनी है उधर सड़के बनाई जानी है। मार्च तक कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में बजट को 100%खर्च करना है तथा नए प्रस्ताव मार्च के बाद भेजे जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कुछ हिस्सा नगर निगम अंतर्गत आता है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घोषणा के तहत कार्य भी होने हैं और इन विकास कार्यों को नगर निगम के माध्यम से कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी जी ने किया थाना,चौकियों का वर्चुवल माध्यम से उद्घाटन विधायक कैड़ा ने किया आभार व्यक्त

प्रात : किरण, संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज खनश्यू मै वर्चुवल माध्यम से थाने व भीमताल क्षेत्र के हैड़ाखान,ओखलकांडा,धारी व धानाचूली मै पुलिस चौकीयो का उद्घाटन किया! विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खनश्यू मै थाना खुलने से भीमताल क्षेत्र की सैकड़ो ग्राम सभाओ को राजस्व क्षेत्र से हटाकर पुलिस को दिये है विधायक कैड़ा ने कहा पहाड़ मै बढ़ते अपराध को मध्य नजर रखते हुऐ हमारी सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया! जिसका फायदा राजस्व क्षेत्र मै रहने वाली जनता को मिलेगा! अब लोग पहाड़ मै अपराध को अंजाम देने की हिम्मत करने का नाम नहीं ले पायेगे! विधायक कैड़ा ने कहा हमारी सरकार लगातार जनता के हित मै कार्य कर रही है आगे भी करते रहेगी! इस दौरान विधायक के साथ ॅ कुमाऊ निलेश आनंद भरणे, २२स्त्र नैनीताल पंकज भट्ट, र्रे धारी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों मौजूद रहे!

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- दुर्घटनायें रोकने के लिये हरसंभव प्रयास किये जायें-जिलाधिकारी
- जनपद में ईरिक्शा के रूट हो निर्धारित -जिलाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

कासगंजः जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते हुये कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये हरसंभव प्रयास किये जायें। डिवाइडर पर गैपों में भी डिवाइडन बनवाकर नियमानुसार कलर करायें और रिफ्लेक्टर लगवाये जायें। जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो। एक अभियान चलाकर सड़क पर या सड़क के किनारे यदि कहीं कोई विद्युत ट्रांसफार्मर या पोल है अथवा ध्वस्त वाहन आदि पड़ा है तो उसे तत्काल हटवा दें। जिलाधिकारी ने कहा कि जाम की समस्या से बचने के लिये ई-रिक्शों की कोडिंग एवं उनका रूट निर्धारित कर दिया जाये। रूट को हर तीन महीने बाद बदल दिया जाये, जिससे किसी का नुकसान न हो। बिलराम रोड के बस स्टैण्ड को अधिकृत कराने की कार्यवाही की जाये। ऑटो स्टैण्ड के लिये भी स्थान निर्धारित कर दिया जाये। वाहनों के समुचित आवागमन के लिये मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थानों, चैराहों आदि पर अतिक्रमण न होने पाये। बिना फिटनेस के 13 स्कूल वाहनों के संचालन पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। सभी स्कूल बच्चों को लाने ले जाने के लिये अच्छी कंडीशन के ही वाहन और एक्सपर्ट ड्राइवर रखें। अन्यथा की स्थिति में विद्यालयों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक में अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि 08 ब्लैक स्पॉट नेशनल हाईवे के चिन्हित किये गये हैं, जिन्हें लिखकर सरकार को भेज दिया गया है। एआरटरओ ने बताया कि अभियान चलाकर 596 वाहनों के चालान किये गये हैं। प्रेशर हार्न लगाने वाले 33 वाहनों के 03 माह के लिये पंजीकरण निरस्त कर दिये गये हैं। कोहरे में एक्सीडेंट रोकने के लिये वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगवाये गये थे। ऑनरोड सेफ्टी के अंतर्गत लोगों की जान बचाने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि सड़क के आस-पास से 08 विद्युत ट्रांसफार्मर हटवा दिये गये हैं, शेष जो भी संज्ञान में आयेंगे हटवा दिये जायेंगे। हिट एंड रन के वर्ष 2008 के 04 प्रकरण हैं। वारिसान का विवरण न मिलने से मृतकों के परिवार को लाभांवित नहीं किया जा सका है। जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त का ब्यौरा तहसीलों से निकलवाने के निर्देश दिये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वैभव शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, बीएसए, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, परिवहन, अग्निशमन सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बाजपुर को पराजित कर खानपुर ने 15 रन से मैच जीता

बाजपुर ।खानपुर क्रिकेट टीम बनाम बाजपुर के बीच 16 ओवर का मैच हुआ जिसमें खानपुर टीम ने 110 रन बनाए बाजपुर टीम ने 95 रन बनाकर हार गई 15 रनों से खानपुर टीम ने मैच जीत लिया ।जिसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी द्वारा मैन ऑफ द मैच आशीफ मैन ऑफ द सीरीज रोहित भारती टॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हरमिंदर सिंह लाडी ने विजेता उपविजेता टीमों को 21000 चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने 11000 टीम को देकर सम्मानित किया गया ।इंटर कॉलेज मैदान में बाजपुर क्रिकेटर्स द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट मैं 16 टीमों ने प्रतिभाग किया ।विजेता उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।जिसमें फाइनल मैच में खानपुर एवं बाजपुर फाइनल पहुंची इन दोनों टीमों का आज फाइनल मैच हुआ जिसमें खानपुर ने बाजपुर को हराकर जीत हासिल की ।इस मौके पर बलवीर सिंह कालू,ऋषभ सिंगल,राजदीप तिवारी,सारीम,मोहित मेहरा,रोहित भारती,पुनीत चौहान,अर्जित उपाध्याय,जगजीत सिंह आदि मौजूद थे।

बाबा बुढ़ा साहिब गुरुद्वारे के स्थापना दिवस पर विशेष, सच्ची श्रद्धा के साथ शीष नवाने पर होती है हर कामना पूरी

- गुरूद्वारे का रोचक इतिहास डा0 ज्योति गांधी की कलम से
- रोशनी से सजा गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब, 2 गुरूद्वारे में प्रकाशमय गुरू ग्रंथ साहिब

प्रात : किरण, संवाददाता

गुरुद्वारे का नाम प्रथम ग्रंथि बाबा बुढ़ा जी के नाम पर रखा गया है, कहा जाता है कि बहुत कम उम्र में दार्शनिकों की तरह बातें करने के कारण गुरु नानक देव जी ने युवा रंधावा को लंबी आयु का वरदान दिया था और भाई बुढ़ा नाम रखा था जो कालांतर में बुढ़ा साहिब हो गया 124 वर्षों के लंबे जीवन काल में 1521 से ज्यादा 1631 तक प्रथम 6 गुरुओं के सानिध्य में रहे पांच गुरु, गुरु श्री अंगद देव जी, गुरु श्री अमरदास जी, गुरु श्री रामदास जी, गुरु श्री अर्जुन देव जी और गुरु श्री हरगोविंद जी का गद्दी पर बैठने का अभिषेक किया वह जीवन पर्यंत सिख धर्म व सिख गुरु को समर्पित रहे गुरु रामदास और गुरु अर्जुन के निदेर्शानुसार स्वर्ण मंदिर में अमृत सरोवर खुद वाया जिसके नाम पर शहर का नाम अमृतसर हुआ जिस सहजन वृक्ष के नीचे बैठकर वह अमृत सरोवर निर्माण की देखभाल करते थे वह वृक्ष स्वर्ण मंदिर के आसपास आज भी देखा जा सकता है गुरु ग्रंथ साहिब जी की प्रतिष्ठा के बाद आज पहला श्लोक बाबा ने हीं पड़ा यह उनकी सेवा का ही परिणाम था कि गुरु हरगोबिंद उनकी मृत्यु के समय उनके पास थे और उनकी अर्थी को कंधा दिया। उत्तम नगर गुरुद्वारे में विद्यमान गुरु ग्रंथ साहिब के पाकिस्तान से यंहा तक पहुंचने का इतिहास बहुत ही रोचक है उत्तम नगर के निकट ग्राम माधवपुर निवासी सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि 1936 के आसपास यह ग्रंथ पिंड सिकोली रियासत में मियाग लदासी पाकिस्तान में के गुरुद्वारे में थे इनकी बहुत मान्यता थी आसपास के 6 गांव मलन्द्री, बिलोच, बादशाह पीर बाबा, तरेमणा, अलिदी से लोग वाहेगुरु का नाम लेते हुए आते थे कीर्तन सुनते थे लंगर कर झोलियां भर कर खुश होकर अपने घर वापस जाते थे गुरु साहिब की मान्यता व चमत्कार देखकर उसी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति रीददा जो जात का नाई था, के मन में विचार आया कि उसकी कोई औलाद नहीं है क्यों ना वह भी गुरु की शरण में जाकर देखें उसने गुरुद्वारे के मुखिया शोभाराम जी से बात करी और वह व उसकी बीवी गुरुद्वारे में झाड़ू की सेवा करने लगे गांव के कुछ मुसलमानों को यह नागवार गुजरा और उन्होंने उसका हुक्का पानी बंद करने की चेतावनी दी लेकिन रिद्दा का मानना था कि वह गुरुद्वारे को खुदा का घर समझकर सिर झुकाता है कुछ समय बाद ही बाबा जी की कृपा से रीददा के घर पुत्र का जन्म हुआ उसकी खुशी का ठिकाना ना रहा उसने सेवा जारी रखें गांव के कुछ मुसलमानों को यह रास नहीं आ रहा था उन्होंने आपस में सलाह कर गुरू ग्रंथ साहब को दबा दिया ना ग्रंथ साहब होंगे ना रिद्दा वहां जाएगा 12 दिन तक ढूंढने पर भी नहीं मिले तो बाबा बुढा जी ने भागभारी माता को सपने में बताया कि गुरू ग्रंथ साहिब कहां है और सपने में जहां बताया था अगले दिन वही सफेद पत्थर के नीचे दबे मिले और रुस्तम शहर जिला पिशोर पीपल वाला गुरुद्वारा लेकर आए वहां के लोगों को उनका दर्शन कराने के लिए 1 तारीख की तय की गई 18 फरवरी जो आज तक स्थापना रूप के दिवस में मनाया जाता है तत्पश्चात इस गुरुद्वारे का नाम पीपल वाला से बाबा बुढ़ा साहिब हो गया बंटवारे के बाद सरदार खजान सिंह जी (माता सुरेंद्र कौर के पिता अर्जुन सिंह जी के ससुर) गुरु ग्रंथ साहिब जी को मयार्दा के साथ हिंदुस्तान लेकर आए इस यात्रा में कई पड़ाव थे दिवाली के समय अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान में रवाना हुए मदान कैंप, वाया कैंप, जालंधर, कुरुक्षेत्र, बरेली से होते हुए 1950 में रिफ्यूजी आफिसर प्रताप सहाय की सहायता से उत्तम नगर आए और झोपड़ी में स्थापित हुए क्षेत्र के विकास के साथ-साथ झोपड़ी का स्वरूप भी बदलता रहा और आलीशान गुरुद्वारे के रूप में स्थापित है । प्रत्येक वर्ष 18 फरवरी को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया जाता है दूरदराज से लोग आते हैं कीर्तन दरबार का आनंद लेते हैं प्रसाद ग्रहण करते हैं कहा जाता है कि यदि आप मयार्दा में रहकर भक्ति करें ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश के समय दर्शन करने के लिए उपस्थित रहे तो मनोकामनाएं पूरी होती है।

अक्षर योग ने 3 योग आसनों में ट्रिपल गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

ऋषिकेश। योग के लिए भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक, अक्षर योग रिसर्चएवंडिवैलपमंट सेंटर ने एक और उपलब्धि हासिल की, जिसमें 500 से अधिक लोगों ने तीन अलग-अलग आसनों का प्रदर्शन कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में प्रवेश किया। बेंगलुरु में मंडला योग महोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने श्रद्धेय योग और आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षरजी के तत्वावधान में वशिष्ठासन, उष्ट्रासन और हलासन किए। उच्च शिक्षा मंत्री, डॉ. सी. एन. अश्वथ नारायण की अध्यक्षता में, यह 3 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए एक साथ 3 योग आसन करने वाला अब तक का सबसे बड़ा समूह था। उल्लेखनीय उपलब्धि का जिक्र करते हुए हिमालयन सिद्धा अक्षर जी ने कहा कि यह अक्षर योग रिसर्च एवं डिवैलपमंट सेंटर,और जीवन के सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों के लिए बेहद गर्व की बात है, जिन्होंने इस तरह की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के लिए पिछले कुछ हफ्तों में गहन प्रशिक्षण लिया है। पुलिस कर्मियों और नर्सिंग होम स्टाफ से लेकर छात्रों और कामकाजी पेशेवरों तक, सभी प्रतिभागियों ने वशिष्ठासन, उष्ट्रासन और हलासन तक योग के सार को समझा। हम मंडला योग महोत्सव के सफल समापन से प्रसन्न हैं। मंडला योग महोत्सव में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों योग उत्साही लोगों ने देखा, जिनमें कर्नाटक राज्य पुलिस के 250 पुलिस कर्मियों, 100 से अधिक वंचित बच्चों और अलग-अलग विकलांग बच्चों ने भी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतिभागियों ने वास्तव में विविधता का भी प्रतिनिधित्व किया क्योंकि वे दुनिया भर के 20 विभिन्न देशों से आए थे, जबकि भारत के 28 राज्यों से प्रतिनिधित्व था। 100 अधिकारियों वाली गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की आधिकारिक टीम इस प्रतिष्ठित आयोजन का हिस्सा थी।

समीक्षा किसान सम्मान निधि के लिये ई-केवाईसी होना अनिवार्य, अन्यथा नहीं मिलेगी सम्मान निधि...

जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

- नहरों में टेल तक पानी पहुंचने एवं चेकडेम की मौके पर टीम भेजकर कराई जायेगी जांच-जिलाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि किसान सम्मान निधि के लिये अब शतप्रतिशत ई-केवाईसी होने पर ही पेमेंट होना है। वंचित किसान अपना ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें, तभी उन्हें किश्त की धनराशि मिल सकेगी। नहरों में टेल तक पानी पहुंचने की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों को भेज कर मौके पर सत्यापन कराया जायेगा। भूजल संरक्षण के अंतर्गत बनाये गये तीनों चेकडेम की जांच अधिकारियों को लगाकर कराई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सीएमओ ने बताया कि ईएनटी स्पेशलिस्ट अन्य जनपद से यहां स्थानांतरित होकर आये हैं, लेकिन जनपद में बहुत कम रहते हैं, उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सीएमओ से कहा कि उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिये अपने मुख्यालय को लिखें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टैण्डर कराकर गाड़ियां लगवानी थीं, लेकिन अभी तक गाड़ियों की व्यवस्था न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में बताया गया कि गन्ना भुगतान की समीक्षा में बताया गया कि वर्ष 2022-23 में 50 करोड़ का भुगतान होना है, जिसमें से 04 करोड़ 76 लाख का भुगतान हो चुका है। कृषि विभाग द्वारा सोलर पंप आवंटन के लिये लक्ष्य 96 के सापेक्ष 87 तथा पुनः 73 लक्ष्य के सापेक्ष 53 लोगों द्वारा आवेदन कर धनराशि जमा की गयी है। मुख्य पशुपालन आकिारी द्वारा अवगत कराया गया कि 04 से 08 माह के गौवंश/महेषवंश के पशुओं का वैक्सीनेशन चल रहा है, कुल 85 हजार पशुओं का वैक्सीनेशन कराया जाना है। दिव्यांग पेंशन में 7387 लाभार्थियों की तीसरी किश्त भेजी जा चुकी है, 474 पांन के नवीन आवेदकों को भविष्य में पेंशन मिल पायेगी। बैठक में सभी विकास बिन्दुओं की गहनता के साथ समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी वैभव शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीआरओ, वन, विद्युत सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सेना प्रमुख ने एलसीए में उड़ान भरी, लड़ाकू क्षमताओं के हुए मुरीद

- अगले 8-10 वर्षों में हम अपने स्वदेशी हथियारों के साथ भविष्य के युद्ध लड़ने में सक्षम होंगे
- हथियारों के स्वदेशीकरण के लिए भारतीय रक्षा उद्योग ईको सिस्टम विकसित करने में लगा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कर्नाटक के बेंगलुरु में एयरो इंडिया के पहले दिन सोमवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीए) में उड़ान भरी। उन्होंने अपनी इस उड़ान को बहुत ही संतोषजनक और सार्थक अनुभव वाली बताते हुए उम्मीद जताई कि अगले 8-10 वर्षों में हम अपने स्वदेशी हथियारों के साथ भविष्य के युद्ध लड़ने में सक्षम होंगे। जनरल पांडे एलसीए की विशेष रूप से युद्धाभ्यास और क्षमताओं की विशेषताओं से काफी प्रभावित दिखे। बेंगलुरु के येलहंका एयरबेस स्थित एयरफोर्स स्टेशन में एयरो इंडिया के 14वें संस्करण का उद्घाटन होने के बाद भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि मैं एलसीए की विशेष रूप से युद्धाभ्यास, पैंतरेबाजी और क्षमताओं की विशेषताओं से काफी प्रभावित था, क्योंकि यह हेलीकॉप्टर उन सभी सुविधाओं से लैस है, जो सेना के लड़ाकू हेलीकॉप्टर में होनी चाहिए। उन्होंने अपनी इस उड़ान को बहुत ही संतोषजनक और सार्थक अनुभव वाली बताया। जनरल पांडे ने कहा कि नागरिक सुरक्षा उद्योग में जिस तरह का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है, उससे मुझे यकीन है कि अगले 8-10 वर्षों में हम अपने स्वदेशी समाधानों के साथ भविष्य के युद्ध लड़ने में सक्षम होंगे।

सेना प्रमुख ने कहा कि हम 'मेक इन इंडिया' या 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के माध्यम से अपनी सैन्य क्षमताओं की एक विस्तृत श्रृंखला को देख रहे हैं। अगर मैं इन्फैंट्री के साथ शुरूआत करें, तो शुरू में एक इन्फैंट्री सैनिक बनाने या सुरक्षा के मामले में युद्ध के मैदान पर अपने कार्य को पूरा करने के लिए उसे सशक्त बनाने, स्थितिजन्य जागरुकता बढ़ाने, उसे बेहतर निगरानी क्षमता देने, रात में लड़ने की क्षमता देने पर विचार किया जा रहा है। यदि आप टैंकों के कवच को देखते हैं, तो हम भविष्य के लिए तैयार टैंक को देख रहे हैं, जिसे हम बेहतर सुरक्षा के लिए रात में भी संचालन के सक्षम बनाना चाहते हैं।

सेना प्रमुख ने कहा कि आर्टिलरी के मामले में हम एक माउंटेड गन से शुरू होने वाली क्षमता की एक सीमा देख रहे हैं, सटीकता में सुधार कर रहे हैं, बहुत लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सुधार कर रहे हैं। साथ ही अपने आर्टिलरी को एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर में रणनीतिक रूप से उठाने की हमारी क्षमता को भी देख रहे हैं। भारतीय सेना प्रमुख ने हथियारों के स्वदेशीकरण को लेकर कहा कि इसका कार्य प्रगति पर है, इसके लिए समय सीमा निश्चित करना मुश्किल है लेकिन हमारा रक्षा उद्योग ईको सिस्टम विकसित कर रहा है।

देश में 25 फीसदी तक बढ़ा शराब का प्रॉडक्शन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

अक्सर लोग शराबियों को गन्दी दृष्टि से देखते है। मगर वह लोग भूल जाते हैं, कि देश की अर्थव्यवस्था में उनका बड़ा योगदान है, शराब पीने वाले कभी मोलभाव नहीं करते, न बिल मांगते है, न गन्दी जगह का हवाला देते है, यदि गन्दी जगह हो तब भी वह वंहा से शराब ले लेते है। कोरोना के समय शराब पीने वालो की बड़ी लम्बी लाइन थी, शराब पीने वाले कभी नहीं कहते सरकार ने टैक्स ज्यादा कर दिया है, शांत मन से देश की सेवा कर रहा है। बेशक शराब सेहत के लिए हानिकारक है। शराब पीने के मामले में अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे है।

शराब इंडस्ट्री की माने तो उनके मुताबिक एल्कोहल यानी शराब का ग्लोबल मार्केट 1448.2 अरब डॉलर का है और 2022 से 2028 के बीच इसमें सालाना 10.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। साल 2025 तक यह 1976 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। दुनिया में भारत का अल्कोहल मार्केट सबसे तेजी से बढ़ रहा है। अभी यह 52.5 अरब डॉलर का है। भारत का अल्कोहल मार्केट सालाना आठ फीसदी की रफ्तार से बढ़ रहा है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले कुछ साल में देश शराब का प्रॉडक्शन 25 फीसदी बढ़ा है। इसकी वजह यह है कि भारत में शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है और साथ ही लोगों की इनकम भी बढ़ रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य वाइन बनाने के लिए स्थानीय कंपनियों को सब्सिडी देते हैं। अल्कोहल को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। यह इंडस्ट्री करीब 15 लाख लोगों को रोजगार देती है। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक साल 2015 में 21 करोड़ लोग शराब पीते थे। अब यह संख्या 30 करोड़ के ऊपर पहुंच चुकी है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक उत्तर प्रदेश की कुल आबादी में शराब पीने वाले लोगों की संख्या कम है लेकिन 2022-23 में उसके कुल रेवेन्यू में एक्साइज ड्यूटी का हिस्सा 22.3 फीसदी होगा। आबादी के अनुपात की बात की जाए तो लेकिन राज्य के कुल रेवेन्यू में एक्साइज का हिस्सा केवल 12 फीसदी है।

अडानी को कोयले की ढुलाई से भी लाभ पहुंचा रही है सरकार : मनीष

नई दिल्ली। लोकसभा में कांग्रेस के मनीष तिवारी ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पंजाब के लिए कोयले की ढलाई के माध्यम से भी देश के कई महत्वपूर्ण बंदरगाहों का संचालन कर रहे अडानी समूह को फायदा पहुंचा रही है। श्री तिवारी ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि पंजाब के लिए कोयले की आपूर्ति समुद्री मार्ग से की जा रही है और समुद्री मार्ग से कोयला पंजाब पहुंछाया जा रहा है। उनका कहना था कि रेल मंत्रालय ने रेल के माध्यम से कोयले की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगा दिया है और यह सब कदम सरकार के इशारे पर उठाये गए है। उन्होंने कहा कि समुद्री मार्ग से 1500 किलोमीटर की दूरी तय कोयला पंजाब पहुंचाया जा रहा है और इसका सीधा फायदा अडानी समूह को मिल है। अदानी समूह देश के प्रमुख बंदरगाहों का स्वामित्व वाला समूह है और गुजरात के बंदरगाह भी इसी समूह के संरक्षण में संचालित हो रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने इस समूह को फायदा पहुंचाने के लिए रेल की बजाय समुद्री मार्ग से कोयला की आपूर्ति करने की योजना बनाई है जो गलत है। उन्होंने इस फैसले को वापस लेने की केंद्र सरकार से मांग की है।

जी-20 के संस्कृति समूह की पहली बैठक खजुराहो में 22 से 25 के बीच होगी

नई दिल्ली। जी-20 के संस्कृति समूह की पहली बैठक फरवरी के अंतिम सप्ताह में मध्य प्रदेश के खजुराहो में आयोजित की जाएगी जहां यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल अनेक उत्कृष्ट मंदिर हैं। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि 22 से 25 फरवरी के बीच बैठक होगी। भारत ने एक दिसंबर को जी-20 समूह की अध्यक्षता संभाली थी। देश में 55 स्थानों पर समूह से जुड़ी 200 से अधिक बैठकें होंगी और दिल्ली में सितंबर में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जी-20 पर्यटन कार्यसमूह की पहली बैठक 7 से 9 फरवरी के बीच गुजरात में रण के कच्छ में हुई। खजुराहो में होने वाली संस्कृति समूह की बैठक महाराज छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

ब्रह्मपुरी इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में रोष

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के दावों के बावजूद राजधानी में स्ट्रीट क्राइम पर लगाम नहीं लग पा रहा है. उत्तर पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके में लगातार हो रही चोरी और स्नैचिंग की वारदातों से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं. क्षेत्र में आए दिन हो रही घटनाओं से लोगों में रोष है. दिनदहाड़े चोर वारदातों को अंजाम देने से नहीं डरते हैं. कई वारदातें सीसीटीवी में कैद होने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं. ब्रह्मपुरी के रहने वाले मोहम्मद आसिफ ने बताया कि उन्होंने अपने ऑटो को घर के बाहर गली में रोज की तरह पार्क किया था, सुबह देखा तो ऑटो गायब था. आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो पता चला कि एक चोर उनकी ऑटो चुरा ले गया है. सीसीटीवी में साफ दिख रहा है एक चोर ऑटो को धक्का देकर कुछ दूर तक ले जाता है उसके बाद ऑटो स्टार्ट कर लेकर फरार हो जाता है. मोहम्मद आसिफ का कहना है कि मामले की शिकायत उन्होंने न्यू उस्मानपुर थाने में दर्ज कराई है लेकिन पुलिस अब तक इसे ढूंढने में नाकामयाब रही है. दयाल चंद्र ने बताया कि ब्रह्मपुरी में उसका साउंड बॉक्स बनाने का कारखाना है. मंगलवार कारखाने का कुंडी काटकर चोर कारखाने में दाखिल हुए और तकरीबन दो लाख का साउंड बॉक्स और उसका मैटेरियल चुराकर फरार हो गए. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने पर पता चला कि देर रात ई-रिक्शा से आए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया. चोर सामानों को ई-रिक्शा पर लोड कर फरार हो गए. स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी, स्नैचिंग आम बात हो गई है, लेकिन पुलिस इस पर लगाम लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है. लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की सही ढ़ंग पेट्रोलिंग सही न होने की वजह से वारदातें हो रही हैं।

रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन, निगम के खिलाफ की जमकर नारे बाजी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में रेहड़ी पटरी विक्रेताओं ने सोमवार को सिविक सेंटर पर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए दिल्ली प्रशासन का जमकर विरोध किया। रेहड़ी पटरी विक्रेताओं ने लगाए गंभीर आरोप रेहड़ी पटरी वालों के संगठन नास्वी के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने आरोप लगाया है कि सरकार रेहड़ी पटरी वालों को जी 20 की बैठक के नाम पर उजाड़ रही है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में वेडिंग ऑफ सर्टिफिकेट दिया गया है, लेकिन 20 के नाम पर रेडी पटरी वालों की दुकानों को उजाड़ा जा रहा है। सिविक सेंटर पर अपनी मांगों के लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे रेहड़ी पटरी विक्रेताओं का कहना है कि निगम के लोग रिश्वत की मांगते हैं।

हम लोगों को अलग जगह दे एमसीडी विक्रेताओं ने कहा कि हमें अपना व्यवसाय चलाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। यहां तक कि जिनके पास उचित कागजात हैं उन्हें भी हटा दिया जा रहा है और हमें कोई विकल्प (साइट) प्रदान नहीं किया जा रहा है। विक्रेताओं ने एमसीडी के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि उन्हें अपना व्यवसाय चलाने के लिए समर्पित, वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाना चाहिए। एक अन्य स्ट्रीट वेंडर संतोष ने कहा, उन्होंने हमें अतिक्रमणकारी कहा, लेकिन हम नहीं हैं। वे हमारे प्रति इतने क्रूर कैसे हो सकते हैं? कोई भी हमारी बात नहीं सुन रहा है। वेंडरों का आरोप है कि एमसीडी के अत्याचारों के कारण वे पिछले साल से अपना कारोबार नहीं चला पा रहे हैं। कोविड में हो चुका है नुकसान दिल्ली में लगभग पांच लाख स्ट्रीट वेंडर हैं और उन सभी को कोविड के कारण नुकसान का सामना करना पड़ा है। अब, जब चीजें थोडी बेहतर हुई हैं तो एमसीडी हमें हटा रही है।

वहीं, इस प्रदर्शन के बारे में जब एमसीडी अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने कहा- वेंडरों के प्रदर्शन को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एमसीडी कार्यालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

मामूली कहासुनी पर बदमाशों ने मारा चाकू

नई दिल्ली। उत्तरी जिले के सिविल लाइंस थाना इलाके में मामूली कहासुनी पर युवक की चाकू मारकर हत्या की कोशिश की गई। आरोपितों ने घटना को सब्जी मंडी मोर्चरी के पास स्थित पेट्रोल पंप पर अंजाम दिया। घायल युवक का नाम अजहर है और वह अपने भाई अशरद के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। इसी बीच पेट्रोल पंप पर दोनों भाइयों की विक्की और बादल नाम के युवकों से कहासुनी हुई। आरोपितों ने अजहर की कमर के निचले हिस्से पर वार कर की हत्या की कोशिश की। घटना के बाद अजहर के भाई ने पुलिस को सूचना दी, जिसके आधार पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने सोमवार को बताया कि 11 फरवरी शनिवार की रात करीब 11:45 बजे सब्जी मंडी मोर्चरी के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस को घायल अजहर के चेचेरे भाई अरशद ने जानकारी दी कि पेट्रोल पंप पर दो युवकों से कहासुनी होने के दौरान उसके भाई को चाकू मार दिया गया है। इसके बाद चाकू मारने वाले दोनों युवक फरार हो गए।

पर्थला फ्लाईओवर पर जल्द दौड़ेंगे वाहन, नोएडा, गाजियाबाद और हापुड़ के लाखों लोगों को मिलेगा फायदा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पर्थला फ्लाईओवर का निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है और इस फ्लाईओवर की उम्मीदें लगाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि फ्लाईओवर के तैयार होने से करीब 2 लाख लोगों को जाम से राहत मिलेगी। 30 से 45 मिनट की होगी बचत पर्थला फ्लाईओवर के शुरू होने जाने के बाद गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, हापुड़ से आने वाले लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही लोगों का 30 से 45 मिनट की भी बचत भी होगी।

इस महीने से शुरू होगा ट्रैफिक

नोएडा प्राधिकरण पहला केबल सस्पेंशन फ्लाईओवर बना रहा है, जिसका निर्माण जल्द ही पूरा हो वाला है, जिसके बाद इस फ्लाइओवर का लोकार्पण कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार पर्थला फ्लाइओवर का 85 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है और अथॉरिटी के अधिकारी अप्रैल के महीने से इस पर ट्रैफिक शुरू करने का दावा कर रहे हैं। इन सोसायटी के लोगों को मिलेगा फायदा इस फ्लाईओवर के निर्माण से सेक्टर-51, 52, 61, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 121, 122 के हजारों निवासियों को फायदा होगा। साथ ही दिल्ली से गाजियाबाद, हापुड़, ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन को जाने के लिए उक्त चौराहे पर बिना किसी रेड लाइट के सीधे पहुंचा जा सकता है।

हर रोज गुजरेंगे 25 हजार से ज्यादा वाहन बता दें कि वर्तमान में पर्थला गोल चक्कर पर सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस बजे तक करीब 18 हजार वाहन निकलते हैं, लेकिन इन सभी वाहन सवारों को जाम के चलते ऑफिस सही समय पर पहुंचने के लिए 30 से 45 मिनट पहले घर से निकलना पड़ता है। जबकि अधिकारियों का माना है कि फ्लाईओवर तैयार होने के बाद इस रूट से हर रोज 25 से 30 हजार वाहनें निकलाने का अनुमान है।

पर्थला फ्लाईओवर का काम युद्धस्तर पर चल रहा है और काम के 31 मार्च में पूरा होने की उम्मीद है, लेकिन इन दिनों काम को ध्यान में रखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा की ओर से आने-जाने वाले वाहन को सेक्टर 121 और सेक्टर 71 की ओर निकाला जा रहा है।

दिल्ली में बीजेपी विधायक के दफ्तर में चोरों ने लगाई सेंध, तोड़फोड़ कर चुरा ले गए 2 टीवी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर से बीजेपी विधायक ओम प्रकाश शर्मा के कार्यालय से चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, कुछ अज्ञात लोग कथित तौर पर भाजपा विधायक के कार्यालय में घुस गए और दो टीवी चुरा ले गए। इस घटना के संबंध में बीजेपी विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने पुलिस को जानकारी दी है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। घटना शनिवार रात की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि चोर दो टेलीविजन चुरा ले गए और कार्यालय में तोड़फोड़ भी की। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों में यह तीसरी बार है जब उनके विश्वास नगर स्थित कार्यालय को चोरों ने निशाना बनाया है। पिछला मामला जनवरी 2017 में सामने आया था। नोट- ये स्टोरी अभी-अभी ब्रेक हुई है। खबर से संबंधित तथ्य जुटाए जा रहे हैं और जैसे-जैसे नए तथ्य आते जाएंगे, खबर को अपडेट किया जाता रहेगा। तब तक आप हमारे साथ बने रहें।

भाजपा सांसद ने लोक सभा में की अलग बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से जुड़े बुंदेलखंड के जिलों को अलग कर नया बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग दशकों पुरानी है। अब उत्तर प्रदेश के हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र से भाजपा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने सरकार से अलग बुंदेलखंड राज्य के गठन करने की मांग कर दी है। सोमवार को लोक सभा में जीरो ऑवर के दौरान भाजपा सांसद चंदेल ने दोनों राज्यों से जुड़े बुंदेलखंड के हिस्सों को अलग कर एक नए बुंदेलखंड राज्य के गठन की मांग करते हुए कहा कि बुंदेलखंड एक विशेष प्रकार का क्षेत्र है, जिसकी अपनी एक अलग संस्कृति है। बुंदेलखंड को केवल जमीन का एक टुकड़ा न समझकर इसे एक नया राज्य बनाया जाए। उन्होंने अलग राज्य की मांग को दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक इस क्षेत्र के विकास के लिए बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाया जाना चाहिए। ताकि उस इलाके में ऑर्गेनिक खेती, रोजगार, पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक क्षेत्रों को बढ़ावा मिले। भाजपा सांसद ने बुंदेलखंड में चलाई जा रही विकास योजनाओं को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कामकाज की भी तारीफ करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है, एक्सप्रेस वे बना है, रिवर लिंकिंग परियोजना पर काम हो रहा है, सिंचाई और पेयजल का प्रबंध हुआ है। आकांक्षी क्षेत्र में शामिल होने के कारण सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ बुंदेलखंड को मिल रहा है इसके लिए वे केंद्र और प्रदेश सरकार के आभारी हैं। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने तमाम समस्याओं और मांगों का जिक्र करते हुए एक नया राज्य बुंदेलखंड बनाने की मांग भी की।

दिल्ली के पूठ कलां गांव में एक व्यक्ति को मारी गोली

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के पूठ कलां गांव में सोमवार तड़के पांच लोगों ने 33 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मार दी। अधिकारी ने बताया कि पूठ कलां निवासी घायल संदीप का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह 6.28 बजे पूठ कलां गांव में फायरिंग की घटना के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को फोन आया, जिसके बाद सुल्तानपुरी थाने से एसएचओ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पुठ कलां में मुख्य बस स्टैंड के पास पुलिस टीम को 7.62 मिमी के दो खाली कारतूस भी मिले। घायल को क्षेत्र के ब्रह्मशक्ति अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक पूछताछ के दौरान घायल संदीप ने कहा कि दीपक, शिवम, विक्रम, मिंटू और काला नाम के पांच लोगों ने उस पर गोली चलाई। बाहरी जिले की मोबाइल क्राइम टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है।

जारी

न्यायमूर्ति शर्मा ने मामले को 16 मार्च को जारी रखने के लिए सूचीबद्ध करते हुए

जामिया हिंसा मामला: शारजील इमाम को आरोपमुक्त करने के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट का नोटिस

- तर्क दिया, विरोध के हिस्से में उनकी भूमिका मूक, शांतिपूर्ण या हिंसक थी या नहीं, यह परीक्षण में सामने आएगा।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस द्वारा 2019 के जामिया हिंसा मामले में शारजील इमाम सहित 11 आरोपियों को आरोप मुक्त करने के साकेत कोर्ट के 4 फरवरी के आदेश को चुनौती देने के मद्देनजर सोमवार को उच्च न्यायालय ने कहा कि इसका आगे की जांच पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल न्यायाधीश पीठ ने कहा, चूंकि आगे की जांच की जाएगी, जांच एजेंसी के खिलाफ की गई टिप्पणियों से न तो आगे की जांच न ही किसी आरोपी की सुनवाई प्रभावित होगी। न्यायमूर्ति शर्मा ने मामले को 16 मार्च को जारी रखने के लिए सूचीबद्ध करते हुए, पुलिस और प्रतिवादियों को मामले में लिखित प्रस्तुतियां और संबंधित केस कानून दर्ज करने की स्वतंत्रता दी। दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) संजय जैन ने कहा कि केवल परीक्षण के माध्यम से यह तय करना उचित होगा कि 4 फरवरी के आदेश में आरोपमुक्त किए गए अभियुक्त केवल तमाशबीन थे और हिंसा में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने तर्क दिया, विरोध के हिस्से में उनकी भूमिका मूक, शांतिपूर्ण या हिंसक थी या नहीं, यह परीक्षण में सामने आएगा। या क्या इसे आरोप के स्तर पर पहले से आंका जाएगा? जेएनयू के पूर्व छात्र शारजील इमाम, आसिफ इकबाल तन्हा और नौ अन्य को आरोपमुक्त करने के आदेश में असहमति के अधिकार को बनाए रखने के अदालत के कर्तव्य के बारे में ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए एएसजी ने कहा कि इस मामले में असहमति का कोई पहलू शामिल नहीं है, लेकिन यह एक साधारण सवाल है। अदालत से नोटिस जारी करने के लिए कहते हुए एएसजी ने अदालत से अंतरिम आदेश पारित करने की मांग की कि ट्रायल कोर्ट के आदेश से मोहम्मद इलियास के खिलाफ चल रहे मुकदमे पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि अदालत ने उनके खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत पाए थे। एएसजी की दलील को झूठा बताते हुए तन्हा की ओर से पेश अधिवक्ता सौजन्या शंकरन ने कहा, यह सुझाव देना गलत है कि तीसरी पूरक चार्जशीट पर विचार नहीं किया गया था। तन्हा के वकील ने तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों में मात्र उपस्थिति के कानून पर विचार किया है और ट्रायल कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों में कोई त्रुटि नहीं है। एएसजी की दलीलों पर सहमति जताते हुए अदालत ने कहा कि वह इस स्तर पर टिप्पणियों को नहीं हटाएगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, मैं जांच में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। मैं डिजीटल रूप में टीसीआर की मांग कर रहा हूं। मुझे केस डायरी की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मैं इसे डिस्चार्ज के खिलाफ सुन रहा हूं, बरी होने के खिलाफ नहीं।

गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2020 के दंगों को आयोजित करने के लिए आपराधिक साजिश के मामले में निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आदेश सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भटनागर की खंडपीठ ने दलीलें सुनीं और आदेश सुरक्षित रख लिया। फातिमा को मार्च 2022 में ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। फातिमा के वकील, अधिवक्ता सुशील बजाज ने पहले प्रस्तुत किया था कि अभियोजन पक्ष के सभी गवाह या तो सुने गए हैं या वे व्यक्ति हैं जो सभी विरोध सभाओं में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने तर्क दिया कि साक्ष्य की पुष्टि करने के लिए पहला कदम होना चाहिए। बजाज ने यह भी आरोप लगाया था कि प्रत्येक गवाह क्षमा प्राप्त आरोपी है और वे फातिमा के खिलाफ गवाहों के रूप में काम कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, खुलासा बयान में फातिमा ने 15 जनवरी के सीलमपुर प्रदर्शन के बारे में पुलिस को बताया था कि भीड़ योजना के अनुसार बढ़ने लगी थी, इस भीड़ को भड़काने और लामबंद करने के लिए बड़े नेता और वकील आने लगे थे। उमर खालिद, चंद्रशेखर रावण, योगेंद्र यादव, सीताराम येचुरी और वकील महमूद प्राचा शामिल थे। चार्जशीट के मुताबिक, वकील महमूद प्राचा ने कहा कि प्रदर्शन में बैठना आपका लोकतांत्रिक अधिकार है और बाकी नेताओं ने सीएए और एनआरसी को मुस्लिम विरोधी बताकर समुदाय में असंतोष की भावना को हवा दी थी। चार्जशीट में अर्थशास्त्री जयति घोष, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और एक्टिविस्ट अपूवार्नंद और डॉक्यूमेंट्री फिल्म निमार्ता राहुल रॉय के नाम भी शामिल हैं। बयान में, कार्यकताओं देवांगना कलिता और नताशा नरवाल ने कहा था कि उन्हें तीन व्यक्तियों ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध करने और किसी भी हद तक जाने के लिए कहा था। नागरिकता (संशोधन अधिनियम) के समर्थकों और इसका विरोध करने वालों के बीच झड़प के बाद 24 फरवरी 2020 को पूर्वोत्तर दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी।

अडानी मुद्दे पर सदन में चर्चा चाहती थी विपक्ष : गोहिल

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि अडानी मुद्दे पर विपक्ष सदन में चर्चा चाहती थी लेकिन सत्ता पक्ष ने सदन नहीं चलने दिया।गोहिल ने सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही 13 मार्च तक के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष संसद में अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच की मांग करता रहा लेकिन हमारी आवाज नहीं सुनी गई। गोहिल ने कहा कि हिंडबर्ग की ओर से अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए हम लगातार संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सदन में पीएम मोदी बोलते हैं वैसे एक प्रधानमंत्री को नहीं बोलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आज सुबह जैसे ही राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई विपक्षी सांसद अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए जेपीसी की मांग करने लगे और सभापति के आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद सभापति ने सदन में बढ़ते शोर-शराबे को देखते हुए राज्यसभा की कार्यवाही को 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी ।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023

संक्षिप्त खबरें

वीर महिलाओं के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लोंगेवाला तक नौसेना की कार रैली

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना की वीर महिलाओं को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार रैली करने जा रही है। वीरांगनाओं को याद करते हुए नौसेना की यह कार रैली नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लोंगेवाला (राजस्थान) के युद्ध स्मारक तक की जाएगी। इस कार रैली के संचालन को लेकर नौसेना ने मैसर्स जीप इंडिया के साथ सहभागिता की है। यह दिल्ली से जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, लोंगेवाला, जोधपुर होते हुए 2300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। नौसेना के मुताबिक इस अखिल महिला कार रैली का शीर्षक शी इज अनस्टॉपेबल (वह अजेय है) का नारा है। टैग लाइन सोर हाई (ऊंची उडान) के साथ यह रैली 12 दिनों यानी 14 फरवरी से 25 फरवरी, 2023 तक संचालित होगी। रैली राजस्थान के सीमावर्ती इलाके लोंगेवाला तक जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने भाषण के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि अमृत काल की सोच को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण होगा। नारी शक्ति पर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में राष्ट्रीय नेतृत्व की सोच के अनुरूप भारतीय नौसेना ने नौसेना वेलनेस और वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) के सहयोग से देश व भारतीय नौसेना की वीर महिलाओं को श्रद्धांजलि देने के रूप में इस महिला मोटर अभियान का संचालन किया है। अखिल महिला कार रैली, शी इज अनस्टॉपेबल (वह अजेय है) के नारे और टैग लाइन सोर हाई (ऊंची उडान) के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लोंगेवाला (राजस्थान) के युद्ध स्मारक तक की जाएगी। यह रैली 12 दिनों यानी 14 फरवरी से 25 फरवरी, 2023 तक संचालित होगी। इस रैली का उद्देश्य आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाना, नौसेना महिला अधिकारियों के योगदान को प्रदर्शित करना, भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए महिलाओं को प्रेरित करना और लोंगेवाला युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देना है। साथ ही रास्ते में नौसेना के दिग्गजों, वीर महिलाओं के साथ बातचीत करना और एनडब्ल्यूडब्ल्यूए दिवस समारोह के एक हिस्से के तहत एनडब्ल्यूडब्ल्यूए आउटरीच का संचालन करना भी इसका उद्देश्य है।

एफसीआई खोले अधिक सरकारी खरीद केंद्र : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को देशभर के सभी राजस्व जिलों को कवर करने को कहा गया है। एफसीआई से कहा गया है कि उसे अधिक संख्या में सरकारी खरीद केंद्र खोलने चाहिए ताकि किसानों के पास अपनी उपज एफसीआई या किसी अन्य एजेंसी को बेचने के ज्यादा विकल्प उपलब्ध हों।

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय खाद्य निगम के संचालन की समीक्षा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न प्रबंधन एवं गुणवत्ता नियंत्रण में अधिक पारदर्शिता लाने तथा मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करें। पीयूष गोयल ने भारतीय खाद्य निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक कुशल तथा आधुनिक बनाने के लिए सभी अधिकारियों से अपने-अपने सुझाव भेजने का आग्रह किया।

उन्होंने एफसीआई के अधिकारियों को खाद्यान्न प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का अधिकतम उपयोग करने और सीमित भूमि क्षेत्र में उच्च क्षमता वाले गोदामों को तैयार करने के लिए बेहतर डिजाइन का सुझाव देने का भी निर्देश दिया।

केंद्रीय मंत्री ने गेहूं और धान की खरीद से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि भारतीय खाद्य निगम को सभी राजस्व जिलों को कवर करते हुए अधिक संख्या में सरकारी खरीद केंद्र खोलने चाहिए ताकि किसानों के पास अपनी उपज एफसीआई या किसी अन्य एजेंसी को बेचने के अधिक विकल्प उपलब्ध हों।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के सरकारी खरीद केंद्रों पर ई-पीओपी मशीन के उपयोग की सराहना की। गोयल ने सलाह दी कि किसानों से खरीद प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए अन्य राज्यों में भी इसी प्रणाली को लागू किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश की खाद्य मांग, जनसंख्या और विशाल भौगोलिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिया कि गेहूं के बाजार मूल्य को नियंत्रित करने के उद्देश्य से खुले बाजार बिक्री योजना में अधिक मात्रा में गेहूं की पेशकश की जाए।

उत्तर प्रदेश में भंडारण क्षमता की समीक्षा करते हुए गोयल ने कहा कि एफसीआई के स्वामित्व वाले और किराए के सभी गोदाम भी उच्चतम स्तर के ही होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि खराब स्तर के सभी गोदामों को आवश्यक मरम्मत करवाकर तुरंत अपग्रेड किया जाना चाहिए अन्यथा उन्हें किराए पर लेने पर विचार किया जाना चाहिए।

महरौली में चौथे दिन भी डीडीए का बुलडोजर चला

नई दिल्ली। दक्षिण जिले के महरौली में डीडीए की कार्रवाई लगातार चौथे दिन भी जारी है। दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) के द्वारा चौथे दिन भी महरौली में तोड़फोड़ की जा रही है। इसी क्रम में बस स्टैंड के पास पिछले कई सालों से बनी दुकानों और मकानों को डीडीए के द्वारा तोड़ा गया। इस दौरान जिन लोगों के मकान आदि तोड़े गए उन्होंने अधिकारियों से कार्रवाई को रोकने की गुहार लगाई। इसपर लोगों ने कहा कि हम बीते कई सालों से यहां रह रहे हैं और यहां हमारा बचपन बीता है। वहीं सिख समुदाय के कुछ लोगों ने कहा कि मकानों को आज यहां पर तोड़ा जा रहा है और हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। हमने अधिकारियों से कहा कि हमें थोड़ा समय दिया जाए क्योंकि कोर्ट में केस चल रहा है, लेकिन कोई भी अधिकारी हमारी बात सुनने को तैयार नहीं है। इसपर महरौली मार्केट के प्रेसिडेंट रमेश कुमार ने कहा कि लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। एलजी और प्रधानमंत्री को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली सरकार मान चुकी है कि हमारी डिमार्केशन गलत थी तो इसमें जल्दबाजी क्यों की जा रही है। उधर स्थानीय लोगों ने कहा कि यह बहुत गलत है कि लोगों के मकान तोड़े जा रहे हैं। यहां पर पिछले कई सालों से लोगों का परिवार रह रहा है और उनका व्यवसाय भी यहां है, लेकिन अचानक यहां डीडीए के द्वारा इन मकानों को तोड़ा जा रहा है और उनकी कोई बात नहीं समझी जा रही है।

एमसीडी मेयर चुनाव में मनोनीत पार्षद नहीं डाल पाएंगे वोट

चौथी बार भी टला दिल्ली मेयर का चुनाव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट से भाजपा को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा संविधान में स्पष्ट है कि मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) मेयर चुनाव में वोट नहीं डाल सकते हैं। साथ ही 16 फरवरी को होने वाले दिल्ली मेयर का चुनाव भी टल गया है। उपराज्यपाल की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने कहा मामले में विस्तृत सुनवाई होनी चहिए। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई 17 फरवरी को होगी। दिल्ली मेयर चुनाव मामले में आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली मेयर की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने कहा कि एमसीडी मेयर चुवाव में मनोनीत पार्षद वोट नहीं कर सकते हैं। इसी मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि संविधान के प्रविधान के अनुसार, मनोनीत सदस्य महापौर और उपमहापौर चुनाव के लिए वोट नहीं कर सकते हैं। मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। एलजी कार्यालय की ओर से एएसजी संजय जैन ने कहा कि दिल्ली मेयर का चुनाव भी 17 फरवरी की सुनवाई के बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया है। शीर्ष अदालत ने आठ फरवरी को शैली ओबेरॉय की याचिका पर उपराज्यपाल कार्यालय, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के प्रोटेम पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा और अन्य से जवाब मांगा था।

आप विधायक सोमनाथ भारती ने LG को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के महरौली में सोमवार को भी डीडीए का डिमोलिशन ड्राइव लगातार चौथे दिन जारी है। डीडीए के डिमोलिशन ड्राइव का लोग विरोध कर रहे हैं। अब दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती ने ध्वस्तीकरण को लेकर उपराज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।

दिल्ली सरकार के आदेश को लागू करने को कहा आप विधायक सोमनाथ भारती ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर महरौली विध्वंस अभियान रोकने और नए सिरे से सीमांकन के लिए दिल्ली सरकार के आदेश को लागू करने के लिए कहा है। बता दें कि डीडीए का बुलडोजर अवैध निर्माण पर चला है।

डीडीए की कार्रवाई के खिलाफ लोगों को प्रदर्शन

इससे पहले रविवार सुबह पहुंचे बुलडोजर ने आम बाग, बृजवासी कॉलोनी क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर बने अवैध निमार्णों को गिराया। डीडीए की तोड़फोड़ के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। डीडीए डिमोलिशन ड्राइव के दौरान पुलिस भी तैनात रहे। इस दौरान पुलिस पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगा है। हालांकि पुलिस ने इससे इनकार कर दिया।

12 दिसंबर को घरों पर चिपकाया गया था नोटिस

शनिवार को अवैध कब्जे को हटाने के दौरान एक अधिकारी ने अपने बयान में कहा, राजस्व विभाग द्वारा अनाधिकृत और अवैध अतिक्रमण या निर्माण की सीमा की पहचान कर दिसंबर, 2021 में डीडीए और वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आया हाईकोर्ट के आदेश अनुसार अतिक्रमण को हटाया गया है।

पुरातात्विक पार्क में एएसआई, दिल्ली सरकार के राज्य पुरातत्व विभाग और डीडीए के करीब 55 स्मारक आते हैं। पूर्व में 12 दिसंबर, 2022 को अतिक्रमण कर बनाए गए घरों पर एक नोटिस चिपकाया गया था और 10 दिनों के भीतर विवादित भूमि से सभी अनाधिकृत निर्माण को हटाने का निर्देश दिया गया था।

महर्षि दयानंद ने सामाजिक कुरुतियों से लड़ना सिखाया

नई दिल्ली। बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरुतियों का विरोध कर महर्षि दयानंद ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। यह बात मथुरा के विधायक और यूपी के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा ने पीजीडीएवी कॉलेज में आयोजित समारोह में कही। महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कॉलेज प्राचार्य प्रो. कृष्णा शर्मा ने कहा कि दयानंद सरस्वती ने शिक्षा और वेद पाठ का जो रास्ता दिखाया है वह समाज को प्रेरणा देता रहेगा। पीजीडीएवी कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद ने धर्म के नाम पर पाखंड का विरोध किया।

बर्थडे पार्टी के नाम पर चल रहा था अवैध कसिनो

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- 4 लाख नकदी के साथ 46 मोबाइल बरामद छापेमारी के बारे में और जानकारी साझा करते हुए

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के बाद भी अपराधिक घटनाएं कम नहीं हो रही है। पुलिस नई दिल्ली के ज्योति नगर थाना क्षेत्र के हरमन पैलेस में एक अवैध कसिनो का भंडाफोड़ किया गया, पुलिस ने छापेमारी में 41 लोगों और 4.98 लाख रुपये नकदी, मोबाइल फोन और कसिनो सिक्कों के साथ गिरफ्तार किया। 4 लाख नकदी के साथ 46 मोबाइल बरामद छापेमारी के बारे में और जानकारी साझा करते हुए, पुलिस ने कहा कि एक कसिनो-स्टाइल में सट्टा (सट्टेबाजी सिंडिकेट) लगवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया और 41 लोगों को रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। करीब 5 लाख (4.98 लाख नकद), 46 मोबाइल फोन और 2,800 कसिनो सिक्के बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बारे में बताते हुए एक अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई एएटीएस और ज्योति नगर पुलिस स्टेशन द्वारा संयुक्त रूप से की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर ज्योति नगर के हरमान पैलेस में छापा मारा गया, जिससे कसिनो स्टाइल में लोगों को जुआ खिलाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड हुआ। इस छापेमारी के दौरान 41 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आगे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि बर्थडे पार्टी चल रही है, लेकिन छापेमारी के दौरान पता चला कि पार्टी के नाम पर जुआ और कसिनो चल रहा था। पुलिस ने तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपितों के पास से 4.98 लाख रुपये, 28 सिक्कों के सेट (2800 के सिक्के), 46 मोबाइल फोन और 25 ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं।

बीजेपी विधायक के ऑफिस में चोरों ने की सेंधमारी, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चोरों ने भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक के कार्यालय में कथित रूप से सेंध लगाई और वहां से दो टेलीविजन ले गये। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर से भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि शनिवार रात चोरों ने यह सेंधमारी की जिसके बारे में पुलिस को सूचित कर दिया गया है। चोरी के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि चोर दो टेलीविजन ले गए और कार्यालय में भी तोड़फोड़ की। पिछले कुछ सालों में यह तीसरा मौका है जब उनके विश्वास नगर कार्यालय को चोरों ने निशाना बनाया है। चोरों ने जनवरी 2017 में आखिरी बार उनके कार्यालय में चोरी की थी।

डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान महरौली में सोमवार को भी जारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- दिल्ली सरकार ने डीएम साउथ के डीमार्केशन की गलती को स्वीकार करते हुए डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली सरकार के बीच डीडीए के अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर कई दिनों से घमासान जारी है। चौथे दिन यानी सोमवार को भी डीडीए ने महरौली क्षेत्र में अपना अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं रोका।

गौरतलब है कि दिल्ली के महरौली में डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान चल रहा है। इसको लेकर दिल्ली सरकार और डीडीए के बीच काफी दिन से तनातनी बनी हुई है। दिल्ली सरकार ने डीएम साउथ के डीमार्केशन की गलती को स्वीकार करते हुए डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद भी डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहा।

इसके लिए दिल्ली सरकार ने रेवेन्यू डिपार्टमेंट को भी दिशा निर्देश जारी किए थे। आपको बता दें कि दिल्ली के महरौली इलाके में डीडीए का डेमोलिशन अभियान सोमवार को भी जारी रहा। इस बात की संभावना जताई जा रही थी कि डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान रुक सकता था, लेकिन डीडीए ने महरौली क्षेत्र में डिमोलिशन की कार्रवाई जारी रखी। दिल्ली सरकार और डीडीए के बीच चल रही तनातनी के बीच डीडीए की टीम ने महरौली क्षेत्र में कई घरों को तोड़ दिया। आम आदमी पार्टी के विधायक और पार्षद ने डीडीए की इस कार्रवाई का विरोध भी किया।

स्थानीय अभिजीत कुमार ने बताया कि लोग लगातार इस डेमोलिशन को रोकने के लिए विरोध कर रहे हैं। लेकिन डीडीए अपनी मनमानी करता रहा। डीडीए का दस्ता लोगों के घर को तोड़ता रहा। दिल्ली सरकार ने डीएम साउथ के डीमार्केशन की गलती को स्वीकार करते हुए डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इसके लिए रेवेन्यू डिपार्टमेंट को भी निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद भी डीडीए का अतिक्रिमण विरोधी अभियान जारी है।

दिल्ली दंगे 2020 : गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2020 के दंगों को आयोजित करने के लिए आपराधिक साजिश के मामले में निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आदेश सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भटनागर की खंडपीठ ने दलीलें सुनीं और आदेश सुरक्षित रख लिया। फातिमा को मार्च 2022 में ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। फातिमा के वकील, अधिवक्ता सुशील बजाज ने पहले प्रस्तुत किया था कि अभियोजन पक्ष के सभी गवाह या तो सुने गए हैं या वे व्यक्ति हैं जो सभी विरोध सभाओं में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने तर्क दिया कि साक्ष्य की पुष्टि करने के लिए पहला कदम होना चाहिए। बजाज ने यह भी आरोप लगाया था कि प्रत्येक गवाह क्षमा प्राप्त आरोपी है और वे फातिमा के खिलाफ गवाहों के रूप में काम कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, खुलासा बयान में फातिमा ने 15 जनवरी के सीलमपुर प्रदर्शन के बारे में पुलिस को बताया था कि भीड़ योजना के अनुसार बढ़ने लगी थी, इस भीड़ को भड़काने और लामबंद करने के लिए बड़े नेता और वकील आने लगे थे। उमर खालिद, चंद्रशेखर रावण, योगेंद्र यादव, सीताराम येचुरी और वकील महमूद प्राचा शामिल थे। चार्जशीट के मुताबिक, वकील महमूद प्राचा ने कहा कि प्रदर्शन में बैठना आपका लोकतांत्रिक अधिकार है और बाकी नेताओं ने सीएए और एनआरसी को मुस्लिम विरोधी बताकर समुदाय में असंतोष की भावना को हवा दी थी। चार्जशीट में अर्थशास्त्री जयति घोष, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और एक्टिविस्ट अपूवार्नंद और डॉक्यूमेंट्री फिल्म निमार्ता राहुल रॉय के नाम भी शामिल हैं। बयान में, कार्यकताओं देवांगना कलिता और नताशा नरवाल ने कहा था कि उन्हें तीन व्यक्तियों ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध करने और किसी भी हद तक जाने के लिए कहा था। नागरिकता के समर्थकों और इसका विरोध करने वालों के बीच झड़प के बाद 24 फरवरी 2020 को पूर्वोत्तर दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी।

जजों की नियुक्ति व तबादले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा, जो अपेक्षित, उसे पूरा करना करें सुनिश्चित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्र से कहा कि वह यह सुनिश्चित करे कि न्यायाधीशों की नियुक्ति और तबादले के संबंध में जितना अपेक्षित है, उतना हो जाए। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत भी इस मुद्दे से चिंतित है और यह मुद्दा एक से अधिक है। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा, यह इस तरह अंतहीन नहीं चल सकता, किसी बिंदु पर आपको कोड़ा मारना होगा। अन्यथा, यह अंतहीन चलेगा। जस्टिस कौल ने कहा, जो हो रहा है उससे हम भी उतने ही चिंतित हैं, लेकिन कभी-कभी.. भूषण ने कहा कि केंद्र सरकार ने कुछ चुनिंदा न्यायाधीशों की नियुक्तियों को अधिसूचित किया है, लेकिन जिन मामलों में वे और न्यायाधीशों के स्थानांतरण पर भी सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है, उन सब का क्या। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, मैं इसे दो सप्ताह के बाद रख रहा हूं। कृपया सुनिश्चित करें कि जो अपेक्षित है वह पूरा हो गया है। कृपया अटॉर्नी जनरल को सूचित करें। एडवोकेट्स एसोसिएशन, बेंगलुरु द्वारा अवमानना याचिका लेते हुए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित हैं।

याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पी. दातार ने कहा कि एक चार्ट तैयार किया गया है और एक श्रेणी मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है, जिन पर कुछ नियुक्तियां की गई हैं जबकि कुछ अन्य लंबित हैं। खंडपीठ ने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार से सहमति लेनी होगी। अदालत ने मामले को 2 मार्च को विचार के लिए रखा क्योंकि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की ओर से वकील ने एक संक्षिप्त स्थगन मांग लिया। 3 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत के कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के तबादले को मंजूरी देने में देरी पर केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा था कि इसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक और न्यायिक दोनों तरह की कार्रवाई हो सकती है, जो कि सुखद नहीं हो सकती है। शीर्ष अदालत ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा, हमें कोई स्टैंड न लेने दें, जो बहुत असुविधाजनक होगा। और आगे कहा कि यदि न्यायाधीशों के स्थानांतरण को लंबित रखा जाता है तो यह एक गंभीर मामला है।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि स्थानांतरण एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है और इस प्रक्रिया में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी। पीठ ने मौखिक रूप से एजी से कहा, हमें एक कठिन निर्णय लेना होगा। हमें कड़ा रुख अपनाने के लिए मजबूर न करें। केंद्र सरकार ने हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में सात नए न्यायाधीशों और विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कई अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। शीर्ष अदालत केंद्र द्वारा न्यायिक नियुक्तियों के लिए समय सीमा का उल्लंघन करने के खिलाफ एडवोकेट्स एसोसिएशन ऑफ बैंगलोर द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुमोदित नामों को मंजूरी देने में देरी पर नाराजगी जताई थी।

मुख्यमंत्री गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा से अपराध शाखा ने की तीसरी बार पूछताछ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा सोमवार को पूछताछ के लिए रोहिणी स्थित दिल्ली पुलिस अपराध शाखा के दफ्तर पहुंचे, जहां करीब एक घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। राजस्थान में कथित तौर पर हुआ फोन टैपिंग का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा सोमवार को पूछताछ के लिए रोहिणी स्थित अपराध शाखा के ऑफिस पहुंचे। यहां उनसे करीब एक घंटे तक पूछताछ हुई। पूछताछ के बाद लोकेश शर्मा ने कहा कि उनपर फोन टैपिंग का आरोप गलत है। उनके पास सोशल मीडिया के माध्यम से एक रिकॉर्डिंग आई, जिसे उन्होंने अपने पत्रकार साथियों को भेजा, ताकि यह साफ किया जा सके कि किस तरह एक लोकतान्त्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश चल रही है। शर्मा ने कहा कि वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। जांच एजेंसियों को यह जांच करनी चाहिए कि वह ऑडियो किसकी है, उसमें किसकी आवाज है। उन्होंने कहा कि मैं साफतौर पर बता चुका हूं कि इस फोन टैपिंग के मामले में मेरी कोई भूमिका नहीं है। मेरी भूमिका मात्र इतनी है कि सोशल मीडिया के जरिए रिकॉर्डिंग उनके पास आई और उन्होंने इसे सार्वजनिक किया। उल्लेखनीय है कि मार्च 2021 में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत पर शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। राजस्थान का यह फोन टेप विवाद 2020 का है, जब कांग्रेस नेता सचिन पायलट और अशोक गहलोत गुट के बीच विवाद चल रहा था। उसी विवाद के बीच गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत का यह ऑडियो क्लिप सामने आया था। ऑडियो लीक होने पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को ई-मेल भेजकर शिकायत की थी, जिसमें लोकेश शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। अब तक इस मामले में कुल पांच बार अपराध शाखा लोकेश शर्मा को पूछताछ के लिए बुला चुकी है। आज तीसरी बार लोकेश शर्मा ने अपराध शाखा के प्रश्नों का सामना किया है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का गडकरी और जनरल ने किया निरीक्षण

गाजियाबाद, संवाददाता

सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग राज्यमंत्री एवं केंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह दौसा, राजस्थान में आयोजित 18000 करोड़ से अधिक के निवेश से दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे के फेज-1 सहित 4 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से हुए लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इससे पहले सांसद वीके सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह जी के साथ हरियाणा के सोहना में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके माध्यम से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस कंट्रोल रूम में यात्रियों की सुरक्षा व आपात स्थिती में उनकी सहायता का विशेष प्रबन्ध होगा। दौसा (राजस्थान) में आयोजित शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे देश के सबसे बड़े और सबसे आधुनिक एक्सप्रेस-वे में से एक है। ये विकसित भारत की एक और भव्य तस्वीर है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे राजस्थान और देश की प्रगति के दो मजबूत स्तंभ बनने वाले हैं। ये प्रोजेक्ट्स आने वाले समय में राजस्थान सहित इस पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाले हैं। बीते 9 वर्षों में हमने राजस्थान सहित देश के पूरे बॉर्डर पर रोड और रेल का सशक्त नेटवर्क तैयार कर दिया है। केंद्र सरकार राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी लगभग 1400 किमी सड़कों पर काम कर रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने बदलते समृद्ध भारत की की दृढ़ पहचान के बारे में विस्तार से बताते हुए भारत की जनता को संबोधित किया।

संक्षिप्त खबरें

एक महीने में शुरू होगा एमएमजी का लीक्विड ऑक्सीजन प्लांट

गाजियाबाद, संवाददाता। एमएमजी अस्पताल में लीक्विड ऑक्सीजन प्लांट का काम तेजी से चल रहा है। प्लांट में एलएमओ टैंक को इंस्टॉल कर दिया गया, जिसके बाद वेपोराइजर लगाया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार लगभग एक महीने में प्लांट काम करना शुरू कर देगा। एमएमजी अस्पताल में 10 हजार लीटर का लीक्विड ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए कंस्ट्रक्शन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और उपकरणों को लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। ऑक्सीजन प्लांट के एलएमओ टैंक को इंस्टॉल कर दिया गया है। अब प्लांट के साथ बेपोराइजर लगाने का काम बाकी है। एलएमओ प्लांट लगाने के लिए निर्माणदायी कंपनी को क्रेन की सहायता लेनी पड़ी। अस्पताल के सीएमएस डॉ. मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि वेपोराइजर लगाने के बाद चारदीवारी का काम और पाइप लाइन डालने के काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग एक महीने में प्लांट पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। प्लांट शुरू होने के बाद सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन की जरूरत पड़ने पर बाहर से ऑक्सीजन सिलेंडर भरवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर अन्य अस्पतालों को भी ऑक्सीजन सप्लाई की जा सकती है।

आशा कार्यकताओं को मिलेंगे स्मार्टफोन

गाजियाबाद, संवाददाता। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए शासन स्तर से आशा कार्यकताओं को स्मार्ट फोन दिए जाने हैं, लेकिन किसी जनप्रतिनिधी से समय नहीं मिलने के कारण विभाग स्मार्ट फोन का वितरण नहीं कर रहा है। इसके लिए विबाग की ओर से दो बार डेट आगे बढ़ाई जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग को 365 मोबाइल फोन प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आशा कार्यकताओं को अपडेट किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनएचएम की ओर से स्वास्थ्य विभाग को 365 मोबाइल मिले हैं। इन स्मार्टफोन का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने और मरीजों का डेटा पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट करने के लिए किया जाएगा। स्मार्ट फोन वितरण के लिए विभाग की ओर से दो बार डेट को आगे बढ़ाया जा चुका है। पहले स्मार्ट फोन 30 जनवरी को वितरित किए जाने थे, लेकिन जनप्रतिनिधी से समय नहीं मिलने के कारण इसके लिए 5 फरवरी डेट निर्धारित की गई, लेकिन तब भी फोन वितरित नहीं किए गए। अब विभाग ब्लॉक स्तर पर आशाओं को फोन वितरित करेगा। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि रजापुर, मुरादनगर, मोदीनगर ब्लॉक में स्थानीय अधिकारियों द्वारा आशा कार्यकताओं को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे।

राष्ट्रपति वीरता से सम्मानित संजय सैन को दी विदाई

नई दिल्ली, संवाददाता

राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार सहित अनेकों अवार्ड से सम्मानित उत्तर पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त आईपीएस संजय सैन की सेंट्रल मध्य दिल्ली में जिला पुलिस उपायुक्त की नई नियुक्ति पर उनका भावना से भरे भावनात्मक सादे विदाई समारोह का आयोजन पुलिस उपायुक्त कार्यालय सीलमपुर पर किया गया इस अवसर पर विभिन्न समाजों के आए प्रतिष्ठित लोगों सहित अमन कमेटी, आरडब्ल्यूएस व भिन्न-भिन्न सामाजिक व्यापारिक संगठनों के गणमान्य व्यक्तियों ने उनका फुलमलाओ, शॉल, बूको व प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर भिन्न भिन्न प्रमुख लोगो ने भारी मन से उनके ना भूलने वाली अलौकिक प्रेम, परस्पर सहयोग व उनके साहसिक कार्य की योद्धाओं वाली क्षमता पर उनका वंदन किया तथा उनकी नई जिम्मेदारी के लिए उनको शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सैन ने कहा कि आपके व उत्तर पूर्वी जिले की प्यारी जनता का प्यार मैं कभी भी नही भुला पाऊंगा हर समय मुझे जो आप लोगो ने अपराध को खत्म करने के लिए प्रेरणा दी तथा समय समय पर उत्तर पूर्वी जिला पुलिस के अधिकारियों का साथ दिया वह आपका निश्छल प्रेम व दिल्ली की दिल की उतर पूर्वी जिले पुलिस का आपके द्वारा पूर्ण विश्वास है जिसका कर्ज हम आपके प्रेम व स्नेह के रूप में साफ लेकर जा रहे हैं आइपीएस सैन ने कहा कि नियुक्ति से पहले जो यहां निरंतर अपराध ग्राफ इस जिले में पैर पसार चुका था। इस अवसर पर डॉक्टर यू के चौधरी, जयभगवान गोयल, ताराचंद्र उपाध्याय, शरीफ आलम अलवी, नीलम नेगी, बाल कृष्णा उपाध्याय, जितेंद्र पंवार, राकेश भट्ट, भगत पहलवान, प्रवीन दायमा, मनोज त्यागी, ईश्वर चौधरी, एडवोकेट विपिन भदोरिया, मानसी उपाध्याय, स्मृति पांडे, यतेंद्र शर्मा, सतेंद्र चौधरी, ज्वाला शर्मा सहित विभिन्न समाजो के बंधु / भगिनी व कई दिग्गज पत्रकार बंधु सहित तमाम एसीपी, थानाध्यक्ष तथा उत्तर पूर्वी जिले के समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित है।

विभाग के अधिकारी को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए एलआईसी ने किया खेला

- खुद की बिल्डिंग होते हुए आरडीसी में किराए पर हासिल की बिल्डिंग
- हर साल किराए के तौर पर होगा करीब डेढ करोड का भुगतान

गाजियाबाद, संवाददाता

लगता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी में पैसे की भरमार है। शायद यही वजह है कि खुद की अपनी बिल्डिंग होते हुए आरडीसी की एक बिल्डिंग में तीन हिस्से किराए पर लिए गए है। हर साल किराए के तौर पर करीब डेढ करोड रूपए का भुगतान किया जाएगा। बिल्डिंग स्वामी एवं एलआईसी के बीच हुए करार को देखा जाए तो 14 फरबरी 2023 से 13 फरवरी 2026 के मध्य 6284 स्कवायर मीटर के हिस्से को 54.45 रूपए प्रति स्कवायर मीटर की दर से लिया गया है। अर्थात एक हिस्से के किराए के तौर पर एलआईसी के द्वारा करीब साढे तीन लाख रूपए का भुगतान किया जाएगा। बिल्डिंगके दूसरे हिस्से के करार को देखा जाए तो हर माह एलआईसी के द्वारा एक से डेढ करोड रूपए का भुगतान किया जाएगा। एलआईसी के सूत्र बताते है कि ये खेल विभाग के अधिकारी को लीक से हटकर आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है, आरडीसी के डी ब्लाक की जिस बिल्डिंग में एलआईसी के जीटी रोड स्थित दफतर को शिफट किया गया है वह विभाग के ही एक वरिष्ठ अधिकारी की है। मजे की बात ये है कि एक लंबे समय से जीटी रोड की जिस बिल्डिंग में एलआईसी का दफतर चल रहा था, वह विभाग की अपनी बिल्डिंग है। मजे की बात ये है कि एलआईसी के द्वारा जो समाचार पत्रों में अपनी बिल्डिंग को किराए पर देने के लिए जो एड निकाला उसमें विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपनी बिल्डिंग को लेकर तारीफ के पुल बांध दिए। अर्थात बिल्डिंग से मुख्य बाजार एवं रेलवे स्टेशन नजदीक। हैरत की बात ये है कि जीटी रोड की जिस बिल्डिंग में एलआईसी का कार्यालय संचालित हो रहा था, उसमें पार्किंग की भी प्रोपर व्यवस्था थीं, जबकि आरडीसी में हर वक्त जाम की समस्या रहती है।

पैथोलॉजी लैब बंद और शोपीस बने हेल्थ एटीएम

2 हजार में से महज 200 लोगों की ही हो रही जांच

गाजियाबाद, संवाददाता

जिला एमएमजी अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में 18 जनवरी को छत का प्लास्टर टूटकर गिर गया था। जिसके बाद से अस्पताल में लैब जांच बंद हैं। लैब की मशीनों को दूसरे कमरे में शिफ्ट किया गया, लेकिन वहां अर्थिंग आने के कारण मशीनें खराब हो गईं। अब अस्पताल प्रबंधन लैब के नए कमरों का निर्माण करवा रहा है और मशीनों के खराब होने की आशंकाओं के चलते लैब जांच शुरू नहीं की जा रही हैं। अस्पताल में केवल भर्ती मरीजों और बेहद जरूरी मामलों में जांच के लिए सैंपल लेकर कंबाइंड अस्पताल भेजे जा रहे हैं।

एमएमजी अस्पताल की पैथोलॉजी लैब जिले में सरकारी स्तर की सबसे बड़ी लैब है। यहां रक्त की सभी जांचों के अलावा हार्मोनल जांच भी की जाती हैं। जबकि जिले के दूसरे किसी सरकारी अस्पताल में हार्मोनल जांच की सुविधा नहीं है। एमएमजी अस्पताल में रोजाना लगभग 3 हजार मरीज पहुंचते हैं, जिनमें से लगभग 2000 मरीजों को खून की जांच की जरूरत होती है, लेकिन लैब बंद होने के कारण डॉक्टर केवल बहुत जरूरी मामलों में ही ब्लड टेस्ट लिख रहे हैं। इसके लिए भी उन्हें कंबाइंड अस्पताल जाना पड़ता है। कंबाइंड अस्पताल में भी रोजाना लगभग 500 मरीजों की जांच होती है। कंबाइंड अस्पताल की पैथ लैब काफी छोटी है और वहां कई तरह की जांच भी नहीं हो पातीं। जिसके चलते मरीजों को निजी लैब पर महंगी जांच करवानी पड़ रही हैं।

--शोपीस बने हैं हेल्थ एटीएम

शासन ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में हेल्थ एटीएम लगवाए थे। हेल्थ एटीएम में खून की लगभग 48 जांच की जा सकती हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी 20 से ज्यादा जांच हो सकती हैं, लेकिन अस्पतालों में हेल्थ एटीएम महज शोपीस बने हुए हैं। खून की जांच के लिए हेल्थ एटीएम में स्ट्रिप और कुछ अन्य उपकरण लगते हैं जो लंबे समय से खत्म हैं। उनके लिए शासन को डिमांड भी भेजी जा चुकी है, लेकिन शासन से सप्लाई नहीं मिल रही। इसके अलावा हेल्थ एटीएम को चलाने के लिए इंटरनेट की जरूरत है और अस्पताल प्रबंधन तीन महीनों में उसकी व्यवस्था भी नहीं कर सके हैं।

पैथोलॉजी लैब के कमरों का निर्माण तेजी से चल रहा है जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। उसके बाद लैब को शुरू कर दिया जाएगा। हेल्थ एटीएम के लिए शासन को जरूरी उपकरणों की डिमांड भेजी गई है।

डॉ. मनोज चतुर्वेदी, सीएमएस, एमएमजी अस्पताल

ब्लड डोनेशन कैंप लगाया

गाजियाबाद, संवाददाता। जीनियस फ्यूचर फाउंडेशन की ओर से रामा अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 40 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। जीनियस फ्यूचर फाउंडेशन के अध्यक्ष सुधीर पांडे ने बताया कि रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और इससे हम दूसरों की जिंदगी बचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान करने से कई गंभीर बीमारियों के होने की आशंका भी खत्म हो जाती है। कैंप के दौरान विपुल, अंकित, अनुज, अमित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

डीएम की तीन टीमों ने रैंडम आधार पर की 17 गैस एजेंसियो की जांच

गाजियाबाद, संवाददाता

रसोई गैस की कालाबाजारी को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर अलग-अलग टीम गठित कर रैंडम आधार पर गैस एजेंसियों की जांच कराई गई। सिटी मजिस्ट्रेट एवं तीनो अपर सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशन में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों और बाट माप निरीक्षकों की चार टीमें गठित कर जनपद में शहर की गैस एजेंसियों की जांच की गई। प्रथम टीम में नगर मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ सीमा, विनोद भारती क्षेत्रीय अधिकारी, आनंद प्रभु सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, हर्षवर्धन सिंह विधिक माप विज्ञान निरीक्षक।

दूसरी टीम में एसीएम शालिनी अग्रवाल, डॉ सीमा जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आनंद प्रभु, विनोद भारती तथा हर्षवर्धन सिंह। टीम तृतीय में एसीएम निखिल चक्रवर्ती, आनंद प्रभु सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, विनोद भारती क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, हर्षवर्धन सिंह विधिक माप विज्ञान निरीक्षक मौजूद रहे। विभिन्न गठित टीमों द्वारा अलग-अलग 17 गैस एजेंसियों की जांच की गई। जिसमें मैसर्स हिंडन गैस सर्विस, कमला गैस सर्विस, ख्वाजा गैस सर्विस, ख़्वाजा गरीब नवाज गैस सर्विस, इंजीनियर गैस सर्विस, बीएस गैस सर्विस, राज गैस सर्विस, गाजियाबाद गैस सर्विस, साईबाबा गैस सेवा सर्विस, मॉ वैष्णो गैस सर्विस, शिवसाई गैस सर्विस त्रिवेणी इंडेन सेवा गैस एजेंसियों की जांच की गई। इनमें से 16 गैस एजेंसियों में स्टॉक, डिलीवरी एवं सिलेंडर में डिलीवरी की जा रही गैस की मात्रा सही पायी गई।

पांचो जोन के वाहनों को एक पप से तेल देने की व्यवस्था के मामले ने पकड़ा तूल

- पार्षदो ने कहा तत्काल प्रभाव से नगर स्वास्थ्य अधिकारी पद से डा मिथलेश को किया जाए कार्य मुक्त
- तेल घोटाले की हो उच्च स्तरीय जाच
- डा मिथलेश एवं ओमप्रकाश के बीच के खेल किया जाए उजागर

गाजियाबाद, संवाददाता

नगर निगम के पांचों जोन के वाहनों को डीजल एवं सीएनजी दिए जाने का ठेका एक पैट्रोल पंप को दिए जाने का मामला तूल पकड रहा है। कई पार्षदो ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद से डा मिथलेश को कार्यमुक्त करते हुए निगम के हेल्थ विभाग में चल रहे डीजल के खेल की उच्च स्तरीय जांच कराने पर जोर दिया है। पार्षदों का आरोप है कि जब से निगम के हेल्थ विभाग मे नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर डा मिथलेश की तैनाती हुई है, निगम के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचा है। पार्षदों ने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी एक पंप संचालक को ठेका दिए जाने के बजाय हर जोन में मौजूद पंप संचालकों को जिम्मेदारी दे अथवा निगम खुद के पंप स्थापित करें। इस बात की भी जांच करायी जाए कि ओमप्रकाश और नगर स्वास्थ्य अधिकारी के बीच क्या खेल चल रहा है। जिस पंप संचालक को ठेका दिया है, पंप पर ओम प्रकाश की क्या भूमिका है।

बीजेपी के कौशांबी से पार्षद मनोज गोयल ने कहा कि शासन के द्वारा डेपुटेशन की व्यवस्था कभी की समाप्त की जा चुकी है। वैसे भी हेल्थ विभाग में डाक्टरों की कमी है। ऐसे मे तत्काल प्रभाव से डा मिथलेश को नगर स्वास्थ्य अधिकारी पद से कार्य मुक्त किया जाए। उन्होंने सवाल किया कि कौशांबी एवं वैशाली वार्ड दिल्ली सीमा से लगे हुए है। इन क्षेत्रों में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन के वाहन यदि सीएनजी लेने गाजियाबाद के नया बस अडडा स्थित पप पर जाएंगे तो समय के साथ सीएनजी की भी बबार्दी होगी। उन्होने कहा कि उनकी समझ में ये नहीं आ रहा है कि निगम के हेल्थ विभाग में जो खेल चल रहा है, वह निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को क्यो दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारियों को चाहिए कि वह इस बात की भी अध्ययन कराए कि निगम के अपने पंप पर जो सीधे तेल कपनियों से तेल हासिल किया जाता है, उसमें क्या अंतर आ रहा है। चूंकि कोई भी प्राइवेट पंप संचालक बगैर मुनाफे के तेल देने वाला नहीं है। कांग्रेस से पार्षद मनोज चैधरी ने कहा कि एक बीजेपी के वरिष्ठ पार्षद के द्वारा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से एक मैग्जीन को एक एड देने का आग्रह किया था, जिसे निगम के अधिकारियों के द्वारा तूल दे दिया गया था, अब निगम के अधिकारियों को हेल्थ विभाग में तो घोटाले चल रहे है वह क्यों दिखाई नहीं पड रहे है। उन्होने ये भी सवाल खडा किया कि जब तत्कालीन नगर आयुक्त दिनेश चद के द्वारा स्पष्ट आदेश दिए थे कि ठेका श्रमिक शीशपाल को भविष्य मे किसी सरकारी पंप पर तैनात न किया जाए तो कैसे सरकारी पंप पर शीशपाल की तैनाती हो गई।

राजस्व वसूली का लक्ष्य हासिल के लिए सख्त आबकारी विभाग

-एक माह में गाजियाबाद के शौकीन पी गए 122.5 करोड़ रुपए की शराब

गाजियाबाद, संवाददाता। शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ राजस्व वसूली का लक्ष्य हासिल करने के लिए आबकारी विभाग कार्रवाई को लेकर सख्त हो गया है। विभाग ने बिना लाइसेंस चल रही बार पर कार्रवाई करने के साथ-साथ बाहरी शराब तस्करी रोकने के लिए भी अभियान तेज कर दिया है। जनपद गाजियाबाद की बात की जाए तो यहां पर आबकारी विभाग ने शासन के निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक राजस्व प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। आबकारी विभाग ने जनवरी महीने में राजस्व वसूली में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 122.5 करोड़ रुपए राजस्व वसूली की है। जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले 23.42 करोड़ कम है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के शुरूआती करीब 6 महीने आबकारी विभाग के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। दिल्ली सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू होने के बाद से दिल्ली में शराब सस्ती हो गई। दिल्ली में लोगों को सस्ती दर पर शराब मिलने के साथ ही एक बोतल के साथ एक बोतल फ्री का ऑफर दिया जा रहा था। गाजियाबाद दिल्ली से सटा हुआ है और गाजियाबाद को दिल्ली से जोड़ने वाले कई ऐसे रास्ते है। जिन रास्तों से लोग दिल्ली से गाजियाबाद में आसानी से शराब लेकर आते थे। हालांकि आबकारी विभाग ने इस बीच दिल्ली से शराब लेकर गाजियाबाद आने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की। दिल्ली सरकार की नई शराब नीति ने गाजियाबाद के साथ नोएडा, मेरठ, बागपत समेत विभिन्न जनपदों के राजस्व को काफी प्रभावित किया।

इंटरलॉक टाइल्स निर्माण कार्य का विधायक ने किया उद्घाटन

गाजियाबाद, संवाददाता। विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत सीसी रोड़ व दोनों तरफ इंटरलॉक टाइल्स निर्माण कार्य का रविवार को विधायक अतुल गर्ग ने विधिवत लोकार्पण किया। नेहरू नगर ई ब्लॉक में टूटे हुए खरंजे से सम्बंधित समस्या बनी हुई थी जिस को ध्यान में रखते हुए विधायक अतुल गर्ग ने लगभग 10 लाख रुपये की विधायक निधि से 100 मीटर की सीसी रोड़ व दोनों तरफ इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण करवाया। निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस दौरान अतुल गर्ग ने क्षेत्रवासियों की समस्या भी सुनी, जिस में जल्दी ही सोलर लाइट व पानी की निकासी की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। अतुल गर्ग ने बताया कि हम सभी को सड़क पर अतिक्रमण से बचते हुए वाहन खड़े करने की सुविधा पर ध्यान देना चाहिए। अतुल गर्ग ने जनता के समक्ष बजट की खूबियों को भी रखा। इस अवसर पर अनिल मित्तल, प्रमोद सिसौदिया, अशोक वर्मा रिंकू, पार्षद हिमांशु लव, पूर्व पार्षद तेन सिंह, राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, हर्ष गर्ग, अनुज मित्तल, नीरज गोयल, संजीव गुप्ता संटू, आकाश जैन सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

गाजियाबाद, संवाददाता। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती पर रविवार को राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय महासचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इन्द्रजीत सिंह टीटू ने उनके चित्र पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा कराए गए कार्यों को भी याद किया। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि चौधरी अजित सिंह एक साफ सुथरी छवि के नेता थे, जो किसानों के वास्तव में सच्चे नेता थे, जिन्होंने किसानों के हित में अनेको कार्य किये। अजित सिंह ने जो कार्य किसानों के हित मे किए और जो सुझाव किसानों के हित में रहे उन पर कई पुस्तकें लिखी जो आज भी विदेशी यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा उनका व्यक्तित्व निर्भीक था। उन्होंने सदैव किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक व गरीब के हितों के लिए कार्य किए। स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह हमेशा किसानों के हक में लड़ने वाले नेता थे, उन्होंने किसानों के लिए कई अच्छे काम किए हैं।

चोरी के 15 मोबाइल व हजारों की नगदी समेत चार चोर गिरफ्तार

गाजियाबाद, संवाददाता। घर में घुसकर चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को इंदिरापुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनक कब्जे से पुलिस ने चोरी के 15 मोबाइल एवं 4730 रुपए बरामद किए है। इंदिरापुरम थाना प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि शनिवार को प्रमोद कुमार द्वारा घर से चार मोबाइल चोरी होने की थाने में शिकायत दी गई थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर रविवार को छिजारसी कट इंदिरापुरम से रिंकू पुत्र धर्मपाल निवासी मस्जिद वाली पीली बाऊन्ड्री कनावनी, राजू उर्फ मोटा पुत्र रतनलाला निवासी शकरपुर दिल्ली, कुलदीप पाण्डेय पुत्र रामनिवास निवासी मनीराम होटल कनावनी एवं मौहम्मद कैफ पुत्र अख्तर खान निवासी मदरसे वाली गली कनावनी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के है, जो कि रात के अंधेरे में घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपी पिछले काफी समय से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहें हैं।

बाइक सवार बदमाशों ने की डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

-डॉक्टर की मौत के बाद लोगों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

गाजियाबाद, संवाददाता। मुरादनगर के आर्य नगर कॉलोनी स्थित मेन रोड पर राजवीर वाली गली में शनिवार रात बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने डॉक्टर को गोली मार दी। गंभीर हालत में डॉक्टर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उनको गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आला अधिकारी जुट गए, मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस पूरे मामले को फिलहाल रंजिश से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डॉक्टर शमशाद (45) पुत्र मोहम्मद ताहिर अपने परिवार के साथ आर्य नगर कॉलोनी स्थित मेन रोड पर राजवीर वाली गली में रहते थे। जिनकी 6 बच्चे हैं, तीन बेटी और तीन बेटे। शनिवार रात करीब 11 बजे क्लीनिक को बंद कर डॉक्टर शमशाद अपने घर जा रहे थे। उनके घर के सामने ही घात लगाए बैठे हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। चार गोली उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी हवा में हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घनी आबादी में ताबड़तोड़ फायरिंग से आसपास में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बाइक सवार हमलावरों ने हेलमेट पहन रखा था।

वरदान यशोदा मेडिसिटी में 1200 बेड, 825 करोड़ का निवेश, 4500 कर्मचारी और यशोदा बायोटेक पार्क 300 बेड में 500 करोड़ का निवेश व 2400 कर्मचारी...

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : शहरी मंत्री ने किया यशोदा मेडिसिटी और यशोदा बायोटेक पार्क के स्टॉल का दौरा

गाजियाबाद, संवाददाता

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री और भारत सरकार में आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के प्रदर्शनी हॉल में यशोदा मेडिसिटी और यशोदा बायोटेक पार्क के स्टॉल का दौरा किया और निवेश की सराहना की, जो क्वाटरनरी केयर हेल्थकेयर फैसिलिटी और रोजगार के अवसरों के मामले में सीधे यूपी के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का यह भव्य कार्यक्रम लखनऊ में हो रहा है। जिसमें देश और विदेश के नामचीन उद्यमी भाग ले रहे हैं। यशोदा मेडिसिटी में 1200 बेड, 825 करोड़ का निवेश, 4500 कर्मचारी और यशोदा बायोटेक पार्क 300 बेड में 500 करोड़ का निवेश व 2400 कर्मचारी। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि योगी सरकार ने सिर्फ 6 वर्ष की अवधि में यूपी का एक्साइज कलेक्शन 14,500 करोड़ से बढ़कर 42,000 करोड़ हो गया। जो कि यह दशार्ता है कि एक ईमानदार, जनहित को प्राथमिकता देने वाली सरकार में कैसे व्यवस्थाएं सुधरती हैं और प्रदेश सरकार का रेवेन्यू बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के मैनिफेस्टो में कुछ धार्मिक भावनाएं भी होती हैं। मोदी और योगी ने राम मंदिर निर्माण को लेकर अपने मैनिफेस्टो में कहा था और आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तेज गति से हो रहा है। उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास बहुत तेजी से किया जा रहा है। सड़क यातायात को सुगम बनाने के लिए हाईवे, एक्सप्रेस वे और रेल सुविधाओं में भारी निवेश किया जा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास प्रदेश के निवासियों के साथ-साथ निवेशकों के लिए भी बहुत सहायक सिद्ध होता है। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा ने दावा किया कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले छह सालों में उन्होंने यूपी की छवि को पूरी तरीके से बदल के रख दिया है। हम विश्व स्तर के हेल्थ सेक्टर, मेडिकल कॉलेज में ज्यादा से ज्यादा लैब की व्यवस्था हो या स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए यूपी सरकार से साझीदारी पर जोर दे रहे हैं। हमारी कोशिश है कि सभी अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी और दुनिया भर से वैश्विक सर्वोत्तम हेल्थ सेक्टर के साधनों का विकास यूपी में है।

सम्पादकीय

महंगाई डायन कब जात है...

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मुद्रास्फीति, महंगाई की दर 5.3 फीसदी रह सकती है। फिलहाल यह दर 6 फीसदी से अधिक है, जो तय लक्ष्मण-रेखा लांघती लग रही है। अलबत्ता खतरनाक स्थिति नहीं है। एक तरफ महंगाई को काबू में रखने के दावे किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो रेट में बढ़ोतरी की है। अब रेपो रेट 6.50 फीसदी 2018 के बाद सबसे ऊंची दर है। रिजर्व बैंक का अर्थशास्त्र कहता रहा है कि इससे महंगाई को कम किया जा सकता है। पेशेवर अर्थशास्त्र इसके बिल्कुल विपरीत है, क्योंकि बाजार में पैसा नहीं होगा, तो मांग घटेगी। मांग कम होने का सीधा असर आपूर्ति और उत्पादन पर पड़ता है। उससे अर्थव्यवस्था की विकास दर भी प्रभावित होकर कम होती है। रोजगार के अवसर भी कम हो जाते हैं।

बैंकों के ऋण जरूर महंगे हो जाते हैं। उनसे भी आम आदमी ही प्रभावित होता है। अच्छा है कि 2023-24 में महंगाई कम हो सकती है, क्योंकि इस साल 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और 2024 में तो निर्णायक लोकसभा चुनाव होने हैं। इधर कुछ नए सर्वेक्षण सामने आए हैं, जिनमें महंगाई को मोदी सरकार की सबसे बड़ी नाकामी आंका गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में और भी गिरावट आ सकती है, नतीजतन मुद्रास्फीति भी घट सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि कच्चे तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति बैरल कम हो चुकी हैं, फिर भी उनका फायदा आम उपभोक्ता को नहीं दिया गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने तेल कंपनियों को पत्र लिख कर आग्रह किया था कि कंपनियों के घाटे की लगभग भरपाई की जा चुकी है और कच्चे तेल की कीमतें भी नियंत्रण में हैं, लिहाजा आम उपभोक्ता के लिए कीमतें कम की जाएं।

लेकिन तेल कंपनियों ने केंद्रीय मंत्री के आग्रह की भी परवाह नहीं की और पेट्रोल, डीजल के दाम यथावत हैं। महंगाई, मुद्रास्फीति की दर बढे में तेल की बड़ी भूमिका है। कच्चा तेल 135-140 डॉलर प्रति बैरल भी हुआ है और 30-40 डॉलर तक भी लुढका है और अब 90-94 डॉलर प्रति बैरल के बीच में घूम रहा है। भारत अपनी मुद्रा में रूस से भी सस्ता तेल खरीद रहा है। सवाल है कि तेल सस्ता होने पर आम उपभोक्ता को पेट्रोल, डीजल आदि सस्ते क्यों नहीं मिलते? तेल कब तक आम आदमी का तेल निकालता रहेगा? बेशक रिजर्व बैंक के गवर्नर ने 2023-24 के दौरान मुद्रास्फीति की दर नियंत्रण में आने का भरोसा दिलाने की कोशिश की है, लेकिन यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में नियंत्रित अर्थव्यवस्था नहीं है। यदि किसी वस्तु के दाम महंगे कर दिए गए, तो उन्हें तेल की कीमतें घटने या सामान्य हालात होने के बावजूद सस्ता नहीं किया जाएगा। एक और उदाहरण दूध का है। यदि उसके दामों पर नियंत्रण और निगाह के लिए कोई नियामक एजेंसी तय नहीं की गई, तो उसकी स्थिति भी तेल जैसी अनियंत्रित हो जाएगी। बेशक खुदरा और थोक महंगाई की दरें फिलहाल कम हैं। सब्जियों के दाम स्थिर हैं, लेकिन आटा, चावल, अरहर की दाल, उड़द और चना दाल, राजमां और सरसों का तेल आदि वस्तुएं महंगी हुई हैं।

बजट के बारे में : बजट से इतर

अरुण कांत शुक्ला

बजट के बारे में बजट से इतर बात यह है कि देश के आम लोगों की प्राथमिकताएं नीति आयोग में बैठे अर्थशास्त्रियों और वित्त मंत्रालय में बैठे उन उच्च अधिकारियों की प्राथमिकताओं से एकदम भिन्न हैं जो साल दर साल यह तय करते हैं कि सरकार के पास रुपया आयेगा कहाँ से और रुपया बटेगा किसे? याद करें कि बजट के ठीक पहले जब खबरिया चैनल्स के एंकर हाथ में माईक लेकर बाजार हाट में लोगों से पूछ रहे थे कि वे बजट में क्या चाहते हैं तो गृहणियां मंहगाई कम होनी चाहिए बोल रही थीं तो युवा रोजगार के अवसर बढ़ने चाहिये कह रहे थे। वृद्धजनों को दवाईयों की कीमतों और स्वास्थ्य सेवाओं के सस्ते होने की फिक्र थी। पर, क्या यह बजट जिसे अपने भाषण के दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीथारमण ने अनेक बार अमृतकाल का पहला सप्तऋषी बजट कहकर पेश किया गया है, आम लोगों की उन प्राथमिकताओं को पूरा करता है?

वित्तमंत्री ने जिन वस्तुओं के सस्ते होने की संभावना व्यक्त की है उनमें से किसी का भी आम आदमी के रोजमर्रा जीवन से कोई सीधा संबंध नहीं है। मसलन, मोबाईल पार्ट्स और टेलीविजन के ओपन सेल के कलपुर्जों पर कस्टम ड्यूटी घटाई गयी है। टीव्ही पर आयात शुल्क कम होगा, उसके सस्ते होने की संभावना है। रबर पर ड्यूटी कम होने से खिलौने, साईकिल, आटोमोबाईल सस्ते हो सकते हैं। वैसे यदि अभी तक के बजटों में जब कभी भी इस तरह कस्टम ड्यूटी या आयात शुल्क या अन्य कोई भी टेक्स कम करके चीजों के सस्ते होने का सब्जबाग दिखाया गया है तो अनुभव तो यही कहता है कि वह सब्जबाग ही होता है और उसका कोई भी लाभ उपभोक्ता तक नहीं पहुँच पाता है। स्वयं नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश की 25 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है याने हर चौथा भारतीय गरीब है। पर, समय समय पर आने वाली वैश्विक रिपोर्ट और नीति आयोग की रिपोर्ट की बात को छोड़ भी दें तो स्वयं हमारे प्रधानमंत्री गर्व से बार बार बताते हैं कि वे देश के 81 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त 5 किलो राशन पिछले 2 साल से दे रहे हैं और यह विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान सहायता योजना है। अब जिस महंगाई के कम होने की राह यह देख रहे होंगे, उसे तो इस बजट में छुआ भी नहीं गया है।

भारत में मध्यम वर्ग कितना विशाल है, जिसका उदाहरण अनेक बार प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री सहित सरकार से लगभग सभी जनता से दो चार होने वाले नुमाइंदे करते रहते हैं और उसके बारे में कितनी चिंतित यह सरकार है, वह भी जान लेते हैं। पिछले वर्ष लगभग मई माह के अंत में ह्यप्रधानमंत्री को सलाह देने वाली आर्थिक सलाहकार परिषद्ह्न के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ह्यभारत में असमानता की दशाह्न पर एक रिपोर्ट प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपी थी।रिपोर्ट के अनुसार यदि कोई भारतीय 25000 रुपया प्रति माह या वर्ष भर में 3 लाख रुपया कमा रहा है तो वह उन 10 फीसदी भारतीयों में से एक है जो उच्चतम वेतन अर्जित करते हैं। इसका सीधा मतलब था कि देश के 90 फीसदी लोग 25000 रुपए प्रतिमाह भी नहीं कमाते हैं। यह रिपोर्ट लोगों के आय विवरण, बाजार में श्रम की उपयोगिता, लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और घरेलू सुविधाओं और स्थिति के आधार पर समाज में कितनी आर्थिक असमानता मौजूद है उस पर न केवल प्रकाश डालती है, अंत में यह भी बताती है कि वर्ष 2017-2018 से 2019-2020 के मध्य किस तरह समाज के उच्चतम 1 फीसदी की आय 15 फीसदी बड़ी, जबकि उसी दौरान नीचे के 10 फीसदी की आय 1 फीसदी कम हुई। रिपोर्ट में अंत में सुझाव दिया गया था कि इस असमानता को कम करने के लिये एक शहरी रोजगार योजना और सार्वभौम आधार आय योजना का लाना बहुत जरुरी है।

रोजगार सृजन वह क्षेत्र है जिस पर वित्तमंत्री को सबसे अधिक फोकस इसलिए करना चाहिए था कि बीता वर्ष बेरोजगार युवाओं के आंदोलनों से भरा हुआ वर्ष था।रेलवे में भर्तियों को लेकर हुआ आन्दोलन और अग्निवीर योजना के नाम पर युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर किया गया आन्दोलन भुला देने योग्य घटनाएं नहीं हैं। यद्यपि जनवरी 2023 में बेरोजगारी की दर कम हुई है पर 7 फीसदी से अधिक की यह दर उस देश के लिये बहुत अधिक है जहां के लिये देश के प्रधानमंत्री कहते नहीं थकते हैं कि यह दुनिया की सबसे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और विश्वगुरु बनने की राह पर है। पर, अफसोस की बात है की निर्मला जी ने रोजगार सृजन के मुद्दे सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र द्वारा किये जा रहे अवेहलनापूर्ण रवैय्ये पर कोई चिंता जाहिर करने का उपक्रम भी नहीं किया। ये जो रोजगार मेला भरवाकर टीव्ही में प्रधानमंत्री से रोजगार पत्र देने का इवेंट आयोजित किया जा रहा है, उससे रोजगार के संकट को नहीं निपटा जा सकता है। बजट में पूंजीगत व्यय 7.5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया गया है। इसे वित्तमंत्री ने वर्तमान बेरोजगारी संकट के लिये ब्रम्हास्त्र बताया है। सरकार इससे कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोलकर युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देने का इरादा रखती है। मुझे याद है जब अटल जी प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने एक बार कहा था कि हम युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे और उन्हें देश में रोजगार नहीं मिलता है तो वे विदेश में रोजगार प्राप्त करने योग्य होंगे। यदि इन कौशल केन्द्रों की स्थापना का उद्देश्य युवाओं की अंतर्राष्ट्रीय पहुँच बढ़ाने के लिये है तो हम पहले से प्रतिभा पलायन से पीड़ित मुल्क में प्रतिभाओं को पलायन का एक और मौका देने की कगार पर बैठ रहे हैं।

नदी जल शक्ति से विकास का नया दौर

वस्तुत : देश में एक लम्बे समय से जल परिवहन में शामिल अंतदेर्शीय जलमार्गों और तटीय नौवहन के विकास की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। जिन जल मार्गों को देश के प्राकृतिक पथ कहा जाता है वे अतीत में भारतीय परिवहन की जीवन रेखा हुआ करते थे। ये जल मार्ग शताब्दियों से कारोबार, उद्योग और आर्थिक शक्ति का मुख्य आधार हुआ करते थे। लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद जलमार्गों की लगातार उपेक्षा हुई। खासतौर से बीती एक शताब्दी में भारत में जल परिवहन क्षेत्र बेहद उपेक्षित होता चला गया। देश की आजादी के बाद भी सडक, रेल और वायु मार्गों की होड़ में परम्परागत जीवनदायी जलमार्ग नजरअंदाज होते गए। ज्ञातव्य है कि देश में 7500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट और करीब 14500 किलोमीटर संभावित नौवहन योग्य जलमार्ग है। देश को इस विशाल नदी मार्ग पर हमेशा बहती रहने वाली नदियों, झीलों और बैकवाटर्स का उपहार भी मिला हुआ है।

डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज- एमवी गंगा विलास को झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कई अन्य अंतदेर्शीय जलमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में नदी जल मार्ग की क्षमता के लाभ लेने के नए दौर का सूत्रपात हो रहा है। वस्तुतः देश में एक लम्बे समय से जल परिवहन में शामिल अंतदेर्शीय जलमार्गों और तटीय नौवहन के विकास की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। जिन जल मार्गों को देश के प्राकृतिक पथ कहा जाता है वे अतीत में भारतीय परिवहन की जीवन रेखा हुआ करते थे। ये जल मार्ग शताब्दियों से कारोबार, उद्योग और आर्थिक शक्ति का मुख्य आधार हुआ करते थे। लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद जलमार्गों की लगातार उपेक्षा हुई। खासतौर से बीती एक शताब्दी में भारत में जल परिवहन क्षेत्र बेहद उपेक्षित होता चला गया। देश की आजादी के बाद भी सडक, रेल और वायु मार्गों की होड़ में परम्परागत जीवनदायी जलमार्ग नजरअंदाज होते गए।

ज्ञातव्य है कि देश में 7500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट और करीब 14500 किलोमीटर संभावित नौवहन योग्य जलमार्ग है। देश को इस विशाल नदी मार्ग पर हमेशा बहती रहने वाली नदियों, झीलों और बैकवाटर्स का उपहार भी मिला हुआ है। गौरतलब है कि देश खासतौर से 2014 के बाद, नदी जल मार्गों की प्राचीन शक्ति का उपयोग करने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ा है। देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग विकसित करने के लिए नया कानून और विस्तृत कार्ययोजना लाई गई है। 2014 में देश में केवल 5 राष्ट्रीय जलमार्ग थे, अब देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं और लगभग दो दर्जन पहले से ही चालू हैं। इसी तरह, नदी जलमार्ग के माध्यम से कार्गो परिवहन में 8 साल पहले 30 लाख मीट्रिक टन से 3 गुना वृद्धि हुई है। जलमार्ग पर्यावरण की रक्षा के लिए भी अच्छे हैं और पैसे की भी बचत करते हैं। जलमार्गों के संचालन की लागत सडक मार्गों की तुलना में ढाई गुना कम है और रेलवे की तुलना में एक तिहाई कम है।

यही कारण है कि चीन और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों ने जैसे-जैसे विकास की ओर कदम बढ़ाए, वैसे-वैसे वे अपने जल मार्गों का अधिक उपयोग करने लगे। कई यूरोपीय देश अपने कुल माल और यात्री परिवहन के लिए जल परिवहन का बहुतायत से उपयोग करते हैं। इतना ही नहीं, यूरोप के कई देश आपस में इसी साधन से बहुत मजबूती से जुड़े हुए हैं। उन्होंने जल मार्गों को अपनी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बना लिया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 11 और 12 नवंबर को वाराणसी में पीएम गतिशक्ति मल्टी मॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन के दौरान यह बात उभरकर सामने आई कि भारत की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गतिशक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है और इनके तहत जल परिवहन के विकास से लॉजिस्टिक कास्ट के बोझ को घटाया जा सकता है। इसी तरह से मेरीटाइम इंडिया मिशन 2030 देश के बंदरगाहों के विकास और लॉजिस्टिक लागत घटाकर समुद्री अर्थव्यवस्था से देश को लाभान्वित करने से संबंधित है। मैटीराइम इंडिया समिट 2021 में यह रेखांकित हुआ है कि भारत बंदरगाह विकास की नई रणनीति से सागरमाला परियोजना के तहत 574 से अधिक परियोजना के लिए वर्ष 2035 तक 82 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी, जलमार्गों का विकास किया जाएगा। इस समय इस मिशन के तहत बंदरगाहों के विकास के साथ ही जलमार्गों का विकास और लाइटहाउस के आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। भारत की तटीय सीमा के साथ 189 प्रकाश स्तंभ हैं।

इनमें से सरकार 78 प्रकाश स्तंभ के आसपास पर्यटन का विकास करने की योजना पर काम कर रही है। ऐसे में अब और राष्ट्रीय जलमार्गों से देश की आर्थिक-सामाजिक तस्वीर को संवारने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जाने होंगे। भारत में विकासशील जलमार्गों की निरंतर विकास प्रक्रिया एक विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत कनेक्टिविटी तथा देश के व्यापार और पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए जरूरी है। चूंकि भारत में हजारों किलोमीटर के जलमार्ग नेटवर्क को विकसित करने की क्षमता है। अतएव भारत में जो 125 से ज्यादा नदियां और नदी धाराएं हैं, वे लोगों और सामान के ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल की जा सकती हैं और ये वाटर-वे, भारत में पोर्ट लेड डेवलपमेंट को भी बढ़ाने में मदद करते हुए दिखाई दे सकती है। अब जल परिवहन का बुनियादी ढांचा तैयार करने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारी भरकम संसाधन जुटाने के लिए पीएम गतिशक्ति योजना और नई लॉजिस्टिक नीति के तहत प्रावधानों के कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। जल परिवहन क्षेत्र के विकास के लिए इस बात की वैधानिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी कि विभिन्न नदी तटीय इलाकों के कारखाने तथा अन्य उपक्रम अपनी माल ढुलाई में एक खास हिस्सा जलमार्गों को दें।

जल मार्ग उपयोग करने वालों को कुछ सब्सिडी भी दी जानी होगी। इससे अंतदेर्शीय जल परिवहन और तटीय जहाजरानी दोनों को बढ़ावा मिलेगा, सस्ते में परिवहन होगा और उद्योग कारोबार को प्रोत्साहन मिलेगा। खासतौर से खतरनाक सामग्री और गैस, पेट्रोल या रसायनों का एक हिस्सा जल परिवहन को आवश्यक रूप से हस्तांतरित किया जाना सुनिश्चित करना होगा। हम उम्मीद करें कि वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज और कई अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ भारत से नदी जलमार्ग के क्षमताओं के उपयोग के नए दौर की शुरूआत आम आदमी और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभ पर होगी। साथ ही पीएम गतिशक्ति योजना, नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 के तहत अंतदेर्शीय जलमार्गों को भारी प्रोत्साहन देने की रणनीति से जल मार्गों के प्रभावी व्यावसायिक उपयोग, सस्ते जल परिवहन और जलमार्गों पर पर्यटन विकास के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। भारत में जलमार्गों के विकास से ढुलाई लागत यानी लॉजिस्टिक कास्ट को घटाकर भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा । ऐसे में नदी जल मार्ग भारत की नई सामर्थ्य बनते हुए दिखाई देंगे। ये विकास के मार्ग बनेंगे।

महिलाओं के लिए नई इबारत लिख रही डॉ. सुनीता जनावा

2007 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही सुनीता जनावा वर्तमान में सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय सिवानी में अंग्रेजी विषय की सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय में अध्यापन के साथ-साथ विभिन्न विभागों का गठन करके कुछ अलग कार्यभार अध्यापकों को दिया जाता है जिससे कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में डॉक्टर सुनीता जनावा को वर्ष 2019 में महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बनाया गया। क्षेत्र में जुड़ते ही इनकी मानवीय रूचि उजागर हुई और सामाजिक कल्याण के कार्य में स्वयंसेवकों का इन्होंने ख्याल रखते हुए उनके अरमानों को पंख लगा दिए। जुड़ते ही सबसे पहले उन्होंने संगठन के रूप में मानसिक रूप से तैयार किया और उनके अंदर एक सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत हुई।

प्रियंका सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

नारी आज बुलंदियों को छू रही हैं, नित नए ऐतिहासिक कारनामों की इबारत लिख रही हैं। इसी कड़ी में एक और नाम है डॉ. सुनीता जनावा। आज उनका नाम प्रखर समाजसेवी, नारी शिक्षा उत्प्रेरक, महिला रोजगार जागरूकता अभियान के वाहक के रूप पूरे इलाके में लिया जा रहा है। 2007 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही सुनीता जनावा वर्तमान में सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय सिवानी में अंग्रेजी विषय की सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

महाविद्यालय में अध्यापन के साथ-साथ विभिन्न विभागों का गठन करके कुछ अलग कार्यभार अध्यापकों को दिया जाता है जिससे कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में डॉक्टर सुनीता जनावा को वर्ष 2019 में महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बनाया गया। क्षेत्र में जुड़ते ही इनकी मानवीय रूचि उजागर हुई और सामाजिक कल्याण के कार्य में स्वयंसेवकों का इन्होंने ख्याल रखते हुए उनके अरमानों को पंख लगा दिए। जुड़ते ही सबसे पहले उन्होंने संगठन के रूप में मानसिक रूप से तैयार किया और उनके अंदर एक सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत हुई।

यही नहीं सिवानी उपमंडल प्रशासन द्वारा गोद लिए गए पास के गांव ढाणी मिट्टी में इन्होंने पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और जब 2020 में कोरोना महामारी ने विकराल रूप दिखाया तो उस कठिन दौर में भी सुनीता जनावा और उनकी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अपने मजबूत इरादों और हौसलों की बदौलत न सिर्फ लोगों को इस महामारी से बचाव के बारे में जागरूक किया बल्कि मास्क सैनिटाइजर इत्यादि बचाव के साधन भी अपने निजी कोष से आमजन में उपलब्ध करवाएं। महाविद्यालय में एनएसएस प्रभारी के रूप में पांच बड़े वैक्सीनेशन कैंप आयोजित करवा कर पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित उनके परिवारजनों और स्टाफ को भी इस महामारी से सुरक्षित रखने में अपना योगदान दिया। स्वास्थ्य के प्रति इनकी जागरूकता और चेतना इस बात से जाहिर होती है कि पिछले 3 वर्षों में इन्होंने महाविद्यालय में पांच बड़े रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं और इनसे लगभग 450 यूनिट रक्तदान हुआ है और स्वयं भी 9 बार रक्तदान कर चुकी है। यही नहीं ये हिमोग्लोबिन जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर, बीएमआई जांच व अन्य स्वास्थ्य जागरूकता शिविर भी आयोजित करवाती रहती है।

इनका जन्म फतेहाबाद जिला के छोटे से गांव ढाणी छतरियां में हुआ। माता-पिता ने इनका पालन-पोषण एक लड़के की भांति करते हुए बहुत छोटी आयु में ही स्कूटर, ट्रैक्टर, गाड़ी चलाना सिखाया। बचपन से ही परिवारिक संस्कारों में मिला यह आत्मविश्वास और हौसला इन्हें जीवन में हर मोड़ पर आगे बढ़ता रहा। 12वीं तक की पढ़ाई अपने गृह जिला में करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए पिताजी ने इनका दाखिला हिसार करवाया और यहाँ रहकर इन्होने एमए इंग्लिश की डिग्री हासिल की। इसी दौरान इनकी शादी हो गई। शिक्षित परिवार में विवाह होने से पढ़ाई जारी रही और ससुराल पक्ष के पूर्ण सहयोग से इन्होंने शादी के बाद बीएड, एमफिल, पीएचडी की डिग्री हासिल की। इनके पति सतीश जनावा सुपरिंडेंट इंजीनियर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

समाज उत्थान और समाज के प्रति इनका निस्वार्थ भावना हर किसी को अपनी तरफ खींच लेती है। समाज कल्याण और सामाजिक उत्थान में इनका योगदान देख कर प्रशासन ने उन्हें अनेकों बार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। जिनमें मुख्य रुप से 24 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर मुंबई की कृष्णा फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इनको कर्मवीर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 15 अगस्त 2022 को लोहारू में आयोजित किए गए स्वतंत्रता दिवस समारोह में माननीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री देवेंद्र बबली के हाथों प्रशस्ति पत्र मिला। इससे पूर्व 2021 में उपमंडल प्रशासन सिवानी इनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित कर चुका है। इन सबसे अलग इन्हें कवयित्री के रूप में भी जाना जाता है और जब भी मौका मिलता है ये विभिन्न मंचों से अपनी प्रेरणादायक लेखनी से युवाओं को प्रोत्साहित करती है। ऑल इंडिया रेडियो पर भी विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत कर चुकी है। सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, नारी सशक्तिकरण, मानवाधिकार, कैरियर काउंसलिंग कर अन्य हेल्प डेस्क के माध्यम से ये स्वयं और अपने स्वयंसेवकों की टीम से लोगों को जागरूक करते हैं। अपने स्वयंसेवकों को इन्होंने बौद्धिक रूप से सशक्त किया है ताकि वो सुंदर भविष्य के जागरूक नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सके।

डॉ. सुनीता अपने अब तक के सफर के लिए अपने माता-पिता, सास-ससुर और अपने जीवन साथी के योगदान के अलावा वर्तमान में इनकी कर्मभूमि सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री राजकुमार ख्यालिया का धन्यवाद करती है और कहती है कि हर बेटी, बहू को हम हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करें तो वह समाज में एक नई जगह बनाएगी और समाज नित नई ऊंचाइयों को छुएगा। उनका मानना है कि किसी भी सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य योजना घोषणा करने की बजाय हम सबको कंधे से कंधा मिलाकर एकजुट होकर अपना योगदान देते रहना होगा। अगर हम सब अपनी सकारात्मक सोच को व्यवहार में उतारने का प्रयास करें तो समाज बेहद खूबसूरत हो सकता है।

मॉरीशस को मॉरीशस रूट से न पहचाने

विनीत नारायण

चूँकि भारत और मॉरीशस के बीच हुए दोहरे करारोपण संधि के तहत भारतीय कंपनियां मॉरीशस की किसी कंपनी से समझौता कर भारत में एफडीआई के द्वारा निवेश करवा लेती हैं। इस निवेश को निवेशकों की भाषा में मॉरीशस रूट कहा जाता है। भारत में मॉरीशस रूट के तहत हुए निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होता। ऐसा करने से कंपनियां भारत में निवेश करवा टैक्स बचाती हैं। अफ्रीकी महाद्वीप के दक्षिण-पूर्व तट से से लगभग 900 किलोमीटर दूर हिंद महासागर के तट पर और मेडागास्कर के पूर्व में स्थित द्वीपीय देश मॉरीशस भारतीयों के लिए काफी आकर्षक स्थान है। अपने झील, झरनों, हरे भरे जंगलों व प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर मॉरीशस हर नवविवाहित जोड़े के लिए बरसों से हनीमून मनाने का स्थान बना हुआ है। परंतु क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा भी एक कारण है जिसके लिए मॉरीशस भारतीयों को बहुत प्रिय है।

सुंदर पर्यटक स्थल होने के कारण मॉरीशस में केवल हनीमून मनाने वाले पर्यटक ही नहीं आते। बल्कि टैक्स हैवन के नाम से मशहूर इस छोटे से द्वीप पर हर उस व्यक्ति की नजर बनी रहती है जो किसी न किसी तरह से भारत में आयकर की चोरी करना चाहता है। चूँकि भारत और मॉरीशस के बीच हुए दोहरे करारोपण संधि के तहत भारतीय कंपनियां मॉरीशस की किसी कंपनी से समझौता कर भारत में एफडीआई के द्वारा निवेश करवा लेती हैं। इस निवेश को निवेशकों की भाषा में मॉरीशस रूट कहा जाता है। भारत में मॉरीशस रूट के तहत हुए निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होता। ऐसा करने से वे सभी कंपनियाँ जो भारत में निवेश करवाती हैं कैपिटल गेन्स टैक्स देने से बच जाती हैं।

कई वर्ष पहले इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इनवेस्टीगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) की एक रिपोर्ट सार्वजनिक हुई थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कई कंपनियों ने 1982 में हुए इस संधि का दुरुपयोग किया है। इस समझौते के मुताबिक भारतीय कंपनियों को मॉरीशस में टैक्स रेजीडेंसी की सुविधा मिल जाती है। जिस कारण वे जीरो कैपिटल गेन्स वाली श्रेणी में आ जाती थी। जाहिर सी बात है कि मॉरीशस रूट से अपना ही पैसा घुमा कर ये कंपनियाँ अपना निवेश वापिस भारत में ले आती हैं। इसी के चलते देश को करोड़ों के टैक्स का चूना लग जाता है। जबकि इस टैक्स के पैसे को देश के विकास कार्यों में लगाया जा सकता था। पर ऐसा नहीं हो रहा।

मॉरीशस रूट हो या किसी अन्य टैक्स हैवन देश से आने वाला निवेश, हमारे देश में ऐसा काफी बड़ी मात्रा में हो रहा है। देश की कई नामी कंपनियाँ ऐसा कई बरसों से कर रही हैं। नियमों में इस कमी का फायदा उठा कर ये लोग टैक्स चोरी कर देश में होने वाले विकास को पीछे धकेल रहे हैं। आम आदमी को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ समय पर नहीं दी जाती तो इसके पीछे टैक्स में होने वाली चोरी ही मुख्य कारण होता है। सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, विकास कार्यों और सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के लिए टैक्स पर ही निर्भर करती है। यदि टैक्स में कमी आती है तो विकास कार्यों में भी बाधा आएगी।

मॉरीशस रूट से आने वाले निवेश केवल एफडीआई के जरिये ही नहीं होते। उद्योगपतियों के अलावा भ्रष्ट नेता व अफसर भी इसका फायदा उठाते हैं। ये लोग भ्रष्टाचार के द्वारा कमाये गये अपने काले धन को हवाला के जरिये विदेशों में स्थित मॉरीशस जैसे टैक्स हैवन देशों में भेजते हैं। वहाँ पर कुछ शैल कंपनियों की मदद से उसी पैसे को कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को मन-माने दाम पर खरीदवाते हैं। भारत की कंपनियों के शेयरों का बढ़े हुए दाम पर बिकना शेयर मार्केट में अच्छा माना जाता है। यदि ऐसा नियमों के दायरों में हो तो ये सही होता है। परंतु मॉरीशस रूट से होने वाले ऐसे निवेश नियम कानून की धज्जियाँ उड़ा कर होते हैं। जैसे ही किसी कंपनी के शेयर का दाम बढ़ता है, देश के भोले-भाले छोटे व मध्यम निवेशक भी मुनाफा कमाने की नियत से इसमें निवेश करते हैं। परंतु असल में उस कंपनी के शेयर की असल कीमत इससे काफी कम होती है। मिसाल के तौर पर देश के एक राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री के बेटे की एक ठंडी पड़ी कंपनी के 10 रुपये प्रति शेयर को देश के एक भगोड़े ने 96,000 रुपये प्रति शेयर पर खरीदा। आरोप है कि ये अपने ही काले धन को घुमाकर किया गया। इसकी जाँच के लिये दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस दे कर इसकी जाँच के आदेश भी दिये। परंतु जाँच को लंबा खींचने और ढुलमुल रवैये अपनाने से इस मामले की जड़ तक नहीं पहुँचा जा सका।

संक्षिप्त खबरें

भारत की विकास यात्रा में मोटा अनाज महत्वपूर्ण योगदान देगा : प्रो भट्ट

ईश्वर शरण महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संघीय बजट 2023-24 पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जीबी पन्त सामाजिक विज्ञान संस्थान के अर्थशास्त्र प्रो. के.एन भट्ट ने संघीय बजट के विभिन्न आयामों पर विचार व्यक्त किए। कहा कि संघ सरकार का मोटा अनाज पर विशेष ध्यान भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सोमवार को व्याख्यान में प्रो. भट्ट ने छात्रों को दिए अपने संदेश में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा तथा स्व व्यवसाय पर विशेष बल देने की बात की। कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा भारतीय अर्थव्यवस्था 2030 तक दस ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने की सम्भावना है। हरित संवृद्धि पर जोर देते हुए डॉ भट्ट ने कहा कि जलवायु परिवर्तन व हरित ऊर्जा संघीय बजट 2023-24 का विशेष आकर्षण है। उन्होंने बताया कि बजट में सप्तर्षि की अवधारणा भारत के आर्थिक व सांस्कृतिक एकीकरण का पर्याय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द शंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संयोजक व ईश्वर शरण पीजी कॉलेज डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव ने बजटीय संकल्पना को सरल शब्दों में छात्रों को समझाया। उन्होंने सुझाव दिया कि बजट बनाते समय सरकार को वित्तीय अनुशासन का ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की तरफ से डॉ गरिमा मौर्या, डॉ हर्षमणि सिंह, डॉ वेद प्रकाश मिश्र शामिल हुए। कार्यक्रम में स्नातक, परास्नातक तथा सभी शोध छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा प्रज्ञा यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्र सूरज प्रकाश मिश्र ने किया।

विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : तूलिका रानी

स्क्वाड्रन लीडर और जी-20 उत्तर प्रदेश की ब्रांड एंबेसडर तूलिका रानी ने कहा कि आज महिलाएं किसी से कम नहीं है। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व कर रही है। विकास में क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। चौधरी चरण सिंह विवि के समाज शास्त्र विभाग में सोमवार को जी-20 की जागरूकता के लिए वी केयर फाउंडेशन ने ह्यविकास में महिला नेतृत्व की भूमिकाह्न विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। वी केयर फाउंडेशन लखनऊ की अध्यक्ष डॉ. रेनू सिंह ने कहा कि महिलाओं के साथ जुड़ी लोगों की नकारात्मक मानसिकता, उनकी क्षमता की उपेक्षा और उलाहना, जो महिलाओं का पथ कठिनाईयों से भर देते हैं। इन सबके बीच से महिला फिर भी अपना रास्ता बना लेती है और जीत हासिल करती है। एवरेस्ट फतेह कर चुकी स्क्वाड्रन लीटर तूलिका रानी ने अपने करियर के अनुभवों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया, जिससे उन्हें जीवन में लक्ष्य की ओर बढ़ने में सहायता मिले। उन्होंने कहा कि हर इंसान सिर्फ अपना ही प्रतिनिधि नहीं होकर अपने परिवार, समाज, प्रदेश और देश का प्रतिनिधि होता है। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण इस पृथ्वी का समझदार वासी बनना है तो पूरी पृथ्वी के विकास की ओर अग्रसर हो। जी-20 नोडल ऑफिसर और ब्रांड एंबेसडर डॉ. संजीव कुमार ने जी-20 के बारे में छात्रों को बताया और देश के आर्थिक विकास के लिए इसकी भूमिका को समझाया। इस अवसर पर कुलसचिव धीरेंद्र कुमार, प्रो. योगेंद्र सिंह, डॉ. नेहा गर्ग, प्रो. आलोक कुमार, वाईपी सिंह, डॉ. जितेंद्र गोयल, डॉ. अजित सिंह, सोनल भूषण आदि उपस्थित रहे।

दरगाह शाहविलयात पर कुल शरीफ में उमड़ी अकीदत

- कव्वालों ने शाह की शान में कलाम पेश कर समा बांधा
- शॉन ओ शौकत से हुआ उर्स का समापन, मुताव्वाली हसन शुजा ने सभी का आभार जताया

प्रात : किरण, संवाददाता

अमरोहा। विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत सैयद हुसैन शरफउदद्दीन नकवी शाह विलायत साहब रह.के उर्स का कुलशरीफ की रस्म के बाद समापन हो गया। आखिरी दिन सांसद समेत तादात में अकीदतमंदो ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की। मुल्क में अमन व कौम की सलामती के लिये अल्लाह की बारगाह में उठे हाथों ने इत्तेहाद ओर इत्तेफाक का पैगाम दिया। इस दौरान दरगाह पर आने वाले मेहमानों की दरस्ताबंदी दरगाह कमेटी पदाधिकारियों द्वारा की गई। दोपहर में लंगर का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आये लोगों ने लंगर छका। दरगाह शाह विलायत पर कुल शरीफ को लेकर अकीदतमंदों में सुबह से ही जोश और जज्बा देखने को मिला। सांसद दानिश अली ने दरगाह में हाजिरी देकर अकीदत का इजहार किया। कहा कि सूफी संतों का पैगाम मुल्क ने अम्न का है, इसलिये हम सब को भाईचारा बनाये रखना चाहिये। कुल शरीफ में मौलाना तौहीद रजा ने मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर मुताव्वाली हसन शुजा, नदीम नकवी, हादी मियां जाफरी, हाजी खुर्शीद अनवर, मोईनउददीन साबरी, सूफी जीशान, महबूब हुसैन जैदी, सैयद फरजंद अली, हाफिज शमीम अमरोहवी, सैयद उवैस मुस्तफा रिजवी, डा. नाशिर नकवी, अख्तर अब्बास अप्पू, गुफरान मेंहदी, डा. आसिम नकवी, अजीम अब्बास, इमाम मेंहदी, मुजाहिद अब्बास, कामिल सिददीकी, कमर सिब्तैन, हकीम सैयद हुसैन, हकीम सुहैल, मोहसिन रजा, इकबाल अहमद खां, मास्टर असलम उस्मानी, शाहकार आफताब, डॉ.आफताब सैफी, दायम रजा, दानिश नकवी, जहीर हसन, रामिश नकवी, रामिश राजू, अरशद पाशा,कारी साहब, मौलाना कासिम,दिलनवाज सिद्दीकी, मसरूर आलम कादरी, शाने हैदर, शहनाज एडवोकेट, डा. मुबारक वगैरह मौजूद रहे।

सूफियाना कलाम से बंधा समा

कुल शरीफ से पहले महफिले समा हुई। इंटरनेशनल कव्वाल अकरम चाँद वारसी ने एक के बाद एक कलाम पेशकर समा बांध दिया। मेरे पीर की गुलामी मेरे काम आ गयी, दमादम मसत कलन्दर पर पूरा पंडाल झूम उठा। करीब एक घंटे तक महफिल चली, इसके बाद आशिकाने शाह विलायत ने कुल शरीफ में हिस्सा लेकर तबर्रुक तकसीम किया।

मेले में उमड़ी भीड़, दुकानदारों के चेहरे खिले

सोमवार को दरगाह शाह विलायत में लगा मेला गुलजार रहा। जायरीनों ने दरगाह में मुरादे मांगकर मेले में जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने जहां चाट पकौड़ी का लुत्फ उठाया तो वहीं बच्चो ने खेल खिलोने ओर तमाशो से ईद मनाई। मेले में उमड़ी भीड़ से दुकानदारों के भी चेहरे खिले रहे, दरगाह परिसर में देर रात तक हजारों की तादाद में जायरीन मौजूद थे।

फोर्स के साथ डटे रहे कोतवाल

उर्स के दृष्टिगत पुलिस सुबह से ही मुस्तैद थी। सुबह सवेरे कोतवाल हर्षवर्धन ने दरगाह आकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पॉइंटवार पुलिस कर्मियों को तैनात किया। जबकि शाम में कोतवाल हर्षवर्धन, मेला प्रभारी सुक्रमपाल राणा और रज्जाक चौकी इंचार्ज ने कमान संभाली। उर्स व कुल सकुशल निपटने के बाद ही अफसरों ने राहत की सांस ली।

सक्रिय क्षय रोगी खोजी अभियान 20 फरवरी से

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 20 फरवरी से 3 मार्च तक सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान (एसीएफ) चलाया जाएगा।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मुमताज अंसारी ने बताया कि 20 से 24 फरवरी तक अनाथालय, वृद्ध आश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसे, नवोदय विद्यालय एवं ईट भट्टा व जेल में क्षय रोगियों की पहचान करेंगे और 25 से 3 मार्च तक शहरी एवं ग्रामीण मलिन बस्तियों में रहने वाले जनपद की 20% आबादी में एएनएम, आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर क्षय रोगों की पहचान करेंगी।डीटीओ ने बताया कि दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी-बुखार आना, खांसी आते समय सीने में दर्द होना, बलगम में खून आना, कमजोरी एवं थकावट महसूस होना, भूख न लगना, लगातार वजन का कम होना, सोते समय अधिक पसीना आना आदि लक्षण हों तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की जाँच कराएं। हर माह की 15 तारीख को मनाए जाने वाले एकीकृत निक्षय दिवस पर भी टीबी की जाँच कराई जाती है। जाँच में टीबी की पुष्टि होने पर नियमित दवा सेवन के साथ खानपान का भी ख्याल रखें। भोजन में दालें, अनाज, घी, दूध, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, अंडा, मछली आदि शामिल करें। इससे दवा पूरा असर करेगी और टीबी से जल्दी मुक्त हो सकेंगे। जिला समन्वयक राजू यादव ने बताया कि जनपद में जनवरी से अब तक 296 टीबी मरीजों का उपचार चल रहा है। 1237 टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों ने गोद लिया है। इसके साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पोषक आहार प्रदान करते हुए टीबी मरीज का मनोबल बढ़ाने का भी काम किया जा रहा है। टीबी मरीज को निक्षय पोषण योजना के तहत उपचार के दौरान हर माह 500 रुपए भी दिए जा रहे हैं।

गमगीन माहौल में हुआ लाइनमैन के शव का अंतिम संस्कार

प्रात : किरण संवाददाता

आदमपुर।थाना क्षेत्र के ढवारसी बिजलीघर पर तैनात संविदा कर्मी लाइनमैन केशव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। किसी भी हंगामे की आशंका के मद्देनजर पुलिस पल-पल की जानकारी लेती रही। क्षेत्र के गांव बागड़पुर छोईया निवासी नरेंद्र पुत्र रामकुंवर कस्बे के बिजलीघर पर संविदा कर्मी लाइनमैन के रूप में तैनात था। शनिवार रात बिजलीघर से शटडाउन लेने के बाद आदमपुर फीडर की उच्च शक्ति लाइन पर जंपर जोड़ते समय गंभीर रूप से झुलसे लाइनमैन की उपचार के लिए ले जाकर वक्त मौत हो गई थी। परिजन रात में शव लेकर बिजलीघर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया।बिजलीघर पर तैनात कर्मचारी ताल लगा कर भाग निकले।रात भर शव बिजलीघर पर रखा रहा। रविवार सुबह परिजनों ने नेहरू मेमोरियल इंटर कालेज के सामने उझारी मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के समझाने पर जाम खोला गया। जेई. एसएसओ एक्सईएन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। रविवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। परिवार में कोहराम मच गया। बाद में शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। किसी हंगामे की आशंका के मद्देनजर पुलिस पल-पल की जानकारी लेती रही। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

नमामि गंगे मंच का चौपाल लगाकर किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रहरा।नमामि गंगे गंगा विचार मंच जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गंगा ग्रामों में चौपाल के माध्यम से समझाया गया।गंगा घाट पूठ पर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम कराया गया हर रविवार मां के द्वार नमामि गंगे के कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चलाया करते हैं और पंडितों को भी समझाया जो भी श्रद्धालु गंगा मां पर आते हैं दोना पत्तल आदि पिन्नी मां गंगा के जल में ना डालें कोई भी सामग्री ना डाली जाए जिससे मां गंगा का जल प्रदूषित ना हो चौपाल के माध्यम से गांव-गांव में जाकर के गांव वालों को भी समझाया समरसेबल अगर चल रहे हैं तो चले ही रहे हैं वह गलत है आने वाले टाइम में ऐसा ही चलता रहा वह दिन दूर नहीं हमें भी पानी के लिए दिक्कत का सामना झेलना पड़ेगा आइए हम सब मिलकर के मां गंगा को स्वच्छ बनाएं और एक शपथ लें मां गंगा को ना ही गंदा करेंगे और ना ही किसी को करने देंगे वृक्ष अधिक से अधिक लगाएं जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध हो सके आज से 20 वर्ष पहले हर गांव में वृक्ष थे तो बरसात भी काफी होती थी लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा क्योंकि हम सब लोब में पड़े हुए हैं वृक्ष काट ले लेकिन लगाने का प्रयास नहीं कर रहे अगर वृक्ष ना रहेंगे तो हमें बीमारियों का सामना भी झेलना पड़ेगा वृक्षों से ही तो हमें ऑक्सीजन मिलती है हम ही सब इंसान अगर हॉस्पिटल में जाते हैं ऑक्सीजन के डॉक्टर कितना चार्ज करता है लेकिन जो कुदरत ने हमें फ्री की ऑक्सीजन दी है उस पर हम कोई गौर ही नहीं करते नमामि गंगे की टीम इस विषय में लोगों को जागरूक कर रही हैआइए हम सब मिलकर के मां गंगा को स्वच्छ बनाएं वृक्षों को बचाएं कार्यकताओं में मौजूद रहे जिला सह संयोजक ठाकुर लाखन सिंह, ब्लॉक संयोजक रामकेश सिंह, सुरेश राणा जी, ब्लॉक संयोजक गजरौला लोकेश सिंह ,ओम शरण तोमर ,लोकेश, पथरा ,राखी सागर ,बिजना देवी, लोकेश देवी, नीरज देवी, बेदराम, मौजूद रहे, ब्रजकिशोर ,नमामि गंगे गंगा विचार मंच जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार नहीं रुकेंगे स्वच्छ करेंगे जय मां गंगे नमामि गंगे जिला अमरोहा।

भाजपा नेता मरगूब सिद्दीकी ने दरगाह शाहविलायत पर की चादर पोशी

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। भाजपा नेता मरगूब सिद्दीकी ने दरगाह शाह विलायत पहुंच कर दरगाह स्थित हजरत शाह शरफुददीन शाह विलायत के मजार पर चादर चढ़ाई।साथ ही अपने देश व देश वासियों की तरक्की के लिए दुआ की।उल्लेखनीय है कि बिजनौर रोड स्थित महान सूफी संत हजरत शाह विलायत का चार दिवसीय उर्स का कार्यक्रम चल रहा है। उर्स के आखिरी दिन सोमवार को भाजपा नेता मरगूब सिद्दीकी ने अपने साथियों के साथ दरगाह पहुंच कर मजार पर चादर चढ़ाई तथा अपने देश व कौम की तरक्की की दुआ की। उन्होंने कहा कि बुजर्गो व वलियों के आस्ताने में सुकून मिलता है।इन स्थानों पर बिना किसी मजहब व जाति के भेदभाव के लोग आस्था व्यक्त करते हैं।इन स्थानों पर आकर महसूस होता है कि हम सभी देशवासी एक धागे में बंधे हुए हैं। उन्होंने संत व वलियों की दरगाहों से फैज हासिल करने का लोगों से आह्वान किया।इस अवसर पर रेनू मंसूी, रौनक सलमानी,जीशान कुरैशी,मुश्ताक सैफी, अजीम, नईम अहमद, वहाब सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष खलीक चौधरी ने किया हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा जोरदार स्वागत आने वाला समय कांग्रेस का ही होगा: शेरबाज पठान

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहरा।नगर में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के आयोजक रहे कांग्रेस के नगर अध्यक्ष खलीक चौधरी ने बताया कि पिछले लगभग 4 महीने पूर्व कन्याकुमारी से शरू हुई कश्मीर तक चली ह्लभारत जोड़ो यात्राह्न की सफलता के बाद अब कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने 26 जनवरी को ह्लहाथ से हाथ जोड़ो यात्राह्न का आयोजन पूरे देश मे करने का ऐलान किया है।आपको बता दें कि इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज उत्तर प्रदेश बिजनौर के जिला कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान के नेतृत्व में स्योहारा नगर में बड़े ही धूमधाम से ह्लहाथ से हाथ जोड़ो यात्राह्न का आयोजन किया गया। जिसका नगर अध्यक्ष खलीक चौधरी और उनके समर्थकों ने उस्मान अली खां चौराहे जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यात्रा खलीक चौधरी के निवास पर पहुंची वहां बिजनौर से आए अतिथियों के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया और एक सभा का आयोजन भी किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रहे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने उपस्थित सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता का हर वर्ग परेशान है देश के अंदर गरीब और गरीब होता जा रहा है भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। भाजपा की सरकार बनवाने में सपा और बसपा को भी उन्होंने दोषी बताया उन्होंने कहा आने वाला समय कांग्रेस का है आप सब लोग कांग्रेस का साथ दें और कांग्रेस के हाथ को मजबूत करें। खलीक चौधरी ने कहा कि मैं और मेरी टीम तथा समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी के लिए मेहनत कर स्योहारा और आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस की एक अलग पहचान बनायेंगे उन्होंने आज के सफल कार्यक्रम के लिए अपने समर्थकों का धन्यवाद किया। आज हुई इस ह्लहाथ से हाथ जोड़ो यात्राह्न में पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती, पूर्व आईएएस आर.के. सिंह, मौहम्मद जफर एडवोकेट सदस्य पीसीसी,जिला महासचिव नजाकत अल्वी, जिला सचिव डॉक्टर यगदत्त गौड़, मेजर रईस चौधरी, तनवीर चौधरी, मिस्बाह उल हसन, अजीम अहमद उर्फ जोनी,चौधरी उमेर जावेद ,अयान जावेद, इरफान अख्तर, सुल्तान अख्तर, भूरे खां साहब ,वसीम खान,खालिद खान,मुजीब अहमद,मतलूब चौधरी, हाफिज मुकीम आदि सहित सैकड़ों लोग।

यूपी कांग्रेस के व्यापार प्रकोष्ठ ने लगाया निशुल्क जांच शिविर

लखनऊ, एजेंसी

यूपी कांग्रेस कमेटी के व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष समीर श्रीवास्तव ने फौजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा विद्यावती वार्ड दितीय के महाकालेश्वर मंदिर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। इस निशुल्क जांच केंद्र शिविर का उद्घाटन यूपी कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पांडे ने आमजन को समर्पित करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। कांग्रेस नर सेवा के माध्यम से आम जनता के बीच में अपनी बात रख रही है और लोगों तक पहुंचकर उनकी सेवा के लिए इस तरीके के कैंप आयोजित करेगी। आयोजक समीर श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के लगभग 110 वार्डो में इसी प्रकार के चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। कांग्रेस लखनऊ के विभिन्न इलाकों में इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आम जनता तक कांग्रेस के विचारों को पहुंचाएगी और जन सेवा के माध्यम से नर सेवा करेगी।

शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों का नुकसान, चार पशुओं की जल कर मौत

प्रात : किरण संवाददाता

गंगेश्वर/रहरा। पशुओ के लिए बने घेर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई जिसमें चार पशु जिंदा जल गए जिन की मौके पर ही मौत हो गई।थाना क्षेत्र के गांव हैदलपुर में अजीम खान पुत्र कलवा,बाबू पुत्र बशीर और नन्हे पुत्र बशीर का परिवार रहता है।अजीम, बाबू और नन्हे मेहनत मजदूरी कर अपनी जीवनी चला रहे हैं और अपने परिवार के लालन-पालन के लिए कुछ पशु भी पाल रखे थे जोकि घेर में बंधे हुए थे। रविवार को अचानक शॉर्ट सर्किट होने से घेर में आग लग गई जिस कारण घेर में बंधे गाय के दो बछड़े और 2 बकरियो की जलकर मौके पर ही मौत हो गई।जबकि अन्य कुछ पशु जलने से घायल हो गए।आग लगने से लाखो रुपए के माल का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।चार पशुओ की शार्ट सर्किट के कारण जलकर मौत होने से गांव में चीख पुकार मंच गई।हादसे से तीन परिवारजनो में गम का माहौल है व आग के कारण हुए लाखो के नुकसान की भरपाई के लिए शासन व प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगा रहे हैं।

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने लगाया स्टाल

लखनऊ, एजेंसी

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं, यूनिवर्सिटी का स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए बेकार के सामानों से कुछ क्रिएटिव और उपयोगी वस्तुएं बनाई। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रशंसा स्टाल में आने वाले लोगो के द्वारा की गई। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के स्टाल में लगाई प्रदर्शनी को देखा। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की हौशला अफजाई करते हुए उनके द्वारा बनाये गए सामानों की बधाई दी। स्टाल मे दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यकलापों की जानकारी प्रदान की गई। विभागीय संस्थाओं के अंतर्गत राजकीय संकेत विद्यालय मोहान रोड लखनऊ, स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित इंटर कॉलेज एवं बचपन डे केयर सेंटर लखनऊ के द्वारा स्टाल लगाए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना कोकलियर इंप्लांट्स सर्जरी की बचपन डे केयर सेंटर लखनऊ द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। राजकीय संकेत विद्यालय के छात्रों द्वारा निष्क्रिय वस्तुओं से बनाए गए सामान को प्रदर्शित किया गया। स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित इंटर कॉलेज द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों को पाठ पाठन एवं खेलकूद में आने वाली सामग्री का प्रदर्शन किया गया। दृष्टिबाधित छात्र सुंदरम द्वारा ब्रेल लिपि में रामचरितमानस को पढ़कर सुनाया गया एवं विभिन्न प्रकार के गीत गाकर सुनाए गए जोकि मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा स्टॉल लगाया गया, जिसमें दिव्यांग पुनर्वास के क्षेत्र में दी जाने वाली सेवाओं यथा कृत्रिम पैर, कॉस्मेटिक हाथ, स्प्लिंट तथा कैलिपर आदि तथा अनुसंधान के बारे में आगंतुकों को जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त स्टाल में कंप्यूटराइज थ्री डी फुट स्कैनर के द्वारा आगंतुकों का फुट प्रेशर मैपिंग करते हुए स्वास्थ्य वर्धक जानकारी दी गई। यह मशीन डायबिटीज तथा स्पोर्ट्स इंजरी जैसी बीमारियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा लगाए गए स्टॉल पर अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेमंत राव, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण सत्य प्रकाश पटेल सहित विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों ने लगाए गए स्टाल को सराहा।

बदलते दौर में अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लायें अधिकारी : मुख्य सचिव

- मुख्य सचिव से प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स ने की भेंट

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को यहां कहा कि बदलते दौर में अधिकारियों को अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लाने की जरूरत है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स से मुख्य सचिव ने आज मुलाकात भी की। प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स के 71वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि देश में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। अवस्थापना सुविधायें व टेक्नोलॉजी तीव्र गति से विकसित हो रही है। प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित देश बनायेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित देश की व्यवस्थायें पारदर्शी, जवाबदेह और उनमें तुरंत निर्णय लेने की क्षमता है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में व्यवस्थाओं को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने पर कार्य किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी का बेहतर प्रयोग कर सभी की जिम्मेदारी निर्धारित होगी। हम क्या कर रहे हैं, कैसे कर रहे हैं, इस पर सभी की नजर होगी। इसलिये सभी अधिकारियों को अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लाने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने आगे कहा कि जिस गति से प्रदेश में विकास हो रहा है, उसी के अनुरूप अधिकारियों को अपने आप को ढालना होगा। हवा के रुख के साथ चलने से उनकी कार्य करने की क्षमता दोगुनी हो जायेगी। आने वाली चुनौतियों के लिये तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में करीब 33.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुये है, इन्हें धरातल पर लाना है। इसके लिये सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी। प्रदेश में निवेश के लिये अनुकूल माहौल है, इसको परिणाम में तब्दील करना सभी लोक सेवकों की जिम्मेदारी है। इससे पूर्व मुख्य सचिव ने प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स को बधाई देते हुये कहा कि अपने आप को अपडेट रखें और अपग्रेड करते हुये अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि करें। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचायें। उन्होंने जीआईएस में लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में तैनात रहे प्रशिक्षु अधिकारियों से उनके अनुभवों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि 71वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 65 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें बैच वर्ष 2015 व 2017 के 1-1, 2018, 2019 व 2020 के 4-4, वर्ष 2021 के 7 तथा बैच वर्ष 2022 के 44 प्रतिभागी सम्मिलित हैं। आधारभूत प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षु अधिकारियों को कार्यकारी मजिस्ट्रेट के दायित्व व भूमिका, राजस्व नियम एवं प्रक्रिया, रेवेन्यू केस जजमेंट राइटिंग, दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं निर्णय लेखन, लोक प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, नियोजन, वन एवं कृषि प्रबंधन पर विषय विशेषज्ञों के माध्यम से अभिज्ञानित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यूपी डायल 112, कान्हा उपवन (गौशाला), वन स्टाप सेन्टर, जनगणना निदेशालय, सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय-सीतापुर का 1-1 दिन का शैक्षिक भ्रमण कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) एल0 वेंकटेश्वर लू सहित उपाम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सरायरंजन नगर पंचायत की पहली बैठक आयोजित, विकासात्मक योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के सरायरंजन नगर पंचायत की पहली बैठक सोमवार को सरायरंजन नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद पूजा कुमारी ने की। वहीं बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य पार्षद पूजा कुमारी ने कहा कि नगर पंचायत में कार्य करने के लिए बहुत सारी योजनाएं हैं। लेकिन योजना के लिए अभी राशि उपलब्ध नहीं है। राशि उपलब्ध कराने के लिए सभी वार्ड पार्षदों को अपने अपने वार्ड में जो भी कार्य योजना है, उस योजना को लेकर वार्ड सभा से पारित करना होगा। उसके बाद कार्यालय को उपलब्ध कराएं। ताकि पारित योजनाओं को सुचारू रूप से करने के लिए जिला मुख्यालय भेजा जाएगा। जिसके बाद राशि उपलब्ध होने पर सभी कार्य पूरा करने का काम किया जाएगा। बैठक के दौरान वार्ड पार्षदों द्वारा 10 योजनाओं के लिए प्रश्न पूछा गया। जिसमें वार्ड स्तर एवं नगर निकाय स्तर पर समितियों की संख्या, योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमावली, जनप्रतिनिधियों की भत्ता एवं परिभ्रमण भत्ता, विवाह योजना, कबीर अंत्येष्टि एवं पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में प्रश्न पूछा गया। जिसके बाद सभी प्रश्नों का एक एक कर उत्तर दिया गया। जिस पर सभी नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों ने सहमति जताई। बैठक का संचालन उप मुख्य पार्षद सुष्मिता कुमारी ने किया। कार्यालय में प्रवेश करने से पूर्व मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद के साथ-साथ उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर सुशील राय, नीरज कुमार झा, सरवर इमाम उर्फ तंजिल, सीता देवी, रंजीत कुमार, मनटुन दास, बैद्यनाथ झा, देवेंद्र पासवान, असगर अली सहित सभी नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

अभियंत्रण महाविद्यालय में दिखाया गया सिनेमा

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज समस्तीपुर में रविवार को छात्र छात्राओं के मनोरंजन के लिए संस्थान में सिनेमा दिखाया गया। यह पहली बार है कि संस्थान में बच्चों पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन की भी सुविधा रखी गई। इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राजकिशोर तुगनायत ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए हमलोगो ने सिनेमा दिखाया। जिससे बच्चे खुद को तरोताजा महसूस करें। साथ हीं अगले दिन से अच्छे से मन लगा कर पढ़ाई करेंगे। इस मौके संस्थान में उड़ान का शो दिखाया गया। इस मौके पर संस्थान के करीब 500 से अधिक छात्रों ने एक साथ सिनेमा देखा। सिनेमा देखने के बाद छात्रों में काफी खुशी देखने को मिली।

संक्षिप्त खबरें

भाई के गुमशुदगी को लेकर थाने में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर वार्ड 12 निवासी राम जिनिश यादव के पुत्र दीपक कुमार ने अपने भाई पिंकू कुमार 15 वर्ष की गुमशुदा को लेकर थाने में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि मेरा भाई पिंकू कुमार 07 फरवरी को कहीं चला गया। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन कोई पता नही चलने पर थाने में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना के पुलिस चोरी के मोटर साइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जे भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोनवार चक निवासी टिकाई पासवान के पुत्र मुकेश कुमार के रूप में किया गया। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संदीप पाल ने बताया की चोरी के मोटरसाइकिल के साथ मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कांड संख्या 59/23 दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

2 लीटर देसी शराब बरामद, कारोबारी फरार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी वार्ड 11 से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार छापेमारी कर 2 लीटर देसी शराब बरामद किया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर कारोबारी भागने में सफल रहा। भागे कारोबारी की पहचान मोहन कुमार के रूप में की गई। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संदीप पाल ने बताया की 2 लीटर शराब बरामद की गई है। कारोबारी भागने में सफल रहा। मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकाने पर छापेमारी जारी है।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

मोरवा, समस्तीपुर। ताजपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर दिघरुआ के एक व्यक्ति का समस्तीपुर के तेलिया चौक पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान माधोपुर दिघरुआ पंचायत के निवासी स्वर्गीय शिवधारी राय के पुत्र दीप नारायण राय के रूप में की गई है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं स्थानीय मुखिया बृजनंदन राम एवं उप मुखिया अतीश कुमार एवं पूर्व मुखिया सहित अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए शोकाकुल परिजनों का ढाढस बंधाया।

अग्नि पीड़ित को प्रभारी अंचल अधिकारी ने दिया चेक

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हथौडी थाना क्षेत्र के रहटौली पंचायत के भतही वार्ड 7 निवासी सुरेश मंडल पिता सहदेव मंडल के घर बीते एक फरवरी की अहले सुबह अलाव सेंकने के दौरान अचानक आग लग गया था। जिसमें घर में रखे हजारों मूल्य के सामान जलकर बर्बाद हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखा सामान जलकर बर्बाद हो गया। मामले को लेकर पीड़ित ने अंचल कार्यालय में लिखित आवेदन दिया। जिसके बाद शिवाजीनगर राजस्व पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी प्रिया आर्यनी सोमवार के दिन अंचल कार्यालय में अग्नि पीड़ित को 9800 का चेक दिया। मौके पर जिला परिषद पति बबलू सिंह, वार्ड सदस्य सूर्य नारायण मंडल, नीतीश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर समस्तीपुर रेल मंडल के तीन कर्मी मैन आफ द मंथ पुरस्कार से हुए सम्मानित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल के द्वारा सोमवार को समस्तीपुर रेल मंडल के तीन कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य को लेकर मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें रेल मंडल के यातायात निरीक्षक दरभंगा अमित कुमार, जूनियर इंजीनियर (समाडी) समस्तीपुर रवि शंकर और कार्यालय अधीक्षक (कार्मिक) समस्तीपुर शंभू साह को मैन ऑफ द मंथ कर्मी के रूप में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस बाबत समस्तीपुर रेल मंडल के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि प्रतिमाह मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के बीच से वैसे कर्मचारियों जिन्होनें अपने नियमित कार्य के अतिरिक्त अपने विशेष प्रयासों से रेलहित में सुरक्षा, संरक्षा, समयपालन, रेल राजस्व अर्जन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य संपादित करते हैं उन्हें मैन आफ द मंथ के रूप में चुना जाता है तथा उनका मनोबल बढ़ाने के उददेशय से उन्हें प्रशिस्त पत्र तथा नगद राशि देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसी कड़ी में जनवरी 2023 माह में उपरोक्त तीनों कर्मियों का चयन किया गया। सोमवार को को समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने उपरोक्त कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को बधाई दी तथा हौसला अफजाई करते हुए कहा कि उनके द्वारा किया गया उत्कृष्ट कार्य अन्य कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर एडीआरएम-। जेके सिंह, एडीआरएम-। । मनीष शर्मा के साथ-साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

विद्यालय पत्रिका नवसृजन के वसंतोत्सव अंक का हुआ विमोचन

सरायरंजन प्रखंड के गंगापुर मध्य विद्यालय में सोमवार को विद्यालय पत्रिका नवसृजन के वसंतोत्सव अंक का समारोहपूर्वक विमोचन हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश ठाकुर ने कहा कि ऐसी पत्रिकाओं से बच्चों में लेखन के प्रति जागरूकता पैदा होती है। वहीं बच्चों में नैतिक शिक्षा एवं देश प्रेम की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी सह विदुषी लेखिका सरोजिनी नायडू की जयंती भी मनाई गई। इसमें महान विदुषी के साहित्यिक रुझान से प्रेरणा लेकर इस माह के बैगलेस सेटरडे के थीम मैं साहित्यकार हूं के तहत अपने अंदर की सृजनशीलता को विकसित करने का आह्वान किया गया। मौके पर शिक्षक राजकुमार, कुमार गौरव, संजीत कुमार, राजीव रंजन के अलावा बाल संसद की खेल एवं संस्कृति मंत्री छोटी सुमन, काजल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रिया कुमारी, मनीषा कुमारी आदि मौजूद रहे।

शराब सर्च अभियान में शराब के नशे में एक गिरफ्तार

शिवाजीनगर, संवाददाता

हथौड़ी थाना क्षेत्र में बिहार में शराबबंदी है उसे सफल बनाने के लिए लगातार पुलिस के द्वारा कार्रवाई किया जा रहा है। समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के निर्देश पर शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र में थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह के नेतृत्व में शराब सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान बल्लीपुर, रहटौली, मधूरापुर, समेत विभिन्न जगहों पर शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी किया गया। पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। वहीं शराब सर्च अभियान के दौरान बलीपुर गांव में नशे की हालत में प्रदीप मांझी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने पर मामला दर्ज करते हुए आज सोमवार के दिन भेजा जेल छापेमारी दल में थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, एसआई रमेश कुमार, चौकीदार रामजतन, अमृतम प्रसाद, मोहम्मद हाशिम, शशीरंजन समेत डीएपी के जवान मौजूद रहे।

दवा तस्करी मामले में सिविल सर्जन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने फार्मासिस्ट से मांगा स्पष्टीकरण

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर पीएचसी से दवा ले जाने के मामले में अलग-अलग पत्र देकर फार्मासिस्ट से जवाब तलब किया गया है। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार एसडीओ रोसड़ा एवं सीएस द्वारा की गई जांच के आलोक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट चंद्रशेखर सिंह से स्पष्टीकरण पूछा है।

पत्र में कहा गया है कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच हेतु जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जांच की गई थी। जांच के क्रम में औषधि भंडार पंजी एवं अन्य अभिलेखों की मांग की गई। जिसके अवलोकनार्थ प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे प्रतीत होता है की नियमित रूप से विभागीय नियमानुसार औषधि भंडार पंजी एवं अन्य अभिलेखों का संधारण नहीं किया जाता है। पत्र निर्गत की तिथि से 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया है।

वही सीएस ने समाचार पत्रों में छपे समाचार के आलोक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के पत्र के आलोक में भी वांछित प्रतिवेदन 2 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि जिला अधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा सके। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विभूतिपूर ने भी भंडारपाल सह फार्मासिस्ट के द्वारा दवा अस्पताल से बाहर ले जाने की सूचना पर संज्ञान लेते हुए 2 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि जांच के क्रम में भंडार पंजी फार्मासिस्ट द्वारा किया गया था वह भी अद्यतन नहीं था। जो फार्मासिस्ट के कर्तव्यहीनता एवं लापरवाही को दशार्ता है।

शिक्षाविद के निधन पर शोक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत बीआरएनकेएस महाविद्यालय कल्याणपुर के प्रांगण में महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सह रघुनंदन उच्च विद्यालय समर्था के शिक्षक सहमहान शिक्षाविद रामनाथ झा के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यदेव प्रसाद सिंह कर रहे थे। मौके पर प्रोफेसर अमरनाथ चौधरी, रंजू कुमारी, अमरकांत झा, चंद्रवीर, कामोद कुमार सिंह, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, संदीप कुमार, सत्य प्रकाश, बैजनाथ शर्मा, पवन कुमार समदर्शी आदि उपस्थित थे।

गायत्री शक्तिपीठ के 7वें स्थापना दिवस को समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय

सरायरंजन, समस्तीपुर

सरायरंजन प्रखंड के बथुआ बुजुर्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सोमवार को प्रखंड स्तरीय कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक में शक्तिपीठ के सातवें स्थापना दिवस को समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर शक्तिपीठ के व्यवस्थापक प्रमोद प्रसाद सिंह ने बताया कि 7वें स्थापना दिवस को लेकर आगामी 17 फरवरी को कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं संध्या में दीप यज्ञ एवं भजन-प्रवचन का आयोजन होगा। 17 फरवरी को हवन यज्ञ के अलावा उपनयन, नामाकरण, विद्यारंभ आदि संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता राम यतन ठाकुर ने की। मौके पर स्मित कुमार ईश्वर, संजय कुमार सिन्हा, अजय सिंह, संजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, अर्जुन गिरि, रेनू कुमारी, अश्वमेध देवी, ईशा कुमारी, अर्चना कुमारी, रूचि कुमारी, मौसम कुमारी आदि मौजूद रहे।

घर में हुई चोरी

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के झहुरी गांव में मनोज कुमार शर्मा के घर रविवार के दोपहर में चोरों ने घर के अंदर गोदरेज की चाभी ले कर गोदरेज खोल लिया व गोदरेज में रखें सभी जेवर पर हाथ साफ कर दिया। लगभग 18 लाख से अधिक चोरी होने की बताई गई है। साथ में बीस हजार नकद पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। मामले में पीड़ित मनोज कुमार शर्मा का बताना है, कि शादी के समय पत्नी को मिले जब राहत जिसमें चार गले का चेन, एक सेट हार व अंगूठी के साथ कान का टॉप जो एक बैग में रखा हुआ था। बैग को गोदरेज से लेकर फरार हो गया। जिस बैग को ले गया उस बैग में बीस हजार नगद भी रखा हुआ था। मामले में पीड़ित की पत्नी का बताना है, कि दिन के दो बजे के आसपास वह एक मजदूर के साथ अपने घर की छत पर कुछ काम करवा रही थी। इसी दरमियां कोई घर के अंदर घुस गया। धर में चाभी लेकर पहले गोदरेज खोल कर लाखों रुपए मूल्य के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। मामले में सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस द्वारा दरभंगा से डॉग स्क्वायड को बुलाकर घटनास्थल का मुआयना कराया। वहीं पुलिस द्वारा जांच की प्रक्रिया प्रारंभिक होने की बात बताते हुए कार्रवाई जारी रहने की बात कही। इसी कड़ी में सोमवार को भी कल्याणपुर थाना अध्यक्ष गौतम कुमार के नेतृत्व में एसआई संजय कुमार व प्रिया कुमारी मौके का जायजा लेते हुए अनुसंधान की बात कही। हालांकि ग्रामीणों का बताना है, कि जिस जगह उसका मकान है। उस जगह पर कोई बाहरी व्यक्ति द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम नहीं दिया जा सकता है। पीड़ित के परिवार के लोगों का भी बताना है, कि यह घटना किसी जान पहचान वाले के द्वारा ही दिया गया होगा। इस बाबत थानाध्यक्ष गौतम कुमार का बताना है, कि पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस अनुदान अनुसंधान में जुटी हुई है।

अनियंत्रित पिकअप ने तीन झोपड़ियों को रौंदकर किया क्षतिग्रस्त

कल्याणपुर, समस्तीपुर। पिकअप बैंन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने तीन झोपड़ियों को रोद दिया। जिसमें घर के अंदर रखें सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गृह स्वामियों में सुरेंद्र राय, रामजतन सहनी, व महेश दास का शामिल है। थानाध्यक्ष का बताना है कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कहा है।

शासन-प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रही है: नेता प्रतिपक्ष

- बिहार में बढ़ रहे अपराधिक घटनाओं पर जमकर बरसे, का शासन नाम की कोई चीज नहीं है बिहार में
- प्रेस वार्ता करते नेता प्रतिपक्ष, पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शासन-प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रही है, अपराधी बेलगाम हैं, शराब कांड से जुड़े लोग हैं अपराध को अंजाम दे रहे हैं, यह सरकार की विफलता है और सोची-समझी साजिश के तहत अपराध को बढ़ावा बढ़ावा दिया जा रहा है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने सोमवार को माझी के मुबारकपुर जाने के क्रम में परिसदन में पत्रकारों से बात करते हुए कही। मीडिया को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सारण के सिवान और गोपालगंज में लगातार अपराध में बढ़ोतरी हो रही है, शासन-प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रही है। बिहार में सुशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई हैऔर फिर से 90 का दशक में बिहार लौटने लगा है, इसके लिए भारतीय जनता पार्टी चुप नहीं रहेगी बल्कि बिहार को अपराध से मुक्त कराने के लिए सड़क से सदन तक लड़ेगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सारण ऐतिहासिक धरती रहा है, सारण की धरती से देश को एक नई दिशा मिली है। इसी धरती से एक जन आंदोलन का शुभारंभ होगा। नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि हत्या- लूट और अपहरण पहले से था। लेकिन अब बिहार में महामारी के रूप में अपराधिक घटनाएं हो रही है। उन्होंने बिहार में शराबबंदी की घटना पर जमकर सरकार पर बरसा और कहा कि सारण में जहरीली शराब से मरने वालों को आज तक मुआवजा नहीं दिया गया और ना ही उच्च स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। इससे प्रतीत हो रहा है कि सरकार की मंशा ठीक नहीं है।और करवाई करने वाले एसपी को स्थानांतरण कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्ट अफसरों को प्रशय दे रही है। प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ सिन्हा ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में विरोध करने का सबको अधिकार है। लेकिन जो लोग सत्ता के लिए जातीय उन्माद फैला रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी बल्कि जनता के पास जाएगी। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भाजपा ने जंगलराज से मुक्त कराया था और इसमें बिहार के हर समुदाय के लोगों ने साथ दिया था। उन्होंने नीतीश कुमार पर जमकर बरसते हुए कहा कि फिर उसी के साथ सरकार बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसे जनता ने रिजेक्ट किया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचेतक जनक सिंह,अमनौर के विधायक मंटू सिंह, पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह एवं ज्ञानचंद मांझी, पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव, जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा, राकेश कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता विवेक कुमार सिंह, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल का 7वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया

विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल नरहन का सातवां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता राजन कुमार एवं मंच संचालन रोहन कुमार एवं संगीता शर्मा कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख रूपांजलि कुमारी, राज भूषण चौधरी, जिला परिषद सदस्य अमन पराशर, रीना राय, जितेंद्र राम, अर्जुन कुमार, विजय कुमार चौधरी सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। आगत अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजन कुमार एवं उपप्रधानाध्यापक गोपाल कुमार चादर, पाग, माला आदि भेंट कर किया। वह कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत अलग-अलग कई मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यालय के छात्र छात्रा संगीता शर्मा, रुचिका शर्मा, साक्षी कुमारी, आकांक्षा सुमन, अभिषेक कुमार, जयंत कुमार, अविनाश कुमार, राहुल कुमार, जूही वर्मा, प्रिंसी कुमारी, अंकिता कुमारी, अंजलि, मुस्कान सहित कई बच्चों ने अलग-अलग प्रदर्शन किए। मौके पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता को लोको शाखा ईसीआरकेयू समस्तीपुर के शाखा सचिव ने स्मार पत्र सौंपा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लोको शाखा ईसीआर के यू समस्तीपुर के शाखा सचिव राज कुमार ने मण्डल मंत्री केके मिश्रा के नेतृत्व में हाजीपुर प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता रंजन श्रीवास्तव को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही लोको शाखा पदाधिकारी द्वारा लोको शेड अनुरक्षण कर्मचारियों के समस्याओं के निदान हेतु सौहार्द पूर्ण वातावरण में स्मार पत्र सौंपा। जिसमें मुख्य मांगे लोको शेड को पूर्णतः विद्युत लोको शेड करने का रहा। यूनियन ने प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता का ध्यान लोको शेड अनुरक्षण कर्मचारियों के सामने भविष्य में आने वाले चुनौतियों से सामना करने के लिए संसाधन से आकृष्ट कराया। जिसके लिए अत्याधुनिक औजार, उपकरण, परिक्षण बेंच इत्यादि मुहैया कराना भी हैं। जिससे लोको शेड समस्तीपुर के साथ-साथ रेल एवं देश हित में श्रेयसकर होगा। इसके अतिरिक्त यहाँ के कर्मचारियों के पदोन्नति, शेफ्टि शूज इत्यादि समस्या पर भी उनका ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने यूनियन को आश्वस्त करवाया कि यथाशीघ्र आपके द्वारा कि गयी मांग को पूरा कराया जायेगा। मौके पर लोको शाखा सचिव के साथ-साथ सहायक सचिव सुशील कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, उपाध्यक्ष सतीश कुमार चौधरी, विजय कुमार राय, राजेश लाल, सत्येंद्र सिंह, रंजन कुमार, पप्पू कुमार राय, विप्लव कुमार चौबे, नन्द किशोर, विक्रम चौधरी, कुंदन कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में विजेता टीम को युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रशांत पाठक ने की ट्राफी प्रदान

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत बनघारा प्लस 2 उच्च विद्यालय बनघारा के मैदान में आजाद क्रिकेट कप टूनार्मेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। यह मैच दलसिंहसराय एवं रसूलपुर की टीम के बीच खेला गया, जिसमें दलसिंहसराय की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 253 रन बनाएं, जिसके जवाब में 254 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रसूलपुर की टीम ने 20 ओवरों में 252 रन पर आल आउट हो गयी। विजेता टीम को युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रशांत पाठक ने ट्राफी दिया। इस अवसर पर शम्स आलम, अकबर अली, रौशन कुमार, अफजल इमाम, दीपक कुमार सिंह आदि ने संचालन में प्रमुख भूमिका निभाई।

अखंड अष्टयाम का आयोजन से गांव भक्तिमय

परसा। स्थानीय प्रखंण्ड के चांदपुरा पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में आगामी 24 घण्टे के लिए अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया।जिसको लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई।यज्ञ स्थल से गाजे बाजे डीजे बैंड बाजे घोड़ा तथा झांकी के साथ निकाली गई कलशयात्रा चांदपुरा गाँव से होकर शिव मंदिर परिसर पहुँची।

बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा में पंच-सरपंच संघ द्वारा 11 सूत्री मांगों से सम्बंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को समर्पित करने का निर्णय लिया गया...

पंच-सरपंच संघ की बैठक में मुख्यमंत्री को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपने का निर्णय

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड मुख्यालय के जितवारपुर पंचायत समिति भवन में सोमवार को जिला पंच-सरपंच संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता पंच-सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय ने की। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा में पंच-सरपंच संघ द्वारा 11 सूत्री मांगों से सम्बंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को समर्पित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए पंच-सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय ने कहा कि एक ओर जहां सांसद और विधायक को वेतन, भत्ता, पेंशन, सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है, वहीं पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों में कटौती की जा रही है। ग्राम कचहरी के सरपंच को न्याय कर फैसला सुनाने का अधिकार नहीं दिया गया और न ही सुरक्षा प्रदान की गई। सरकार से ग्राम कचहरी के सरपंच को मजिस्ट्रेट का अधिकार देने, ग्राम कचहरी में चौकीदार, ग्राम रक्षा दल, भंडारपाल, रात्रि प्रहरी, आदेशपाल, भू-मापक, कंप्यूटर आपरेटर की नियुक्ति करने, सरपंच, उपसरपंच व पंच को वेतन भत्ता, सुरक्षा, स्वास्थ्य, बीमा का लाभ देने, ग्राम कचहरी में रिक्त न्याय सचिव व न्याय मित्र की नियुक्ति करने, ग्राम कचहरी संचालन नियमावली 2007 का शत-प्रतिशत अनुपालन, धारा 90 से 122 का अनुपालन, पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप बंद कराने और न्यायालय के पूर्ण सहयोग सुनिश्चित कराने समेत 11 सूत्री मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की। कहा कि जब तक पंचायती राज व्यवस्था सुदृढ़ नहीं और पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक सशक्त समाज व विकास का सपना अधूरा है। मौके पर सरपंच संघ के जिला उपाध्यक्ष शिव सागर महतो, सरपंच विभा राय, गुड़िया देवी, गीता देवी, अरविन्द कुमार, रामबाबू ठाकुर, बौआजी झा, रवि कुमार, संजीव कुमार साह, नंदन पासवान, शम्भू चौधरी, अनिता देवी, सुधीर कुमार, अमरनाथ सहनी, रामवरण सहनी, भीला देवी, द्रोपति देवी आदि मौजूद थे।



लीड रोल प्ले करती नजर आएंगी नोरा फतेही, मिला बड़े स्टार्स के साथ काम करने का मौका !

बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही अभी तक म्यूजिक वीडियोज या फिर हिंदी फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार करती ही नजर आई हैं लेकिन अब वह अपने फैंस को कुछ बहुत ही खास सरप्राइज देंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक नोरा फतेही ने बताया है कि वह जल्द ही फिल्मों में लीड रोल प्ले करती नजर आएंगी।

नोरा फतेही को मिल हैं लीड रोल

रिपोर्ट के मुताबिक नोरा फतेही ने कहा, वर्क फ्रंट पर बहुत सारी चीजें चल रही हैं, इस साल मैं अपनी मौजूदगी को लेकर जमकर कोशिश करना चाहती हूं। मैं खुद को मिले मौकों और लोगों के सपोर्ट की बहुत शुक्रगुजार हूं और हर पल में अपना बेस्ट देने की पूरी कोशिश कर रही हूं। मालूम हो कि फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में नोरा ने स्पेशल परफॉर्मेंस दी थी।

कॉमर्शियल फिल्मों में दिखेंगी नोरा

नोरा फतेही ने कहा, इस साल जो प्रोजेक्ट्स लाइन अप हैं उनका मुझे बेसब्री से इंतजार है। लोग इस बार मुझे कॉमर्शियल फिल्मों में लीड रोल प्ले करते देखेंगे और मुझसे इसके लिए इंतजार नहीं हो रहा है। यह वो साल है जिसमें मुझे उन लोगों के साथ काम करने का मौका मिला है जिनके साथ मैं हमेशा से काम करना चाहती थी, वैसे प्रोजेक्ट्स पर जिनमें काफी स्कोप है।

इन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं नोरा

नोरा फतेही ने बताया कि मैं अपनी क्षमताओं और अपनी आर्ट एंड क्राफ्ट पर भी जमकर मेहनत कर रही हूं। यह ऐसा साल है जिसमें मुझे ढेर सारी मल्टीटास्किंग करनी है। मुझे उम्मीद है कि यह साल मेरी मेहनत को वसूल करके देगा। बता दें कि नोरा फतेही अभी तक अपनी डांसिंग स्किल्स के लिए ही जानी जाती हैं।

किसी समुदाय के खिलाफ नहीं थी द कश्मीर फाइल्स

साल 2022 में हिंदी बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स के डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री शनिवार 11 फरवरी को सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम में हुए टाइम्स लिटरेचर फेस्टिवल में पहुंचे। यहां विवेक ने अपनी बहुचर्चित फिल्म द कश्मीर फाइल्स पर रखे गए एक सेशन में हिस्सा लिया और फिल्मों की दुनिया के बारे में बातचीत की।

शुरुआत में चुनिंदा सिनेमाघरों पर रिलीज हुई फिल्म द कश्मीर फाइल्स काफी विवादों में रही। तमाम लोगों ने इसे एक समुदाय के खिलाफ बताया था। इसी पर डायरेक्टर ने खुलकर अपनी बात रखी। विवेक अग्निहोत्री ने द कश्मीर फाइल्स के बारे में कहा कि अगर आप फिल्म देखेंगे, तो आपको पता लगेगा कि मेरी फिल्म किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं थी, बल्कि इस फिल्म में मैंने उस दौरान की सरकारों और एजेंसियों के खिलाफ सवाल उठाए हैं। कैसे उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को सही तरीके से नहीं निभाया। विवेक अग्निहोत्री ने यह भी बताया कि उन्हें यह फिल्म बनाने का आइडिया कहां से मिला। उनके मुताबिक, जब वह कश्मीरी पंडितों के एक ग्रुप से मिले और उन्होंने अपने ऊपर हुए अत्याचारों के बारे में एक डॉक्युमेंटरी बनाने के लिए कहा, तो डायरेक्टर ने इस विषय पर काफी रिसर्च की और फिर फिल्म बनाई। जिसे दर्शकों की भारी संख्या में सिनेमाघरों में जाकर इसे देखा और सराहा।

द वैक्सीन वॉर पर बोले विवेक अग्निहोत्री

विवेक अग्निहोत्री की अगली फिल्म द वैक्सीन वॉर इस साल 15 अगस्त के आसपास रिलीज होगी। अपनी इस फिल्म के बारे में विवेक ने बताया कि हमारे बीच ऐसी बहुत सी चीजें घटती हैं, जिनके बारे में लोगों को बताया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पाता। मेरी फिल्म द वैक्सीन वॉर भी एक ऐसी ही महत्वपूर्ण कहानी कहती है। बहुत कम लोगों को पता होगा कि भारत में विकसित कोवैक्सीन महिलाओं की एक टीम ने बनाई है। हम लोगों को नहीं पता कि हमने कितनी बड़ी लड़ाई लड़कर यह वैक्सीन बनाई।

विवेक अग्नहोत्री बनाएंगे सच्ची घटनाओं पर फिल्में

लोगों से खचाखच भरे हॉल में विवेक से जब उनकी फिल्मों के एजेंडा आधारित होने के इल्जाम पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि क्या आप जानते हैं कि अमेरिका हॉलिवुड फिल्मों के सहारे कितनी बड़ी लड़ाई लड़ रहा है। साउथ कोरिया ने फिल्मों की जरिए अपनी पूरी इकॉनमी ही बदल दी है। मुझे बेहद खुशी है कि अब हमारे यहां भी दर्शक इस तरह की फिल्मों को पसंद करने लगे हैं, जो कि सत्य घटनाओं पर आधारित हैं। मैं आगे भी दर्शकों को इस तरह की कहानियां दिखाता रहूंगा।

शिखा तलसानिया के साथ पोटलक 2 में नजर आएंगे वरुण सूद

बॉलीवुड फिल्म जुग-जुग जियो से एक्टिंग की शुरूआत करने वाले वरुण सूद कॉमेडी ड्रामा वेब सीरीज पोटलक के दूसरे पार्ट में नजर आएंगे। कलाकारों में शामिल होने पर वरुण ने कहा- भले ही शूटिंग लंबी अवधि के लिए नहीं थी, लेकिन यादें शानदार थी। सेट पर हमेशा मस्ती भरा माहौल बना रहता था, जहां हर कोई कुछ न कुछ शरारत करता था। इस सीजन में मेरा किरदार दर्शकों को हैरान कर देगा, लेकिन इसके लिए इंतजार करना होगा और खुद को खोजना होगा, मैं गारंटी दे सकता हूं कि आप इस वेब सीरीज को देख खुद को एक मस्ती की नाव में सवारी करते हुए महसूस करेंगे। एक मॉडर्न इंडियन फैमिली की गतिशीलता का अनुसरण करते हुए, यह शो पुरानी पीढ़ी की अपेक्षाओं और युवाओं की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को जोड़ता है। ट्रिपलकॉम मीडिया, लूज कैनन्स कंटेंट स्टूडियो और वायल कंटेंट प्रस्तुति, पोटलक कुणाल दास गुप्ता, पवनीत गखल, गौरव लुल्ला, विवेक गुप्ता द्वारा निर्मित है और अश्विन लक्ष्मी नारायण और गौरव लुल्ला द्वारा लिखित है।

लियो शूटिंग स्पॉट से थलापति विजय का वीडियो लीक

वारिसु की अपार सफलता के बाद सिने अभिनेता थलापति विजय अपनी अगली पेशकश लियो की शूटिंग में इन दिनों कश्मीर में कर रहे हैं। पिछले दिनों थलापति विजय ने कश्मीर में अलाव का आनन्द लेते हुए एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की थी, जिसमें रात के समय लियो की पूरी टीम जलती हुई आग का आनन्द उठा रही है। अभी इसकी चर्चा समाप्त भी नहीं हुई थी कि अब लियो का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। थलापति विजय और लियो की पूरी टीम फिलहाल कश्मीर में अपनी फिल्म की शूटिंग कर रही है। हाल ही में, लियो की शूटिंग से विजय का एक वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है। यह वीडियो सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया और इसने लोगों को विजय के लीक होने से हैरान कर दिया। कोडाइकनाल शेड्यूल को पूरा करने के बाद, निर्माता एक शेड्यूल के लिए कश्मीर गए, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह 15 दिनों तक चलेगा। एक्शन एंटरटेनर लियो लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित है। थलापति विजय, तृषा कृष्णन और लियो की पूरी टीम एक कार्यक्रम के लिए कश्मीर के लिए रवाना हुई। हाल ही में, लोकेश ने शूटिंग के बाद अलाव का आनंद लेते हुए टीम की एक तस्वीर साझा की। हाल ही में फिल्म की शूटिंग स्पॉट से एक वीडियो वायरल हुआ था। लीक हुए वीडियो में विजय को सफेद शर्ट में ट्रैफिक जाम के बीच टहलते हुए देखा जा सकता है। जल्द ही, लीक हुए वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कर दिया गया। विजय के कुछ फैन क्लब ने सभी से अनुरोध किया कि वे शूटिंग स्पॉट क्लिप साझा न करें। लियो लोकेश कनगराज द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन एंटरटेनर है। फिल्म में थलापति विजय और तृषा मुख्य भूमिकाओं में हैं। लियो में संजय दत्त, अर्जुन सरजा, प्रिया आनंद, गौतम मेनन, मैथ्यू थॉमस, मैसस्किन, सैंडी और मंसूर अली खान सहित अन्य कलाकारों की टुकड़ी है। फिल्म का निर्माण ललित कुमार के सेवन स्क्रीन स्टूडियो द्वारा बड़े बजट में किया गया है। अनिरुच रविचंदर एक्शन एंटरटेनर के लिए संगीत तैयार करेंगे।

जवान की शूटिंग के लिए चेन्नई पहुंचे शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान की फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसी बीच किंग खान अपनी अपकमिंग फिल्म जवान की शूटिंग करने चेन्नई पहुंच गए हैं। जहां वह एक्ट्रेस नयनतारा से मिलने उनके घर भी पहुंचे, जिसका एक वीडियो सामने आया है।

एक साथ दिखे नयनतारा-शाहरुख

इस वीडियो में शाहरुख नयनतारा के घर के बाहर दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान वह ब्लैक आउटफिट में नजर आए। वीडियो में उनके साथ नयनतारा भी दिखाई दे रही हैं। शाहरुख गाड़ी का दरवाजा खोलते हैं और नयनतारा से मिलते हैं। इसके बाद शाहरुख ने जाते-जाते नयनतारा को किस भी किया। एक्ट्रेस के घर के बाहर शाहरुख को देख फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं।

जवान की शूटिंग हुई शुरू

एटली द्वारा निर्देशित फिल्म जवान में नयनतारा और शाहरुख खान एक साथ नजर आएंगे। फिल्म में इनके अलावा साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति, दीपिका पादुकोण और सान्या मल्होत्रा भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म की बात करें तो जवान 2 जून 2023 को रिलीज होगी।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी के सपोर्ट में दिखीं कंगना, बोलीं- मेरा दिल टूट गया

नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी वाइफ आलिया के बीच लड़ाई काफी आगे निकल गई है। आलिया ने नवाज का चुपके से एक वीडियो बना लिया था। अब इस मामले में कंगना रनोट का रिएक्शन आया है। उन्होंने कहा है कि नवाज की ये स्थिति देखकर उन्हें रोना आ रहा है। कंगना का कहना है कि नवाज को उनके घर के बाहर बेइज्जत किया जा रहा है, ये देख कर उनका दिल टूट गया है। उन्होंने आलिया पर तंज कसते हुए कहा है कि जब दोनों अलग हो चुके हैं तो किस अधिकार से आलिया उनके बंगले पर हक जमा रही हैं।

नवाज ने बहुत स्ट्रगल किया, आज उन्हें बेइज्जत होना पड़ रहा

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया सिद्दीकी ने 10 फरवरी को एक वीडियो वायरल किया था जिसमें नवाज उनके घर के गेट के बाहर दिखाई दे रहे हैं, उस वीडियो में आलिया काफी गुस्से में बोलती सुनाई दे रही हैं। इसी पर कंगना ने रिएक्ट करते हुए कहा, नवाज साहब रिक्शे पर फिल्म की शूटिंग करने आते थे। वो कई साल किराए के मकान में रहें। उन्होंने इतना संघर्ष किया, अभी पिछले साल ही उन्होंने नया बंगला लिया। आज उन्हें अपने बंगले के बाहर खड़े होकर बेइज्जत होना पड़ रहा है।

नवाज ने बंगला खरीदकर आलिया को दिया

कंगना रनोट ने आगे लिखते हुए कहा, नवाज साहब की एक्स वाइफ दुबई में अपने बच्चों के साथ रहती थी। नवाज ने उनके लिए मुंबई में एक घर भी खरीदा था, हालांकि वो घर उन्होंने अपनी मां के लिए लिया था लेकिन बाद में उन्होंने उस घर को आलिया को दे दिया। मुझे याद है कि वो उस घर को लेकर काफी ज्यादा खुश थे, और मुझसे कुछ डिजाइनिंग टिप्स भी लिया था। उन्होंने हमारे लिए हाउस पार्टी भी रखी थी। नवाज ने अपनी जिंदगी में जो कुछ भी कमाया वो सब उन्होंने अपने भाइयों को दे दिया।

नवाज की स्थिति देख रोना आ रहा

कंगना ने आलिया पर निशाना साधते हुए लिखा, मैं आलिया से कभी नहीं मिली लेकिन मुझे ये देख के काफी ताज्जुब हो रहा है कि वो यहां अचानक आ गई। मैंने देखा कि नवाज रोड पर खड़े हैं और इतने बड़े स्टार की बीवी होने के बावजूद वो उनका वीडियो बना रही हैं। इसे बदमाशी कहते हैं, ये देख कर मुझे रोना आ रहा है। एक्टर्स काफी ज्यादा मेहनत करते हैं, पैसे कमाना आसान नहीं है। उन्होंने ये सोच कैसे लिया कि वो ऐसे घर पर कब्जा कर लेंगी और उन्हें कैद कर लेंगी।

द लास्ट कॉफी में नजर आएगी अंकिता लोखंडे

पॉपुलर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और एक्टर शोएब निकेश शाह फिल्ममेकर और प्रोड्यूसर राहत काजमी की फीचर फिल्म द लास्ट कॉफी में नजर आएंगे। राहत काजमी को मंटोस्तान और लिहाफ के लिए जाना जाता है। फिल्ममेकर राहत काजमी द लास्ट कॉफी फिल्म के प्रोड्यूसर भी हैं।

शोएब निकेश शाह आखिरी बार लिहाफ में नजर आए थे और अब हिना खान के साथ कंट्री ऑफ ब्लाइंड्स में नजर आएंगे। द लास्ट कॉफी के बारे में राहत काजमी ने कहा, फिल्म की कहानी दो लोगों के बारे में है, जिनकी जिंदगी प्यार और गलतफहमी के इर्द-गिर्द घूमती हैं, और जो चीज इसे और खास बनाती है वह है फिल्म के कलाकार। मुझे लगता है कि अंकिता और शोएब स्क्रिप्ट के लिए एकदम सही मैच हैं और उन दोनों के साथ काम करना सोने पर सुहागा जैसा है। फिल्म का ट्रेलर कल सामने आएगा और हम निश्चित रूप से दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। फिल्म शोएब निकश शाह द्वारा निर्देशित है, जो अंकिता लोखंडे के साथ फिल्म में मुख्य अभिनेता भी हैं और जी 5 स्टूडियो द्वारा निर्देशित है। राज कुशवाहा ने राहत काजमी के साथ फिल्म का सह-निर्माण भी किया है। द लास्ट कॉफी के बाद, राहत काजमी के पास फिल्मों की लंबी लिस्ट है, जिनमें से 5 प्रोजेक्ट जी 5 स्टूडियो द्वारा संचालित हैं।

संक्षिप्त खबरें

एफटी की बिजनेस स्कूलों की रैंकिंग, आईएसबी देश में पहले नंबर पर

फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) ग्लोबल एमबीए-2023 रैंकिंग में भारतीय बिजनेस स्कूलों में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) शीर्ष पर रहा है। हालांकि, इस वैश्विक सूची में आईएसबी इस साल 32वें स्थान से फिसलकर 39वें स्थान पर आ गया है। वैश्विक रैंकिंग में अहमदाबाद, बेंगलुरु, कलकत्ता, इंदौर और लखनऊ के भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) को भी जगह मिली है। ह्यफाइनेंशियल टाइम्सह्न की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साल रैंकिंग में आईआईएम-अहमदाबाद की स्थिति सुधरी है और वह 2022 के 62वें से 51वें स्थान पर आ गया है। हालांकि, जब देश के बिजनेस स्कूलों (बी-स्कूल) की बात आती है, तो आईएसबी पहले स्थान पर कायम है। वैश्विक स्तर पर बिजनेस स्कूलों में आईएसबी शीर्ष 50 में शामिल एकमात्र भारतीय बिजनेस स्कूल है। एशिया में यह छठे स्थान पर है।

जी20 कृषि उपप्रमुखों की पहली बैठक इंदौर में शुरू

भारत की जी20 की अध्यक्षता में कृषि उपप्रमुखों की पहली बैठक सोमवार को यहां शुरू हुई। तीन दिन की इस बैठक में जलवायु स्मार्ट पहल और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज मोटे अनाज पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण मोटे अनाज और मूल्य वर्धित उत्पादों के अलावा पशुपालन और मत्स्यपालन से संबंधित स्टाल रहेंगे। तीन दिन के इस कार्यकम में जलवायु स्मार्ट पहल, छोटे किसानों के साथ कृषि विपणन सूचना तंत्र द्वारा जलवायु स्मार्ट प्रौद्योगिकी को अपनाना, गेहूं से संबंधित पहल, कृषि जोखिम प्रबंधन और खाद्यान्न की बबार्दी रोकने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दूसरे दिन बैठक में मौजूद रहेंगे।

जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन जनवरी में 15 प्रतिशत बढ़ा

जेएसडब्ल्यू स्टील का जनवरी माह का कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़कर 18.91 लाख टन पर पहुंच गया। जनवरी, 2022 में कंपनी का उत्पादन 16.46 लाख टन रहा था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि एकल आधार पर जनवरी, 2023 में उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़कर 18.91 लाख टन पर पहुंच गया। जनवरी, 2023 में कंपनी का क्षमता इस्तेमाल 99 प्रतिशत रहा, जो जनवरी, 2022 में 96 प्रतिशत था।

अडाणी की कंपनियों के शेयरों मे सुबह के कारोबार में गिरावट, अडाणी एंटरप्राइजेज चार प्रतिशत टूटा

अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को सुबह के कारोबार में भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने समूह की चार कंपनियों के परिदृश्य को ह्यस्थिरह्न से ह्यनकारात्मकह्न कर दिया है। इसका असर सुबह के कारोबार में समूह की कंपनियों पर दिखा। बीएसई पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर सुबह के कारोबार में 4.32 प्रतिशत के नुकसान से 1,767.60 रुपये पर आ गया। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन 2.56 प्रतिशत के नुकसान से 568.90 रुपये पर कारोबार कर रहा था। समूह की कई कंपनियों के शेयर अपने निचले सर्किट को छू गए। अडाणी पावर 156.10 रुपये पर, अडाणी ट्रांसमिशन 1,126.85 रुपये पर, अडाणी ग्रीन एनर्जी 687.75 रुपये पर और अडाणी टोटल गैस 1,195.35 रुपये पर आ गया। इन सभी शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर अंबुजा सीमेंट्स 3.34 प्रतिशत टूटकर 349 रुपये, अडाणी विल्मर 3.31 प्रतिशत टूटकर 421.65 रुपये, एनडीटीवी 2.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 203.95 रुपये पर आ गया।

"उत्तम" यूपी को मिले 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव : योगी

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर प्रदेश को निवेश के लिये सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य होने का भरोसा दिलाते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में प्रदेश को 33.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले है जिससे 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। तीन दिवसीय समिट के समापन समारोह को संबोधित करते हुये श्री योगी ने दस पार्टनर कंट्री समेत 40 देशों से आये प्रतिनिधियों, औद्योगिक घरानों के प्रमुखों प्रतिनिधियों, विदेशी राजनयिकों समेत समिति के सभी भागीदारों के प्रति आभार जताते हुए सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में आया और आने वाला निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा। उन्होने कहा कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस निवेश से 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फ एनसीआर में निवेश होता था। समिट में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए निवेश मिले हैं। कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल व बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है। 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मंत्री समूह व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर टीम भावना से सभी निवेश प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से धरातल पर उतारेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मूल मंत्र पर काम किया। पारदर्शी नीतियों और तकनीकी को अपनाकर निवेश के चार स्तम्भो पर काम किया। एमओयू से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और इंसेंटिव मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे पारदर्शी सिंगल विंडो

सिस्टम बनाए गए। इन सबके साथ हर निवेशक प्रदेश के कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर निवेश के लिए आकर्षित हुआ। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं प्रधानमंत्री की अनुकंपा से औद्योगिक निवेश को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि नए भारत के विकसित उत्तर प्रदेश और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश महाकुंभ को 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई ऊंचाई प्रदान की। विगत नौ वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इस बढ़े सम्मान का लाभ ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के भव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश को भी मिला है। वैश्विक समुदाय निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य उत्तर प्रदेश के प्रति आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राचीनकाल से ही आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है। विश्व की सबसे प्राचीन नगरी, काशी का बाबा विश्वनाथ धाम पूरी दुनिया को आकर्षित करता है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या हो या कान्हा मथुरा वृंदावन यूपी में है। गंगा, जमुना और सरस्वती की त्रिवेणी, कुंभ की धरती प्रयागराज भी यही है। भगवान बुद्ध की साधना स्थली, बाल्यकाल का क्षेत्र, प्रथम उपदेश की प्रथम भूमि और महापरिनिर्वाण स्थली भी यूपी के सौभाग्य में शामिल है। या विद्या की धरती है तो विशिष्ट पहचान रखने वाले परंपरागत उद्यम के आकर्षण की भी धरती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रत्येक जनपद के विशिष्ट उत्पाद, परंपरागत उद्यम को ओडीओपी से जोड़कर इन उद्यमों के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि है। दुनिया के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। सबसे बड़ी युवा शक्ति उत्तर प्रदेश में ही है। उन्होंने कहा कि 6 वर्ष पूर्व तक उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य जाना जाता था। अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से उत्तर प्रदेश के नागरिकों ने बीमारू राज्य के दंश को मिटाने का संकल्प लिया। 25 सेक्टर चिह्नित कर पारदर्शी नीतियां बनाई और आज उसका परिणाम है कि वैश्विक निवेशक समुदाय यहां निवेश करने को तत्पर है। सीएम योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मार्गदर्शन देने व सहभागी बनने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ ही केंद्रीय मंत्रीगण राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, श्रीमती स्मृति ईरानी, अश्वनी वैष्णव, राजीव चंद्रशेखर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सभी 10 साझीदार देशों, डेनमार्क, यूएई, यूके के मंत्रियों, नौ देशों के उच्चायुक्त, देश के सभी प्रमुख उद्योगपतियों, 40 देशों के डेलीगेट समेत सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह को प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्रीद्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, देश विदेश के निवेशक, उद्यमी आदि उपस्थित रहे।

जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 2.98 लाख इकाई पर

नई दिल्ली, एजेंसी

यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री इस साल जनवरी में 17 प्रतिशत बढ़कर 2,98,093 इकाई पर पहुंच गई। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। सियाम ने कहा कि माह के दौरान स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) सहित यूटिलिटी वाहनों की बढ़ती मांग से कुल यात्री वाहन बिक्री बढ़ी है। जनवरी, 2022 में वाहन कंपनियों ने डीलरों को 2,54,287 वाहनों की आपूर्ति की थी। वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सियाम ने कहा कि माह के दौरान यूटिलिटी वाहनों की बिक्री बढ़कर 1,49,328 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले समान महीने में यह आंकड़ा 1,16,962 इकाई का रहा था। इसी तरह यात्री कारों की बिक्री 1,16,962 इकाई से बढ़कर 1,36,931 इकाई हो गई। वैन की बिक्री 10,632 इकाई से बढ़कर 11,834 इकाई पर पहुंच गई। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि बेहतर उपभोक्ता धारणा से यात्री वाहनों की मांग बढ़ रही है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, ह्यह्यजनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। अप्रैल से जनवरी यानी 10 माह की अवधि में यात्री वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 30 लाख इकाई को पार कर गया है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी की अवधि में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 32 प्रतिशत बढ़कर 31,69,788 इकाई पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यात्री वाहनों की बिक्री 24,03,125 इकाई रही थी।

अगले वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 9-11 प्रतिशत बढ़ेगी : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2023-24 में सालाना आधार पर 9-11 प्रतिशत बढ़ सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर करीब छह प्रतिशत रहने के आधार यह अनुमान लगाया है। क्रिसिल का कहना है कि वाणिज्यिक वाहन बाजार को मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री से रफ्तार मिलेगी। इसके अलावा, अगले वित्त वर्ष के लिए केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च में वृद्धि से मांग को समर्थन मिलेगा। यह घरेलू वाणिज्यिक वाहन उद्योग के लिए वृद्धि का लगातार तीसरा साल होगा। क्रिसिल ने कहा कि कुल घरेलू वाणिज्यिक वाहन बिक्री में हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) खंड की वृद्धि आठ से

10 प्रतिशत रहेगी। वहीं मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 13 से 15 प्रतिशत बढ़ेगी। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, मजबूत मांग की संभावनाओं के मद्देनजर हम उम्मीद करते हैं कि एलसीवी बिक्री अगले वित्त वर्ष में 8-10 प्रतिशत बढ़ेगी और यह महामारी पूर्व (2018-19) को पार कर जाएगी। मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर जाएगी। इसमें 13 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2021-22 में घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री साल-दर-साल आधार पर 31 प्रतिशत बढ़ी थी। चालू वित्त वर्ष में बिक्री में वृद्धि 27 प्रतिशत के आसपास रहेगी।

शेयर बाजार ने की सपाट शुरूआत, सेंसेक्स 342 अंक लुढ़का

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार की सपाट शुरूआत हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 341.93 अंक यानी 0.56 फीसदी फिसलकर 60,340.77 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज का (निफ्टी) भी 117.35 अंक यानी 0.66 फीसदी की गिरावट के साथ 17,739.15 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। बाजार में शुरूआती कारोबार में बिकवाली हावी है। अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में 2 फीसदी की बढ़त और आईटी सेक्टर के शेयरों में कमजोरी दिख रही है। इंफोसिस के शेयरों में दो फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि मेटल सेक्टर के शेयरों में मजबूती दिख रही है। हालांकि, अडाणी एंटरप्राइजेस के शेयरों में हल्की मजबूती दिख रही है। टाटा स्टील, टाइटन, पावरग्रिड और एलएंडटी के शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 9 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। कारोबार के दौरान एमएंडएम, टाइटन, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर टॉप गेनर्स में शामिल हैं, जबकि एचयूएल, विप्रो, एचडीएफसी, एचसीएलटेक, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस टॉप लूजर्स में शामिल हैं। इसके अलावा ग्लोबल संकेतों की बात करें तो एशियाई बाजारों में बिकवाली है। एशियाई बाजार एक फीसदी तक गिरा है। अमेरिका, यूरोप समेत एशियाई बाजारों में प्रमुख इंडेक्स लाल निशान में नजर आ रहे हैं, जबकि अमेरिकी बाजारों से भी मिला-जुला संकेत है। उल्लेखनीय है कि हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बीएसई का सेंसेक्स 123.52 अंक लुढ़ककर 60,682.70 के स्तर पर और निफ्टी 36.95 अंक फिसलकर 17856.50 अंकों के लेवल पर बंद हुआ था।

मुंबई हवाईअड्डे पर यात्रियों की आवाजाही में रिकॉर्ड वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के दूसरे सबसे व्यस्त हवाई अड्डे, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (सीएसएमआईए) ने जनवरी 2023 में लगभग 45 लाख यात्रियों की आवाजाही दर्ज की है। सीएसएमआईए ने लगभग 1.2 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय और लगभग 3.2 मिलियन घरेलू यात्रियों की आवाजाही दर्ज किया। यात्री यातायात में वृद्धि इस संबंध में सीएसएमआईए के प्रयासों के साथ-साथ हवाईअड्डे द्वारा अपनाई गई सुरक्षा पहलों और प्रोटोकॉल में यात्रियों के भरोसे का प्रमाण है। सीएसएमआईए ने जनवरी 2023 में 27,331 उड़ानों में लगभग 4.5 मिलियन यात्रियों की मेजबानी की, जो

जनवरी 2022 की संख्या से 149 प्रतिशत अधिक है। कुल यात्री आवाजाही में से सीएसएमआईए ने 61 प्रतिशत घरेलू यात्री यातायात देखा और शेष 39 प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय यात्री थे। 882 उड़ानों में औसतन 140,641 यात्रियों के आगमन के साथ सीएसएमआईएको उम्मीद है कि यह सुसंगत रहेगा और विकास की गति को तेजी से हासिल करेगा। हवाई अड्डे के प्रवक्ता के अनुसार, यात्रियों में यह वृद्धि हवाई यात्रियों के बीच सकारात्मक भावनाओं और त्योहारी छुट्टियों के मौसम के कारण एक मजबूत उछाल से प्रेरित थी।

इसके अलावा सीएसएमआईए ने दिसंबर 2022 में हवाई अड्डे के माध्यम से लगभग 1,50,988 यात्रियों की एक दिन की रिकॉर्ड आवाजाही को संभाला।

